CMYK

तापमान
अधिकतम :27° C
न्यूनतम : 13° C

सेंसेक्स
73,828.91
22,397.20

सोना चांदी
90,430
1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 16 मार्च 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 223 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2081 15 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## 15वां रोज़ा

### रमज़ान के मगफिरत के अशरे का अहम रोज़ा



अल्लाह की अज़्मत का कुरआने-पाक में लगातार ज़िक्र है जिसमें अल्लाह को मेहरबानी करने वाला और बंदों के गुनाहों को माफ करके उन्हें बख्श देने वाला और मगफिरत से नवाज़ने वाला बताया गया है। कुरआने पाक में जिक्र है ऐ लोगों! तुम ही खुदा के मोहताज हो और अल्लाह तो बेनियाज और खुद तमाम खूबियों वाला है। यहां गौरतलब बात यह है कि अल्लाह की खूबियों में से एक खूबी उसके अहद यानी वादे की पाबंदी है। अल्लाह का वादा है कि वो अपने नेक बंदों को बख्श देगा। माहे रमज़ान में खासतौर पर अल्लाह अपना वादा पूरा करता है। अल्लाह चूंकि अपना वादा पूरा करता है, इसलिए इस खूबी की रोशनी में यह बात सामने आती है कि बंदा भी अपने अहद पर कायम रहे।

# कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को सिखाएं सबक: योगी



**कहा: कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं, उनके खिलाफ कानून सम्मत कड़ा एक्शन लें अफसर**

**गोरखपुर।** उप्र केमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है, तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। गोरखपुर में होलिकोत्सव मनाने के बाद योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं तथा उनके खिलाफ कानून सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए। लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

# अतिवृष्टि से मकान जमींदोज, चार घायल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बागेश्वर।** जनपद के सैलानी गांव में भारी बारिश ने एक परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ गिरा दिया। यहां एक आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे एक ही परिवार के आठ सदस्य, दो भैंस और सात बकरियां फंस गए। इस आपदा में चार लोग जख्मी हो गए हैं।

घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जिला नियंत्रण कक्ष बागेश्वर से सूचना प्राप्त होने पर एसडीआरएफ की टीम उप निरीक्षक संतोष परिहार के नेतृत्व में रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल पर रवाना हुई। गांव में लगातार हो रही अतिवृष्टि के कारण घर की दीवारें और छत गिर गईं, जिससे पूरा परिवार और उनके पशु फंस गए थे। हालांकि, एसडीआरएफ टीम के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही फायर सर्विस, जिला पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने सभी फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

**■ एक महिला समेत तीन बच्चे घायल, एसडीआरएफ ने दो भैंसों व सात बकरियों का भी सुरक्षित रेस्क्यू किया**

एसडीआरएफ टीम ने तुरंत क्षतिग्रस्त मकान से घरेलू सामानों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इस दौरान एक महिला और तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एसडीआरएफ टीम ने फायर सर्विस और जिला पुलिस की मदद से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से तुरंत अस्पताल भेजा। इसके अलावा, टीम ने दो भैंसों और सात बकरियों का भी सुरक्षित रेस्क्यू किया। जिन लोगों का रेस्क्यू किया गया उनमें परिवार के मुखिया केदार राम (65), हरमा देवी (60), राधा देवी (31), आरती (13), दीपांशु (9), निकिता (7), ऋषि (5), साक्षी (डेढ़ वर्ष) शामिल हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है।

# वोटर आईडी को आधार से लिंक करने की तैयारियां

## मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ने विचार-विमर्श को बुलाई बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मतदाता सूची में हेरफेर के आरोपों के बीच मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस मुद्दे पर मंगलवार को केंद्रीय गृह सचिव, विधायी सचिव और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ चर्चा करेंगे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाता फोटो पहचान-पत्र (ईपीआईसी) पर केंद्रीय गृह मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ अगले सप्ताह एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। हर ईपीआईसी के लिए अलग अंक रखने और ईपीआईसी को आधार कार्ड से जोड़ने के मुद्दे पर विचार-विमर्श हो सकता है। हाल ही में डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र के मुद्दे पर संसद में हो रहे विवाद को लेकर यह कदम उठाया जा रहा है। संसद के भीतर और बाहर जिस डुप्लीकेट वोटर कार्ड (ईपीआईसी) के नंबरों को लेकर जमकर बवाल हो रहा है। साथ ही राजनीतिक दल इसके जरिये चुनाव आयोग की वैधता पर ही सवाल उठे हैं।



**■ यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ चर्चा करेंगे सीईओ**

**■ हर ईपीआईसी के लिए अलग अंक रखने और ईपीआईसी को आधार कार्ड से जोड़ने के मुद्दे पर हो सकता है बैठक में विचार-विमर्श**

आयोग ने कहा था कि मतदाता सूची संबंधी सूचनाओं के डाटा बेस के लिए एकीकृत 'एरोनेट' प्रणाली का प्रयोग शुरू होने से पहले यह प्रक्रिया अलग-अलग स्तरों पर तथा हाथ से पूरी करने के कारण कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी के अंक एक जैसे हो सकते हैं। आयोग ने स्पष्टीकरण दिया था कि कुछ राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों के कार्यालयों ने ईपीआईसी के अंकों के आवंटन में एक जैसे अक्षरांकीय अनुक्रमों का उपयोग कर दिया। अलग-अलग क्षेत्रों में मतदाताओं के फोटो कार्ड पर अंक एक जैसे चढ़ गए होंगे।

## आयुष्मान योजना के लिए आयु सीमा घटाकर 60 वर्ष हो

**नई दिल्ली।** आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की उम्र सीमा 60 साल होनी चाहिए। साथ ही इलाज के लिए मिलने वाली 5 लाख रुपये की राशि को भी बढ़ाकर दोगुना यानी 10 लाख रुपये करना चाहिए।

अभी 70 साल के बुजुर्गों को ही इसका फायदा मिल रहा है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव की अध्यक्षता वाली समिति ने केंद्र सरकार से यह सिफारिश की है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस स्वास्थ्य योजना का फायदा मिल सके। केंद्र सरकार ने पिछले साल 11 सितम्बर को हाल ही में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी एंड पीएमजेएवाई) का विस्तार करके एबी एंड पीएमजेएवाई वय वंदना योजना के तहत 4.5

**■ मदद भी 10 लाख करने का प्रस्ताव, सांसद राम गोपाल यादव की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने सिफारिश की**

करोड़ परिवारों के 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को कवर किया है। आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी बीमा योजना है, जो देश के सबसे गरीब 40 प्रतिशत लोगों को हर साल 5 लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज की सुविधा देती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के तहत केंद्र सरकार ने यह योजना साल 2017 में शुरू की थी।

# कर्नाटक में मुस्लिम ठेकेदारों को मिलेगा चार प्रतिशत आरक्षण

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक मंत्रिमंडल** ने शुक्रवार को अपनी बैठक में कर्नाटक सार्वजनिक खरीद पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दी, जिसमें मुस्लिम ठेकेदारों के लिए चार प्रतिशत निविदाएं आरक्षित की गईं।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य बजट प्रस्तुत करते हुए, विशेष रूप से मुस्लिम ठेकेदारों के लिए, नई शुरू की गई श्रेणी-2 बी के अंतर्गत इस आरक्षण की घोषणा की। इस निर्णय से राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो गया है, विपक्षी दलों ने कांग्रेस सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने इस कदम की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे समाज धार्मिक आधार पर विभाजित हो सकता है और इसकी संवैधानिकता पर सवाल उठ रहे हैं। यह घटनाक्रम पिछली सरकार के रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। मार्च 2023 में, भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने श्रेणी-2 बी के अंतर्गत मुसलमानों के लिए



**■ सिद्धारमैया सरकार ने कैबिनेट बैठक में दी मंजूरी**

चार प्रतिशत ओबीसी कोटा को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी में स्थानांतरित कर दिया था, जिससे मुस्लिम ठेकेदारों के लिए आरक्षण लाभ प्रभावी रूप से समाप्त हो गया था। नव अनुमोदित संशोधन को चालू विधान सत्र में पेश किये जाने की उम्मीद है, सरकार का लक्ष्य आरक्षण नीति को शीघ्र लागू करना है।

# आरोप: रान्या को कस्टडी में भूखा रखा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तार कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों पर मारपीट करने और भूखा रखने का आरोप लगाया है।

रान्या ने डीआरआई के अतिरिक्त महानिदेशक को लेटर लिखकर खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उसे झूठे मामले में फंसाया गया है। रान्या ने लिखा कि डीआरआई अफसर मुझ पर खाली पेजों पर दस्तखत करने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर मुझे 10-15 बार थप्पड़ भी मारे गए। मुझ पर बहुत दबाव बनाया गया, इसके बाद 50-60 टाइप किए गए पेज और 40 खाली पेजों पर साइन कराया गया। रान्या को 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दुबई से लौटते वक्त 14 किलो सोने के साथ डीआरआई ने गिरफ्तार किया गया था। रान्या 14 दिन की न्यायिक हिरासत में है। रान्या ने दावा किया है कि उसे इस मामले में फंसाया गया है।

**■ गोल्ड स्मगलिंग मामले में रान्या का सनसनीखेज खुलासा, कहा: 10-15 थप्पड़ मारे और की अभद्रता**






## अमृतसर में 'ठाकुर द्वारा मंदिर' के बाहर विस्फोट, जांच जारी

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के खंडवाला इलाके में शुक्रवार की देर रात को 'ठाकुर द्वारा मंदिर' पर दो अज्ञात बाइक सवार लोगों द्वारा विस्फोट करने से इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि पुलिस को मंदिर के पुजारी ने रात करीब दो बजे घटना की जानकारी दी। वह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मंदिर की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं और खिड़कियों के शीशे टूट गए। घटना की सीसीटीवी फुटेज में दो अज्ञात व्यक्ति बाइक पर 'ठाकुर द्वार मंदिर' की ओर आते दिखाई दे रहे हैं।

# होली-जुमा पर चार राज्यों में हिंसा

**नई दिल्ली।** होली और जुमा पर शुक्रवार को 4 राज्यों में हिंसक घटनाएं हुईं। बिहार के मुंगेर में ग्रामीणों के हमले में एक एएसआई की मौत हो गई। पटना में दो गुटों में होलिका दहन का विवाद होली के दिन पथराव तक पहुंच गया।

पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। यहां फायरिंग की भी खबर है। झारखंड के गिरिडीह में होली के दिन दो गुटों में पथराव के बाद उपद्रवियों ने दुकानों और बाइक में आग लगा दी। विवाद किस बात को

**■ एएसआई की मौत**

लेकर था, यह साफ नहीं हो पाया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। पंजाब के लुधियाना में दो समुदायों के बीच ईंट-पत्थर और बोतलें चलीं। झड़प में 11 लोग घायल हुए हैं। विशेष समुदाय के लोगों का कहना है कि नमाज अदा करते वक्त पथराव किया गया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि पहले मस्जिद की तरफ ईंट फेंकी गई। कई वाहनों में भी तोड़फोड़ हुई है। पश्चिम बंगाल में भी हिंसा हुई है।

# लाहौल-स्पीति में ग्लेशियर गिरा

**नई दिल्ली।** होली पर्व के बाद अब देशभर में गर्मी बढ़ने लगी है। छत्तीसगढ़ में मार्च के दूसरे हफ्ते में ही तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है। राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में हीट वेव जैसे हालात हैं। मौसम विभाग ने अगले हफ्ते से छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, झारखंड और आंध्र प्रदेश में तेज गर्मी का अलर्ट जारी किया है।

इन राज्यों में लू भी चलने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में एक बार फिर बर्फबारी शुरू हो गई है। खोखसर मार्ग पर ग्लेशियर गिरने से सड़क बंद हो गई है। सेना और बीआरओ मिलकर सड़क को खोलने का काम

**■ छत्तीसगढ़ में पारा 40 डिग्री के पार, जम्मू-कश्मीर में बारिश-बर्फबारी**

कर रहे हैं। लेकिन लगातार हो रही बर्फबारी से काम में बाधा आ रही है। उत्तर प्रदेश के 31 शहरों में तेज हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है। शुक्रवार को बिजनौर, मुजफ्फरनगर में बारिश और ओले गिरे। मथुरा, नोएडा, गाजियाबाद में बारिश हुई है। हाथरस में तेज हवा के साथ बारिश की वजह से दीवार गिर गई। इसकी चपेट में आने से 7 लोग घायल हो गए।

# इसरो की एक और ऐतिहासिक सफलता

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सफलता के एक और ऐतिहासिक कदम के तहत एलवीएम3 प्रक्षेपण यान (एलवीएम-एम6) के छठे परिचालन मिशन के लिए पहचाने गए क्रायोजेनिक इंजन का उड़ान के लिए स्वीकृत हॉट टेस्ट सफलतापूर्वक आयोजित किया है।

गौरतलब है कि स्वीकृत हॉट टेस्ट एक वह सत्यापन प्रक्रिया है, जो यह सुनिश्चित करती है कि उड़ान से पहले विमान सुरक्षित और उड़ान योग्य स्थिति में है। एलवीएम3-एम6 मिशन के लिए सीई20 क्रायोजेनिक इंजन के उड़ान के लिए स्वीकृत हॉट टेस्ट शुक्रवार को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) में आयोजित किया गया। हर मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन उड़ान स्वीकृति के हिस्से के रूप में हॉट टेस्टिंग से गुजरते हैं। एलवीएम3 के क्रायोजेनिक अपर स्टेज में उपयोग किए जाने वाले स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन (सीई20) के लिए हॉट टेस्ट अब तक आईपीआरसी में हाई-एल्टीट्यूड टेस्ट (एचएटी) सुविधा में किए गए थे।



**■ एलवीएम3-एम-6 मिशन के लिए क्रायो इंजन का उड़ान स्वीकृति हॉट टेस्ट में कामयाब**

## इसरो ने सी-32 क्रायोजेनिक प्रणोदन प्रणाली विकसित की: डा. नारायणन

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सी-32 क्रायोजेनिक प्रणोदन प्रणाली को सफलतापूर्वक विकसित किया है, जिससे उन्नत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की अंतरिक्ष कार्यक्रम में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। यह उपलब्धि ऐसे समय में हुई है, जबकि इसरो ने स्पेसएक्स के साथ अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने और अलग करने की प्रौद्योगिकी का सफल प्रदर्शन करते हुए अमेरिका, रूस और चीन की श्रेणी में अपना स्थान बना लिया है। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शनिवार को क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी सी-32 के विकास में सफलता की घोषणा करते हुए यहां संवाददाताओं को बताया कि 20 टन के बल वाले क्रायोजेनिक इंजन द्वारा संचालित सी-32 चरण मानव सहित अंतरिक्ष अभियान और अन्वेषण क्षमताओं को हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।






## संक्षिप्त समाचार

### होली खेलने से मना किया, तो मार दी गोली, पिस्टल के बट से हमला



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में होली खेलने से मना करने पर कटघर क्षेत्र निवासी एक युवक को गोली मार दी गई। उसके साथी के ऊपर भी पिस्टल की बट से हमला किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडिया में दबंग हाथ में पिस्टल लहराता हुआ दिखाई दे रहा है। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुता. बिक होली पर मिलने से मना करने पर बिजली कर्मी को गोली मारी है। कटघर क्षेत्र के सिंहमन हजारी में शुक्रवार शाम चार बजे घटना हुई। पिस्टल से गोली मारी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पिस्टल बरामद की। आरोपी और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि अक्षय गुप्ता होली खेलने के बाद नहाने जा रहा था। घर से कुछ दोस्त उसको बाहर बुला ले गए। एक शख्स ने अक्षय को गोली मार दी और दूसरे युवक को भी पिस्टल की बट मारकर घायल कर दिया। पुलिस जांच में जुटी है।

### उत्तर भारत में बारिश और ओले का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने एक बार फिर अलर्ट कर दिया है। मौसम वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने जानकारी देते हुए कहा कि उत्तरी हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में ओलावृष्टि की संभावना है। आगे कहा कि पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, नॉर्थ-ईस्ट राजस्थान और ईस्ट उत्तर प्रदेश में आज थंडरस्टॉर्म की संभावना है। सोमा सेन रॉय ने कहा कि कल उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में थंडरस्टॉर्म कम हो जाएगा। वहीं गुजरात में हीटवेव की स्थिति कम होती नजर आ रही है। जबकि दूसरी तरफ ओडिशा में हीटवेव जारी रहेगा। जिसके चलते आज और कल के लिए रेड अलर्ट किया गया है। आईएमडी वैज्ञानिक ने कहा कि दिल्ली में अगले 3-4 दिनों तक अधिकतम तापमान 31.32 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाएगा।

### नदी में डूबी नाव, तीन की मौत, 12 लापता

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीता. पुर जिले के थाना तंबौर अंतर्गत रतनगंज गांव में एक युवक के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए लोगों से भरी नाव के शनिवार को शारदा नदी में पलटकर डूब जाने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य अभी लापता है। प्राप्त जानक. री के अनुसार नाव में महिलाओं और बच्चों समेत 15 लोग सवार थे। नाव के पलटकर डूबने से हुई दुर्घटना में मारे गए तीन लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि 12 अभी लापता है। प्रशासन गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश में जुटा है। खबर लिखे जाने तक तीन लोगों के शवों को गोताखोरों ने नदी से निकाल लिया है। गांव रतनगंज के एक युवक के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए यह लोग शनिवार को आ रहे थे। शारदा नदी में तेज हवा के कारण संतुलन बिगड़ जाने से नाव पलट कर डूब गई जिसमें संजय निवासी रायपुर उसकी बहन खुशबू और एक लड़की को बाहर निकाल लिया गया तंबौर अस्पताल ले जाते डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया अन्य 12 लोगों की तलाश जारी है।

# आईएसआई के लिए जासूसी में रविंद्र गिरफ्तार

आगरा, वार्ता



पत्नी बोली- मेरा भी हुआ मोबाइल चेक, हनी ट्रैप से पति को फंसाया

आगरा के रहने वाले रविंद्र कुमार को एटीएस ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार है। रविंद्र फिरोजाबाद की ऑर्डिनेंस फैक्टरी में चार्जमैन के पद पर तैनात हैं। उन पर आरोप है कि वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई तक देश की सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पहुंचा रहे थे।

पति की गिरफ्तारी के बाद अब आगरा निवासी उनकी पत्नी सामने आई हैं। पत्नी ने कहा कि उनके पति बहुत सज्जन व्यक्ति हैं। बहुत ही सीधे हैं। आसपास के सभी लोगों से उनके बारे में पता किया जा सकता है। पत्नी ने बताया कि उनको घर से नहीं पकड़ा गया है। ऑफिस से पति को ले जाया गया है। रविंद्र की पत्नी ने बताया कि उनको एटीएस कोई अपराधी की तरह नहीं ले गई है। उन्होंने कहा कि वह हनी ट्रैप के शिकार हुए हैं। हनी ट्रैप क्या होता है इस बारे में सब जानते हैं। पत्नी ने कहा कि मेरे पति बहुत सीधे व्यक्ति हैं, उन्हें जाल में फंसाया गया है। पत्नी ने बताया कि उनका मोबाइल भी एटीएस टीम द्वारा चेक किया गया, लेकिन उसमें कुछ भी नहीं मिला। फिरोजाबाद की आर्डिनेंस फैक्टरी में चार्जमैन के पद पर कार्यरत रविंद्र कुमार की दोस्ती फेसबुक के माध्यम से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की हैंडलर नेहा शर्मा से हुई।

नेहा शर्मा ने रविंद्र को पहले तो बातों में उलझाया और फिर उससे जरूरी सूचनाएं मांगी और बदले में मालामाल कर देने का वादा किया। यूपी एटीएस ने शुक्रवार को पाकिस्तानी एजेंट को गोपनीय सूचनाएं देने के आरोप में रविंद्र को गिरफ्तार किया। एटीएस को उसके फोन से कुछ जरूरी दस्तावेज मिले। एटीएस को रवींद्र के पास से एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम डेबिट कार्ड, 6220 रुपए की नकद धनराशि और फोन से गोपनीय दस्तावेज बरामद हुए हैं। एक दस्तावेज 2025 की डेली प्रोडक्शन रिपोर्ट का है, जिसमें ड्रोन से संबंधित एक गोपनीय प्रोजेक्ट से संबंधित डिटेल है। इसके साथ ही कई और गोपनीय दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

# पूरे प्रदेश में शांति और सौहार्द के साथ खेली गई होली: डीजीपी

**लखनऊ।** होली का त्योहार पूरे प्रदेश में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय या विवाद की घटना सामने नहीं आई। होली में रंग खेलने के बाद दो बजे से रमजान की नमाज अदा होनी है। इसको लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इन दोनों त्योहारों को शांति प्रिय ढंग से मनाए जाने को लेकर यूपी पुलिस प्रशासन ने कमर कस रखी थी। शुक्रवार की दोपहर यूपी डीपीजी प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय स्थित कंट्रोल का रूम का निरीक्षण करते हुए पूरे प्रदेश के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को इससे संबंधित निर्देश भी दिए। होली के मौके पर गोरखपुर में जनता को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ष्सनातन धर्म का एक ही उद्घोष है और वह उद्घोष है कि जहां धर्म है, वहां विजय होगी। भारत तभी विक. सित हो सकता है, जब वह एकजुट होगा, अगर वह एकजुट होगा तो वह सर्वश्रेष्ठ होगा, अगर वह सर्वश्रेष्ठ होगा, तो दुनिया की कोई भी ताकत उसे विकसित होने से नहीं रोक पाएगी। इसलिए हमारा सारा प्रयास राष्ट्र के लिए समर्पित होना चाहिए।

# मायावती ने खुद को बताया आयरन लेडी

लखनऊ, वार्ता



मान्यवर कांशीराम को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

राजधानी लखनऊ में शनिवार को कांशीराम की जयंती मनाई गई। बसपा प्रमुख मायावती ने कांशीराम की 91वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पार्पित करके उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बसपा के संस्थापक कांशीराम की जयंती पर देशभर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। हम सबने उनके सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के आंदोलन को और मजबूत करने का संकल्प लिया है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि बहुजन समाज को गरीबी, बेरोजगारी, शोषण, उत्पीड़न, पिछड़ेपन, जातिवाद, सांप्रदायिक हिंसा और तनाव की कष्टपूर्ण जिंदगी से मुक्ति पाने के लिए उन्हें अपने बहुमूल्य वोट की ताकत को समझना होगा। बहुजन समाज को सत्ता की चाबी हासिल करना जरूरी है। यही आज का संदेश है। इस मौके पर मायावती ने खुद को 'आयरन लेडी' बताया। मायावती ने कहा कि यूपी की विशाल आबादी ने देखा है कि कैसे 'आयरन लेडी' के नेतृत्व में बसपा कथनी से ज्यादा करनी में विश्वास रखती है। सत्ता में रहने के दौरान हमने बहुजनों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया। जबकि, अन्य दलों द्वारा किए गए अधिकांश दावे निराधार और भ्रामक साबित हुए। उन्होंने कहा कि 15 मार्च 1934 को पंजाब के रूपनगर में जन्मे कांशीराम ने पिछड़ा वर्ग के लोगों के उत्थान और राजनीतिक लामबंदी के लिए काम किया। उन्होंने 1971 में अखिल भारतीय पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समुदाय कर्मचारी महासंघ (बामसेफ) की स्थापना की।

1981 में दलित शोषित समाज संघर्ष समिति की स्थापना की। कहा कि 1984 में बसपा का गठन किया। कांशीराम 1991 में यूपी के इटावा से और 1996 में पंजाब के होशियारपुर से लोकसभा सदस्य चुने गए। 1998 से 2004 तक उन्होंने राज्यसभा सदस्य के रूप में भी काम किया। 9 अक्टूबर 2006 को 71 वर्ष की आयु में दिल्ली में उनका निधन हो गया।

## सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण का मामला

# कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर भड़की भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता



कहा: देश के लिए काम करने वाले मुस्लिमों को कमजोर कर रही है कांग्रेस: प्रसाद

भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार द्वारा बजट में सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत का आरक्षण देने की घोषणा को तुष्टीकरण की राजनीति का नया आयाम बताया है और कहा है कि कांग्रेस ऐसे फैसले करके देश के लिए काम करने वाले मुस्लिमों की आवाज कमजोर करना चाहती है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह विषय भले ही कर्नाटक राज्य का है, लेकिन इसका प्रभाव राष्ट्रव्यापी है। यह विषय राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी की सोच से जुड़ा है। प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की है। अभी तक आरक्षण का प्रावधान नौकरी तक हुआ करता था, अब सरकारी ठेकों में भी आरक्षण हो रहा है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की सोच कैसी है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस असंवैधानिक और राष्ट्र को कमजोर करने वाले फैसले का पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि तमाम आशंकाओं के बावजूद कल देश ने शांति से होली मनाई। चाहे उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो, मध्य प्रदेश हो, राजस्थान हो। प्रेम और सौहार्द के साथ होली मनी। हिंदू और मुसलमान भाइयों ने एक नए सदभाव का परिचय दिया। लेकिन दूसरी ओर एक वोटबैंक की राजनीति को नया आयाम दिया जा रहा है, जैसा कि कर्नाटक में हो रहा है। ये चीजें देखने में छोटी लगती हैं, लेकिन छोटी-छोटी चीजें बड़ी बनती हैं। उन्होंने कहा कि शाहबानो, तीन तलाक, राम मंदिर आदि मामलों में ये पार्टियां विरोध करती रहीं, लेकिन देश बदल गया और भाजपा कहां से कहां पहुंच गई। इन पार्टियों ने संसदीय चुनावों में मुंहजबानी अभियान चलाया कि भाजपा संविधान बदल देगी, लेकिन जनता ने लगातार चुनावों में करारा जवाब दिया है।

जनता नरेन्द्र मोदी को कमजोर नहीं देखना चाहती है। भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा इस बात पर जोर देना चाहेगी कि कर्नाटक में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण के प्रस्ताव को राहुल गांधी की पूर्ण स्वीकृति है। सिद्धारमैया में खुद इसकी घोषणा करने का साहस और राजनीतिक ताकत नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान की बात करने वालों को यह समझना चाहिए कि आरक्षण सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर दिया जाता है। भारतीय संविधान के तहत धार्मिक आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं है। मुस्लिम तुष्टीकरण का नया फैसला देश के लिए खतरा है। पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमले होते हैं, वहां रोज नई नई बातें होती हैं। मैं कांग्रेस और विपक्ष से पूछना चाहता हूं कि ये तुष्टिकरण की राजनीति कहां तक जाएगी। भाजपा इसका विरोध करती है और करेगी। आंध्र प्रदेश में भी मुसलमानों को एक धार्मिक समुदाय के तौर पर चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया था लेकिन उच्च न्यायालय ने उसे खारिज करते हुए कहा कि संविधान में मजहब के आधार पर आरक्षण नहीं है। प्रसाद ने कहा कि सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण पूरी तरह से असंवैधानिक है। आरक्षण का आधार मजहब नहीं हो सकता है। आरक्षण केवल सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर ही दिया जा सकता है। उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के भाषणों के संकलन से एक भाषण को उद्धृत किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुस्लिम समाज को अनुसूचित जाति एवं अनुसू. चत जनजाति के लिए आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है।

## खड़गे, राहुल ने कांशीराम को जयंती पर किया नमन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दलित आंदोलन के प्रमुख नेता तथा बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक काशीराम को जयंती पर आज श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया है। खड़गे ने कहा कि समाज के दलित, वंचित, शोषित व पिछड़े वर्ग को भारतीय राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले, महान समाज सुधारक, मान्यवर कांशीराम जी की जयंती पर हम उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने समानता और सामाजिक न्याय के पुरा. धा के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। गांधी ने कहा ष्महान समाज सुधारक, मान्यवर कांशीराम जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। दलितों, वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए उनका संघर्ष, सामाजिक न्याय की इस लड़ाई में हमारा हर कदम पर मार्गदर्शन करता रहेगा।

# भाजपा नेता ने थाने में दरोगा को जड़ा थप्पड़, गालियां बकी

शाह टाइम्स संवाददाता

दरोगा की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया

**बिजनौर।** बिजनौर जनपद के शेरकोट थानाक्षेत्र में मारपीट के आरो. पियों को मेडिकल के लिए भेजे जाने का विरोध करते हुए दो ग्रामीणों ने थाने में ही ड्यूटी पर तैनात दरोगा साथ गाली-गलौज कर मारपीट की।

दरोगा की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों में बढ़ापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष भीम सिंह सैनी उर्फ सचिन शामिल हैं। उपनिरीक्षक विज. ेंद्र सिंह ने अपनी ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव परमावाला निवासी प्रमोद पुत्र प्रेम सिंह आदि तीन लोग आपस मे झगड़ा कर थाने आए थे, जिनके साथ अन्य व्यक्ति भी आए थे। पुलिस द्वारा इन आरो. पियों को मेडिकल के लिए ले जाया जा रहा था।

इसी दौरान ग्रामीणों ने इसका विरोध कर दिया। बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष बढ़ापुर गांव परमावाला निवासी भीम सिंह सैनी पुत्र वीर सिंह व उसके साथी रूपचंद पुत्र खूब सिंह ने मेडिकल नहीं होने देने का विरोध किया। उन्हें देख लेने की धमकी लगे। आरोप है कि एसआई द्वारा मना किए जाने पर दोनों ने थाने में ही एसआई के साथ न केवल गाली-गलौज की साथ ही दरोगा को थप्पड़ जड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की। उधर घटना की जानकारी होने पर भाजपा पदाधिकारी शेरकोट मंडल अध्यक्ष विजयपाल सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, अभिषेक कोहली, कामेश्वर राजपूत, प्रदीप यादव आदि थाने पहुंचे। आरोप है कि पुलिस ने इन पदाधिकारियों के साथ अभद्रता की। कार्यकर्ताओं ने घटना से भाजपा विधायक बढापुर सुशांत सिंह को अवगत कराया। विधायक कार्यकर्ताओं के साथ धामपुर गेस्टहाउस पहुंचे। पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा भी गेस्टहाउस पर आ गए। काफी देर तक चली वार्तालाप के बाद दोनों को लिखा-पढ़ी किए जाने के बाद थाने से जमानत पर छोड़ दिया गया। वहीं एसपी पूर्वी धर्म सिंह ने बताया कि दोनों को नोटिस पर छोड़ दिया गया है। घटना की जांच-पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

## अर्थ व्यापार

# अमेरिकी नीतियां वैश्विक व्यापार के लिए जोखिम साबित होंगी: अंकटाड

नई दिल्ली, वार्ता

वैश्विक आर्थिक गतिविधि के चालू वर्ष में धीमी गति बनाए रखने की उम्मीद है, लेकिन अमेरिकी व्यापार नीतियों में बदलाव, वैश्विक व्यापार असंतुलन और भू-राजनीतिक चुनौतियों जैसे कारकों के कारण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में काफी अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है, जिसका व्यापार वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव हो रहा है।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (अंकटाड) ने अपने नवीनतम वैश्विक व्यापार अपडेट में यह बात कही है। इसके अलावा उसने कहा है कि व्यापार नीति में वृद्धि की संभावना 2025 के लिए वैश्विक व्यापार दृष्टिकोण पर अनिश्चितता की छाया डालती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक मुद्रास्फीति में अपेक्षित कमी और 2025 के लिए चीन के आर्थिक प्रोत्साहन-लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि लक्ष्य के साथ-वैश्विक व्यापार को कुछ बढ़ावा दे सकते हैं। वैश्विक व्यापार अपडेट ने संरक्षणवादी व्यापार नीतियों के कार्यान्वयन में बढ़ती प्रवृत्ति का उल्लेख किया है, जिसमें व्यापार उपायों को गैर-व्यापार नीति उद्देश्यों से जोड़ने की बढ़ती प्रवृत्ति है। इसमें कहा गया है कि यह बदलाव विशिष्ट देशों को लक्षित करने वाले व्यापक नए टैरिफ के कार्यान्वयन में स्पष्ट है, साथ ही स्टील और एल्युमीनियम जैसे विशेष उत्पादों को प्रभावित करने वाले अधिक लक्षित टैरिफ भी हैं। इन टैरिफ का वैश्विक और क्षेत्रीय मूल्य श्रृंखलाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एकतरफा और अत्यधिक प्रतिबंधात्मक व्यापार नीतियां तीव्र प्रभाव पैदा कर सकती हैं और ऐसे उपाय अक्सर प्रभावित व्यापारिक भागीदारों से जवाबी कार्रवाई को प्रेरित करते हैं, जिससे अक्सर व्यापार बाधाओं का एक चक्र बनता है, जिसमें अंततः तीसरे पक्ष भी शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट ने कहा गया है कि 2025 के पहले महीनों में कंटेनर शिपिंग की मांग में उल्लेखनीय कमी आई है, जैसा कि शंघाई कंटेनराइज्ड फ्रेट इंडेक्स में उल्लेखनीय कमी से पता चलता है। इसमें कहा गया है एससीएफआई में गिरावट कमजोर व्यापार मात्रा की ओर इशारा करती है।

# इंडसइंड बैंक 'अच्छी तरह से पूंजीकृत': आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शनिवार को निजी बैंक इंडसइंड बैंक के बारे में बाजार की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि बैंक 'अच्छी तरह से पूंजीकृत' है तथा बैंक की वित्तीय स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि कुछ तिमाहियों में इंडसइंड बैंक लिमिटेड से संबंधित कुछ अटकलें लगाई गई हैं, जो शायद बैंक से संबंधित हालिया घटनाओं से उत्पन्न हुई हैं। आरबीआई यह बताना चाहेगा कि बैंक अच्छी तरह से पूंजीकृत है और बैंक की वित्तीय स्थिति संतोषजनक बनी हुई है।

31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक के ऑडिटर द्वारा समीक्षा किए गए वित्तीय परिणामों के अनुसार बैंक ने 16.46 प्रतिशत का पूंजी पर्याप्तता अनुपात और 70.20 प्रतिशत का प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखा है। 9 मार्च, 2025 तक बैंक का लिक्विडिटी कवरेज अनुपात113 प्रतिशत था, जबकि विनियामक आवश्यकता 100 प्रतिशत है। सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध खुलासों के आधार पर, बैंक ने अपने मौजूदा सिस्टम की व्यापक समीक्षा करने और वास्तविक प्रभाव का शीघ्रता से आकलन करने और उसका हिसाब लगाने के लिए पहले ही एक बाहरी ऑडिट टीम को नियुक्त कर लिया है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल: 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18168 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 15531 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

### श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की आज होगी महत्वपूर्ण बैठक

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में दिव्य और भव्य बन रहे राम मंदिर निर्माण में आय-व्यय पर व्यापक चर्चा के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक मणिरामदास छावनी में कल बुलाई गई है। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं समन्वयक शरद शर्मा ने आज यहां यूनीवार्ता को यह जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या में दिव्य और भव्य बन रहे राम मंदिर निर्माण में आय और व्यय पर व्यापक चर्चा करने के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक मणिराम दास छावनी में कल अर्थात मार्च को बुलाई गई है।

उन्होंने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास जी करेंगे। इस बैठक में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोलवद गिरी, सदस्य शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती महाराज, जगद्गुरू माधवाचार्य विश्व प्रसन्नाचार्य, डा. अनिल मिश्रा, राजा अयोध्या विमलेन्द्र मोहन मिश्र, केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि व जिलाधिकारी अयोध्या सहित अन्य सदस्य के सम्मिलित होने की संभावना है। श्री शर्मा ने बताया कि बैठक को अंतिम रूप देने में ट्रस्ट के महासचिव जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व ट्रस्ट की बैठक नवम्बर माह में हुई थी, जिसमें मंदिर निर्माण से प्राप्त दान व व्यय पर व्यापक चर्चा हुई थी।

### पूरी आरक्षण अवधारणा कश्मीरी भाषी आबादी के खिलाफ: सजाद लोन

**श्रीनगर।** पीपुल्स कांफ्रेंस के अध्यक्ष एवं विधायक सजाद लोन ने शनिवार को आरोप लगाया कि पूरी आरक्षण अवधारणा कश्मीरी भाषी आबादी और कश्मीर में रहने वाले अनुसूचित जनजाति (एसटी) या फिर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग द्धईडब्ल्यूएसत्र के खिलाफ तय की गई है। श्री लोन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने विधानसभा में आरक्षण से संबंधित कुछ प्रश्न उठाए थे, जो क्षेत्रीय असमानताओं पर केंद्रित थे। उन्होंने सरकारी आंकड़ों की चर्चा करते हुए कहा कि मार्च 2023 से, सरकार ने जम्मू में 67,112 अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाण पत्र जारी किए, जबकि इस अवधि के दौरान कश्मीर में कोई प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। इसी तरह, अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में, जम्मू में 85.3 प्रतिशत (4,59,493 प्रमाण पत्र) थे, जबकि कश्मीर में केवल 14.7 प्रतिशत (79,813) प्रमाणपत्र जारी किया गए थे। ईडब्ल्यूएस में जम्मू ने 92-3 प्रतिशत प्रमाण पत्र (27,420) हासिल किए, जबकि कश्मीर को केवल 7-7 प्रतिशत (2,273) प्रमाण पत्र मिले। अन्य आरक्षित श्रेणियों, जिनमें एलसी (लाइन ऑफ कंट्रोल के साथ क्षेत्र) और आईबी (अंतर्राष्ट्रीय सीमा) शामिल हैं, में जम्मू का लगभग पूर्ण वर्चस्व है, कश्मीर को केवल एक अंश हिस्सा मिला है। विधायक ने कहा कि कश्मीर क्षेत्र इस मामले में बहुत पीछे है।

# भारत में मुसलमान सुरक्षित, रमजान में प्रदर्शन अनुचित: मौलाना शहाबुद्दीन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड गैर जिम्मेदाराना बात रहा है कि देश में मुसलमानो को खतरा है और सुरक्षित नहीं है।



मौलाना ने कहा कि मैं इन लोगों को बताना चहता हूं कि देश में मुसलमान आजादी के साथ अपने धार्मिक त्यौहार, नमाज, रोजा, हज, जकात, जुलूस और उर्स आदि प्रोग्राम, स्वतंत्रता पूर्वक पूरे भारत में मनाते हैं। कोई भी व्यक्ति या हुकूमत इन धार्मिक कार्यक्रमों में कोई भी बाधा नहीं डालता। ये कहना कि मुसलमानो को खतरा है सुरक्षित नहीं हैं, ये सरासर ग़लत गुमराह करने वाली और अफवाह करने वाली बातें हैं। मौलाना ने शनिवार दोपहर जारी किए बयान में कहा कि रमजान का महीना धरना प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि खुदा की इबादत के लिए है। भारत सरकार को बोर्ड को पड़ोसी देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश में मौका मुआयना के लिए भेजना चाहिए। मुस्लिम देशों में क्या सूरत ये हाल है, वहां देश के भीतर की आपसी लड़ाई, गृह-युद्ध, अंतर्विग्रह, घरेलू या पारिवारिक झगड़े हैं अपनी आंखों से देखने के बाद सब कुछ समझ में आ जाएगा। फिर भारत वापस आने के बाद यही लोग चिल्ला चिल्ला कर कहेंगे कि भारत में मुसलमानो को कोई खतरा नहीं और मुसलमान सुरक्षित है। मुस्लिम पर्सनल बोर्ड वक्फ संशोधन बिल के विरोध में जंतर-मंतर दिल्ली पर धरना प्रदर्शन करने जा रहा है,धरना प्रदर्शन करना, अपनी आवाज बुलंद करना हर व्यक्ति को संविधान ने अधिकार दिए हैं, बिल्कुल करिए मगर रमजान का महीना खुदा की इबादत के लिए है, धरना प्रदर्शन के लिए नहीं। साल के 12 महीनों में रमजान का एक महीने में मुसलमान पवित्रता के साथ रोजा रखता है, नमाज पढ़ता है, कुरआन शरीफ को पढ़ना आदि धार्मिक गति. विधियों में रात व दिन लगा रहता है और घर की महिलाएं और बच्चे भी खुदा की इबादत में व्यस्त रहते हैं। ऐसी स्थिति में रमजान शरीफ के दिनों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन करना, गोया कि लोगों को धार्मिक कार्य से रो. ककर राजनीतिक काम में लगाना है। साल के 11 महीनों में किसी दिन भी धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जा सकता था, रमजान के महीने में ही क्यों आयोजन किया गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मिनी कुंभ के रूप में साल भर तक आयोजित किया जाएगा पूर्णागिरि मेला: मुख्यमंत्री

## उत्तर भारत का प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक पूर्णागिरि मेला हुआ शुरू

■ 90 दिन तक चलने वाले मेले में के लिए किए गए हैं व्यापक बंदोबस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत** - उत्तर भारत का प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक पूर्णागिरि मेला आज से शुरू हो गया है । तीन माह तक चलने वाले इस मेले में यूपी, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश से भारी संख्या में श्रद्धालूओ ने मां के दरबार में मत्था टेक कर मनौतिया मांगी ।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेले का धार्मिक अनुष्ठान के साथ शुभारंभ किया। कहा यह मेला ऐसे समय में होता है जब मैदानी क्षेत्रों में मौसम में तपिश आने लगती है और इधर पहाड़ों में वन उपवन सुगन्धित फूलो से ऐसे महकने लगते है मानो प्रकृति पूर्णागिरि दरवार में आने वाले श्रद्धालुओं का प्रकृति स्वागत करने के लिए खड़ी हो उन्होंने सभी देवी देवताओं का आवाहन करते हुए कहा लोग दिल्ली में उनसे पूछते हैं की उत्तराखंड में ऐसी कौन से स्थान रमणीक है जिनके हम फिल्मांकन कर सकें मुझे यह बताते हुए खुशी होती है कि उत्तराखंड में जहां कण-कण एवं पग पग में ईश्वरीय सत्ता के दर्शन होते हैं उन्होंने कहा वह दिन दूर नहीं जब यह मेला मिनी कुंभ के रूप में बारहमासी आयोजित कर देश विदेश के तीर्थ यात्रियों का इस ओर रुख करेंगे । मुख्यमंत्री ने कहा ऊंचे शैल शिखर में स्थित मां पूर्णागिरि के आंचल में स्वयं प्रकृति ने अपने को विभिन्न रूपो में अवस्थित किया है जिसका हम पर्यटन व धार्मिक पर्यटन के रूप में दोहन करने जा रहे है । उन्होंने प्रधानमंत्री जी की उसे घोषणा को उद्धरत करते हुए कहां इसके हमें इतनी शक्ति व सामर्थ्य मिली है कि आज उत्तराखंड हर क्षेत्र में देश की प्रथम पंक्ति में अपने को खड़ा करने को कमर कस चुका है । मुख्यमंत्री ने कहा पूर्णागिरि मेले को बारहमासी करने के लिए तेजी के साथ अवस्थाना विकास के कार्य किया जा रहे हैं । रात्रि में शारदा नदी में रिवर राफ्टिंग के लिए बूम अंत



रराष्ट्रीय डेस्टिनेशन के रूप में सामन आया हैं । आज पूरे उत्तराखंड में बारहमासी तीर्थ यात्रा सुनिश्चित कर रोजगार के नए अवसर सुरक्षित किए जा रहे हैं ।पूर्णागिरि में 45 करोड़ की लागत से ककराली गेट से मंदिर तक रोपवे का निर्माण किया जाएगा जिससे वृद्ध लोग भी मां पूर्णागिरि के दर्शन कर सकंगे मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार दुरगामी में सोच के साथ विकास का ऐसा खाका खींच रही है जिससे आने वाले समय में देश के तीर्थ यात्रियों का इस और होने वाले प्रवाह को हम सभी प्रकार की सुविधा दे सकें । पूर्णागिरि में एनएचपीसी द्वारा सीआरएस मद से गेस्ट हाउस का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने पूर्णागिरि के विकास के लिए भी कई घोषणा की । इससे पूर्व मुख्यमंत्री के यहां पहुंचने पर कुमाऊं के छोलिया नृतकों आंचलिक परिधान में सजी महिलाओं ने मांगलिक कलश से उनका स्वागत किया । जिला महामंत्री मेहरा के संचालन में नव नियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा उन्हें इस बात की प्रशंसा है कि हिमालय पुत्र के रूप में अपनी पहचान बन चुके माननीय मुख्यमंत्री के सानिध्य में उनके साथ काम करने एवं कुछ नया करने का ईश्वर ने अवसर दिया है ।

इससे पूर्व मंदिर कमेटी के किशन तिवारी ,ब्लॉक प्रमुख विनीता फर्त्याल, रेखा देवी ,हेमा जोशी, रोि. हताश अग्रवाल, एडवोकेट शंक. रपाण्डेय ,रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा, शिवराज कठायत, भुवन पाण्डेय, रामु जोशी, अनिल डब्बू के अलावा प्रभारी डीएम जयवर्धन शर्मा, एसपी अजय गणपती, सीओ शिव राज राणा एसडीएम नितेश डांगर, सीडीओ संजय कुमार, डीएफओ नवीन चंद्र पंत, सीएमओ देवेश चौहान सहित तमाम लोगों ने उनका स्वागत किया ।

# खटीमा स्थित अपने आवास में मुख्यमंत्री ने मनाई होली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**खटीमा / देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा स्थित आवास में स्थानीय लोगों के साथ होली मनाई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों को रंग लगाते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बैठक होली में भी प्रतिभाग किया। उन्होंने थारू जनजाति के लोक नृत्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा होली का पर्व समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। होली पर्व समाज में सांस्कृतिक और सामाजिक जुड़ाव को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा हमने अपनी संस्कृति को संरक्षित करते हुए, आने वाली पीढ़ियों तक भी पहुंचना है।

## कैबिनेट मंत्री डा. अग्रवाल ने फूलदेई पर्व पर प्रदेशवासियों को दी बधाई



**देहरादून ।** कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने फूलदेई पर्व पर प्रदेशवा. सियों को बधाई दी है। उन्होंने फूलदेई पर्व के अवसर पर प्रदेश के सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि लोक पर्वों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। डा. अग्रवाल ने कहा कि पहाड़ में प्रतिवर्ष चौत्र मास की संक्रांति से फूलदेई उत्सव मनाया जाता है। बच्चों में इसका खास उत्साह देखने को मिलता है। कहा कि आज इस उत्सव को लेकर नन्हे मुन्ने बच्चों में उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि घरों की चौखट पर फूल डालने के बदले में ग्रामीण फुलवारी बच्चों को परम्परागत ढंग से चौलाई से बने खील व गुड़ देते हैं।



मुकद्दस रमजान 15

सुन्नी

| रविवार | सोमवार |
|---|---|
| अफतार | सेहरी |
| 6:28 | 5:06 |

शिया

| रविवार | सोमवार |
|---|---|
| अफतार | सेहरी |
| 6:33 | 5:11 |

मुकद्दस रमजानुल मुबारक

की हार्दिक शुभकामनाएं



हाजी मौहम्मद सुलेमान अंसारी
प्रदेश सचिव
कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड
पूर्व ग्राम प्रधान
मेहुंवाला माफी, देहरादून।

# दून अस्पताल में आधा दर्जन चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में आधा दर्जन से अधिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया गया। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा, साथ ही उन्हें समय पर बेहरत चिकित्सा सुविधाएं भी मिल सकेंगी।



सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में आधा दर्जन से अधिक विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं का विधिवत शुभारम्भ किया। जिसमें लेजर सर्जरी, नेक्स्ट जनरेशन ई-हॉस्पिटल, ओ.पी.डी. हेल्प डेस्क, कलर डॉपलर अल्ट्रासाउंड लेवल-2, ब्लड सेम्पलिंग व रिपोर्टिंग काउंटर का शुभारम्भ किया गया। इसके अलावा ओपीडी भवन के तृतीय तल पर मेडिसिन, रेस्पेटरी मेडिसिन, नेत्र विभाग एवं दन्त विभाग के लिये पृथक से ओ.पी.डी. पंजीकरण के अतिरिक्त काउंटर का शुभारम्भ किया गया, ताकि तृतीय तल पर आने वाले मरीजों को पंजीकरण के लिये भूतल पर न जाना पड़े। इसी क्रम में उपरोक्त सुविधाएं विस्तारित की गई हैं।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा अस्पताल के वार्डों एवं परिसर में बेहतर सफाई व्यवस्था के निर्देश दिये गये हैं, साथ ही सफाई कर्मियों व अन्य चतुर्थ श्रेणी स्टॉफ के लिये ड्रेस कोड अनिवार्य रूप से लागू करने को कहा गया है। इसी क्रम में सभी वार्डों में भर्ती मरीजों को बेडशीट प्रत्येक दिन बदलने के निर्देश दिये गये हैं, जिसमें प्रत्येक दिन के लिये अलग-अलग रंग की बेडशीट निर्धारित रहेगी। विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि अस्पताल के 50 वार्ड ब्वॉय को एम्स ऋषिकेश में एमटीएस का प्रशिक्षण दिया जायेगा ताकि मरीजों एवं तीमारदारों को व्यवहारपूर्वक गाइड कर सकें। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन नये भवन में शीघ्र ही स्टॉफ कैंटीन भी शुरू की जायेगी। कार्यक्रम में राजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक खजान दास ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में सूबे की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर हुई हैं जिसका श्रेय निश्चित रूप से स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह को जाता है। कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक दून अस्पताल डॉ. रविन्द्र सिंह बिष्ट, उप चिकित्सा अधीक्षक एन.एस.बिष्ट, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. के.सी. पंत, डॉ. सुशील ओझा, डॉ. राजीव कुशवाह, डॉ. अभय सिंह, डॉ. आर.पी. खंडूडी, वरिष्ट जनसम्पर्क अधिकारी महेन्द्र भंडारी, नीलम अवस्थी, निधि काला, मंडल अध्यक्ष भाजपा पूनम शर्मा, पार्षद रोहन चंदेल सहित नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहे।

## दून अस्पताल में खुलेंगे दो नए विभाग

सूबे के चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार को लेकर प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में सरकार ने दून मेडिकल कॉलेज में दो नये विभाग न्यूरोलॉजी व गैस्ट्रोलॉजी को खुलने का निर्णय लिया है, साथ ही कार्डियोलॉजी विभाग में शीघ्र ही एक और फैकल्टी तैनात की जायेगी।

## दून मेडिकल कॉलेज को मिलेंगे 300 नए नर्सिंग अधिकारी

विभागीय मंत्री डा. रावत ने बताया कि राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से करीब 1314 नर्सिंग अधिकारियों का चयन किया गया है। जिसमें से 300 नर्सिंग अधिकारी दून मेडिकल कॉलेज में तैनात किये जायेंगे। जिनको आगामी 31 मार्च से पहले नियुक्ति दे दी जायेगी। नये नर्सिंग अधिकारी मिलने से दून चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

## प्रदेश भर में अन्य दिनों की अपेक्षा आए अधिक फोन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** होली पर लोगों ने खूब अबीर-गुलाल उड़ाया और कईयों ने हुड़दंग भी मचाया। इस बात की तस्दीक आपातकालीन सेवा 108 के काल सेंटर को मिली फोन काल से होती है। अन्य दिनों की तुलना में गुरुवार व शुक्रवार को कहीं ज्यादा लोगों ने आपातकालीन सहायता के लिए टोल पफ्री नंबर 108 को फोन किया। जिस कारण 108 एंबुलेंस सुबह से रात तक दौड़ती रही। इन दो दिनों में 800 लोगों को सहायता प्रदान की गई। इनमें भी सबसे ज्यादा मामले सड़क दुर्घटना के थे, जहां आम दिनों में 108 काल सेंटर में अमूमन प्रतिदिन 15 से 20 मामले ही सड़क दुघर्टना के आते हैं। वहीं होली के दिन 134 मामले दर्ज किए गए।

कैम्प आपातकालीन सेवा 108 के महाप्रबंध्क (प्रोजेक्ट्स) अनिल शर्मा ने बताया कि होली के दिन प्रदेश भर से सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक लोगों ने आपातकालीन सहायता के लिए फोन किया। होली व इससे एक दिन पूर्व प्रसव संबंधी 193, सड़क दुघर्टना के 134, हृदय रोग से संबंधित 22 और अन्य स्वास्थ्य समस्या से संबंध्ति 451 मामले आए। उन्होंने बताया कि होली के दिन पुलिस से संबंधित 352 मामले भी आए, जिन्हे पॅलिस कंट्रोल रूम को हस्तांतरित किया गया। अकेले देहरादून जनपद में कैम्प आपातकालीन सेवा 108 एंबुलेंस के माध्यम से 202 लोगों को सहायता पहुंचाई गई, जिसमें प्रसव से संबंधित 22, सड़क दुर्घटना के 45, हृदय रोग से संबंधित पांच व 135 अन्य मामले शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के पैतृक आवास पर लगा स्मार्ट मीटर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**खटीमा / देहरादून ।** उत्तराखंड में विद्युत उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर लगवाने का अभियान चलाया जा रहा है। स्मार्ट मीटर क्रांति को आगे बढ़ाते हुए, पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खटीमा स्थित निजी आवास, तराई नगला परिसर में स्मार्ट मीटर स्थापित किया गया। स्मार्ट मीटर लगाने के समय मुख्यमंत्री पुष्कर धामी खुद भी अपने निजी आवास पर मौजूद रहे। यह कदम प्रदेश के 15.87 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है, जिससे उत्तराखंड में अत्याधुनिक बिजली प्रबंधन की नई शुरुआत होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने पावर कॉरपोरेशन के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी से स्मार्ट मीटर की तकनीकी विशेषताओं की जानकारी ली। उन्होंने स्मार्ट मीटर की पारदर्शिता और उपभोक्ता हितैषी तकनीक की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि जनता को इस योजना के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इस नई तकनीक को अपनाने के लिए प्रेरित हों। उत्तराखंड शासन के मुख्य सचिव द्वारा सभी विभागाध्यक्षों, जिलाधिकारियों और सरकारी कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इस योजना को गति देने के लिए यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि यूपीसीएल द्वारा भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत पूरे राज्य में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि यह अत्याधुनिक तकनीक उपभोक्ताओं को रियल-टाइम बिजली खपत की जानकारी, सही बिलिंग, बिजली चोरी में कमी, और निर्बाध आपूर्ति जैसी कई सुविधाएँ प्रदान करेगी।

■ बिजली के स्मार्ट मीटर के प्रोत्साहन को सीएम ने दिया संदेश, उत्तराखंड में विद्युत स्मार्ट मीटर को दिया जा रहा है प्रोत्साहन, राज्य के 15.87 लाख उपभोक्ताओं के घरों में लगाने का लक्ष्य,

# सीलिंग के बीच 97 मदरसों को मिला मान्यता प्रमाणपत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश में गैर पंजिकृत मदरसों को सील करने की कार्यवाही के बीच उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड ने नव-पंजीकृत व नवीनीकरण प्राप्त 97 मदरसों को प्रमाणपत्र वित. रित किए।

शनिवार को बोर्ड कार्यालय में बोर्ड अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी की अध्यक्षता में प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कासमी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार हो रहे हैं। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार मदरसा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार और सुधार की दिशा में अग्रसर है।

उनकी दूरदर्शी नीतियों और कुशल प्रशासन के परिणामस्वरूप प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों को सशक्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि पारंपरिक धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी और समकालीन शिक्षा को भी बढ़ावा मिले, जिससे छात्र मुख्यधारा की शिक्षा से जुड़ सकें।

इस समारोह के दौरान बोर्ड से नव-पंजीकृत एवं नवीनीकरण प्राप्त मदरसों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कुल 97 प्रमाणपत्र वितरित किए गए, जिनमें 49 नए पंजीकरण एवं 48 नवीनीकरण दोनों सम्मिलित थे। यह पहल राज्य में मदरसा शिक्षा की गुणवत्ता एवं पंजीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




■ सीएम धामी के नेतृत्व में सरकार मदरसा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में अग्रसर: शमून
बोर्ड से नव-पंजीकृत व नवीनीकरण प्राप्त मदरसों को प्रमाणपत्र वितरित किए

बोर्ड का उद्देश्य राज्य के मदरसों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना एवं उन्हें सरकारी मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराना है। हमारी कोशिश है कि मदरसा शिक्षा को आधुनिकता एवं पारंपरिकता के समन्वय के साथ और अधिक सशक्त बनाया जाए:

**मुफ्ती शमून कासमी, अध्यक्ष उत्तराखंड मदरसा बोर्ड।**

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जताया आभार

देहरादून। बोर्ड अध्यक्ष मुफ्ती शमून कघसमी ने कहा, ष्मुख्यमंत्री के सहयोग और मार्गदर्शन के बिना यह संभव नहीं होता। उनकी संवेदनशीलता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता ने मदरसा शिक्षा को मजबूती प्रदान की है। हम उनके निरंतर समर्थन और प्रयासों के लिए हृदय से आभारी हैं।



# डीएम और एसपी ने स्थानीय लोगों संग मनाई होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिला मुख्यालय समेत पूरे जिले में राष्ट्रीय पर्व होली का त्योहार धूमधाम व शांतिपूर्वक तरीके से मनाया गया। इस दौरान होलियारों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं, डीएम कैंप कार्यालय में डीएम डॉ सौरभ गहरवार और पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने कर्मचारी-अधिकारियों एवं स्थानीय जनता को रंग लगाकर शुभकामनाएं दी। हालांकि कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं आई।



रंगों का त्योहार होली को लेकर जिला मुख्यालय में सुबह से ही बच्चों के साथ ही बूढे भी एक दूसरे पर रंग लगाने के लिए उत्साहित थे। जिला मुख्यालय समेत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में होल्यारों की अलग-अलग टोलियों ने ढोल नगाडों के साथ गांवों का भ्रमण किया। कई स्थानों पर होल्यारों ने गुजिया, समोसे, मिठाई समेत कई पकवानों का स्वाद भी लिया। जनपद में होली का त्योहार शंतिपूर्वक ढंग से मनाया गया। जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने अपने विभागीय कार्मिकों एवं आम लोगों के साथ होली खेली, जबकि एसपी अक्षय प्रहलाद कोंडे ने डीएम के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मिलकर जमकर होली खेली। साथ ही सम्पूर्ण रुद्रप्रयाग पुलिस परिवार ने गुलाल की खुशबू और रंगों की मोहकता के बीच, सभी ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए होली के पारंपरिक गीतों पर थिरककर इस त्योहार का आनन्द लिया गया। एसपी कैम्प कार्यालय व पुलिस कार्यालय परिसर में समस्त पुलिस कर्मियों के साथ हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। पुलिस स्तर से त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम किए गए थे। वहीं, जिला मुख्यालय के साथ ही तिलवाडा, चोपड़ा, चोपता, अगस्त्यमुनि, चन्द्रापुरी, जखोली, ऊखीमठ, गुप्तकाशी, फाटा, मयाली, जखोली समेत कई स्थानों पर भी होली का पर्व धूमधाम से मनाई गई। जनपद में कही भी कोई अप्रिय घटना की सूचना इस मौके पर नहीं मिली।

# ढाणा बाजार में जौनसारी धुनों पर रंगों की बौछार, पारंपरिक अंदाज में मनी होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़ ( टिहरी ):** टिहरी जनपद के जौनपुर विकासखंड के अंतर्गत स्थित ढाणा बाजार में शुक्रवार को होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक धूमधाम के साथ मनाया गया।

स्थानीय युवाओं ने पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल-दमाऊ की थाप पर नृत्य करते हुए बाजार के हर घर में जाकर होली की बधाइयां दीं। गुलाल और रंगों की बौछार के बीच एक-दूसरे को गले लगाकर सभी ने भाईचारे का संदेश दिया।

बाजार के मुख्य चौक पर आयोजित कार्यक्रम में जौनपुरी, जौनसारी लो. कगीतों की धुन पर युवाओं और महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। मातृशक्ति की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने



आयोजन को और भी खास बना दिया।

इस उत्सव में भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र राणा, दिनेश रावत, पंकज मल्ल, मनवीर नेगी, कुलदीप बंगारी, मयंक बधानी, राम सिंह भंडारी, ओमप्रकाश कोठारी, रविंद्र परमार, अजय पाल, रविंद्र दत्त कोठारी, राजबाला असवाल, मोनिका रावत, प्रियंका परमार, विनीता रौछेला, राजबाला मल्ल सहित अनेक स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# रंगों के उल्लास में डूबा टिहरी, पारंपरिक अंदाज में मनाई गई होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलेभर में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक रंगों की मस्ती छाई रही। घर-घर में गुजिया, पकौड़ी समेत तरह-तरह के पारंपरिक व्यंजन बनाए गए, और लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली का आनंद लिया।



ग्रामीण क्षेत्रों में ढोल-दमाऊ की थाप पर पारंपरिक होली खेली गई। जिला मुख्यालय में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, जिला जज योगेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल, एडीएम एके पांडेय, एसडीएम संदीप कुमार और सीओ ओशीन जोशी सहित अन्य अधिकारियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली का पर्व मनाया।

नगर क्षेत्र के बौराड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत के आवास पर स्थानीय लोगों ने होली खेली और डीजे की धुन पर नृत्य किया। इस बार नगर पालिका ने पहली बार बौराड़ी स्टेडियम में सामूहिक होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां नगर पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत के नेतृत्व में शहरवासियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर उत्सव का आनंद लिया। पालिकाध्यक्ष ने घोषणा की कि अब हर साल स्टेडियम में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**■ शहर से गांव तक रंगों और संगीत के संग मना होली का त्योहार प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी खेली होली**

वहीं, घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह ने अपने गांव हुलानाखाल में समर्थकों संग होली खेली और कहा कि यह पर्व आपसी मनमुटाव दूर कर भाईचारे को बढ़ावा देता है। जिले के घनसाली, चमियाला, बूढ़ाकेदार, जाखणीधार, अंजनीसैंण, देवप्रयाग, चंबा, गजा, नरेंद्रनगर, कंडीसौड़ और नैनबाग सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी लोगों ने ढोल-दमाऊ की थाप पर पारंपरिक होली खेलकर उल्लासपूर्वक पर्व मनाया।

# श्रीनगर में आज निकाली जायेगी भव्य फूलदेई यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** फूलदेई सामाजिक एवं सांस्कृतिक कला मंच की ओर से कल (आज) नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर फूलदेई यात्रा निकाली जायेगी। यात्रा में नगर क्षेत्र के स्कूली बच्चे सहित रंगकर्मी, संस्कृति कर्मी और महिलाएं बड़ी संख्या में भागीदारी करेंगे। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा तैयार की गई घोघा माता की डोलियां, ढोल-दमाऊं, मशक. बीन आदि वाद्य यंत्रों के साथ यात्रा निकाली जायेगी। फूलदेई समिति के अध्यक्ष अनूप बहुगुणा ने बताया कि रविवार को सुबह साढ़े 6 बजे से नागेश्वर महादेव मंदिर से फूलदेई यात्रा निकाली जायेगी, जो अपर बाजार, सब्जी मंडी, गोला बाजार, गणेश बाजार, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग से होते हुए यात्रा अदिति स्मृति न्यास में संपन्न होगी। बताया कि इस दौरान बच्चों के द्वारा नगर क्षेत्र में घरों व प्रतिष्ठानों की देहरियों पर फूल डाले जाएंगे। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी।

अनूप बहुगुणा ने बताया कि स्व. लोकेश बलूनी की स्मृति में फोटोग्राफी और वीडियोंग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। साथ ही व्यापार सभा अध्यक्ष नरेश नौटियाल की माता स्व. चेतना देवी की स्मृति में लोकगीत और लोकनृत्य प्रतियोगिता और स्व. तिलक मोहन पुण्डीर की स्मृति में विद्यालय स्तर की जूनियर, सीनियर और प्राइमरी वर्ग में चित्रकला और लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

## एक नजर .......

### कंडीसौड़ में लोनिवि एई कार्यालय पुन: खोलने की मांग

**नई टिहरी।** निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य जयवीर सिंह रावत ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर कंडीसौड़ में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता (एई) कार्यालय को पुन: स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में अवगत कराया कि पूर्व में विकाखंड थौलधार के छाम क्षेत्र में चंबा लोक निर्माण विभाग का एई कार्यालय संचालित था, लेकिन छाम के टिहरी जलाशय में डूबने के बाद कंडीसौड़ में यह कार्यालय दोबारा नहीं खोला गया।रावत ने कहा कि जब थौलधार ब्लॉक में सीमित सड़कें थीं, तब यह कार्यालय स्थापित था, लेकिन अब इस क्षेत्र में करीब 400 किलोमीटर लंबी कच्ची और पक्की सड़कें हैं, जिनके रखरखाव के लिए स्थानीय स्तर पर एक एई कार्यालय आवश्यक है। वर्तमान में चंबा लोक निर्माण विभाग से इन सड़कों की निगरानी की जा रही है, लेकिन चंबा से इन क्षेत्रों की दूरी 140 किलोमीटर से अधिक होने के कारण अभियंताओं और स्थानीय लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### राशन कार्ड न बनने पर लोग परेशान

श्रीनगर। कीर्तिनगर में राशन कार्ड न बनने से पात्र लोगों को दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर है। जिससे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राशन कार्ड को लेकर कई बार आवेदन करने के बाद भी कार्ड नहीं बन सका। इसे लेकर वह परेशान हैं। नगर पंचायत कीर्तिनगर से कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रामलाल नौटियाल ने कहा कि राशन कार्ड के पात्र उपभोक्ता लम्बे समय से राशन कार्ड बनवाने को लेकर खाद्य पूर्ति विभाग के चक्कर काट रहें है, लेकिन राशन कार्ड नहीं बन पा रहें है। उन्होंने राशन कार्ड बनाने को लेकर अधिकारियों पर अनाकानी करने का आरोप लगया। कहा कि लोगों के दास्तावेज पूरे न होने सहित साइट न चलने का बहना बनाकर लोगों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। कहा कि यदि जल्द से राशन कार्ड की समस्या का निस्तारण नहीं किया जाता है तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### श्रीनगर में धडल्ले से दौड़ रहें खनन के ओवरलोड वाहन

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र में खनन सामग्री ले जा रहे ओवरलोड वाहन कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना कर सकते है। स्वीत पुल से कीर्तिनगर पुल तक ओवरलोड वाहनों की गति पर भी कोई नियंत्रण नहीं है। स्थानीय निवासी भोपाल चौधरी ने कहा कि जहां एक बड़े वाहन में नौ टन तक खनन सामग्री ले जाने की अनुमति रहती है उसमें पंद्रह टन से अधिक खनन परिवहन किया जा रहा है। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान तो हो ही रहा है, वहीं दूसरी ओर सड़क पर परिवहन कर रहे यात्रियों की जान भी खतरे में बनी हुई है। कहा कि तेज रफतार ओवरलापेड वाहन दुर्घटना को न्यौता दे सकते हैं। इधर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्रीनगर मणिभूषण श्रीवास्तव ने कहा कि ओवरलोडिंग को लेकर अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है, पुलिस की ओर से नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। खनन संबंधित ओवरलोडिंग की शिकायत मिलते ही कार्यवाही की जाएगी।

### ज्ञानवृक्ष स्कूल में धूमधाम से मनाया फूलदेई पर्व

**कोटद्वार ।** नगर निगम कोटद्वार के अंतर्गत पदमपुर सुखरौं स्थित ज्ञानवृक्ष स्कूल में शनिवार को फूलदेई पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने विद्यालय की देहरी पर फूल बरसाए। प्रधानाचार्य ज्योत्सना कुकरेती ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को उत्तराखंड के लोक पर्वों की जानकारी भी दी जाती है और उन्हें पर्वों से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। बताया कि यह पर्व प्रकृति से जुड़ा है और बसंत ऋतु के स्वागत के लिए मनाया जाता है। पर्व में बच्चे घर की देहरी पर बैठकर लोकगीत गाने के साथ ही घर-घर जाकर फूल बरसाते हुए मंगल कामना करते हैं। साथ ही बच्चों को फूलदेई के माध्यम से पहाड़ से, पेड़-पौधों, फूल-पत्तियों और नदियों से प्रेम करने की सीख भी दी जाती है।

### ज्ञानवृक्ष स्कूल में धूमधाम से मनाया फूलदेई पर्व

**कोटद्वार ।** नगर निगम कोटद्वार के अंतर्गत पदमपुर सुखरौं स्थित ज्ञानवृक्ष स्कूल में शनिवार को फूलदेई पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने विद्यालय की देहरी पर फूल बरसाए। प्रधानाचार्य ज्योत्सना कुकरेती ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को उत्तराखंड के लोक पर्वों की जानकारी भी दी जाती है और उन्हें पर्वों से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। बताया कि यह पर्व प्रकृति से जुड़ा है और बसंत ऋतु के स्वागत के लिए मनाया जाता है। पर्व में बच्चे घर की देहरी पर बैठकर लोकगीत गाने के साथ ही घर-घर जाकर फूल बरसाते हुए मंगल कामना करते हैं। साथ ही बच्चों को फूलदेई के माध्यम से पहाड़ से, पेड़-पौधों, फूल-पत्तियों और नदियों से प्रेम करने की सीख भी दी जाती है।

### बलूनी स्पोर्ट्स यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स का हुआ भूमि पूजन

**कोटद्वार ।** बलूनी ग्रुप आफ एजुकेशन प्रबंधन की ओर से कोटद्वार क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए स्पोर्टस यूटिलिटी काम्प्लैक्स बनाने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में शनिवार को बलूनी स्पोर्ट्स यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स का भूमि पूजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जीआरआरसी लैंसडौन के ब्रिगेडयर विनोद सिंह नेगी, गढ़वाली लोक गायक रोहित चौहान और बलूनी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के पदाधिकारियों ने भूमि पूजन कर किया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने कहा कि बलूनी ग्रुप आफ एजुकेशन एक ओर जहां छात्रों को उच्च स्तर का ज्ञान प्रदान करने के साथ ही उनको प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कर रहा है वहीं ग्रुप की ओर से स्पोर्टस काम्लैक्स निर्माण का निर्णय लिया गया है, जो सराहनीय है। इससे भविष्य के लिए बेहतर खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे। तत्पश्चात लोकगायक रोहित चौहान, अंजलि खरे व अमित खरे ने गढ़वाली गीतों की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया ।

### शैल शिल्पी विकास संगठन ने बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**कोटद्वार ।** शैल शिल्पी विकास संगठन की ओर से शनिवार को उत्तराखंड रत्न व बसपा संस्थापक कांशीराम की 91 वीं जयंती के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सिम्भलचौड़ स्थित संगठन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात आयोजित गोष्ठी में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास आर्य ने कहा कि वे संपूर्ण बहुजन समाज के नायक थे। उन्होंने सदियों से वंचित व शोषित बहुजन समाज में सामाजिक व राजनैतिक चेतना का संचार किया और उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में बसपा की स्थापना की। साथ ही उन्होंने प्रदेश में चार बार बसपा की सरकार बनाकर कीर्तिमान स्थापित किया। अनूप पाठक ने कहा कि कांशीराम की त्याग और तपस्या को बहुजन समाज कभी भुला नहीं सकता। संगठन के पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार ने कांशीराम की जीवनी को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, एक की मौत एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** थाना रिखणीखाल क्षेत्र के राजस्व ग्राम गुनेड़ी के नजदीक शुक्रवार को एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से दो सौ मीटर नीचे खाई में गिर गई। दुर्घटना में एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष रिखणीखाल मौ. अकरम ने बताया कि शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम से थाना रिखणीखाल को सूचना प्राप्त हुई कि रिखणीखाल क्षेत्रान्तर्गत राजस्व ग्राम गुनेडी के पास एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में गिर गयी।

इस सूचना पर वे पुलिस टीम व आपदा उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस टीम द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। कड़ी मशक्कत व स्ट्रेचर के सहारे घायल व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से खाई से निकालकर निजी वाहन के माध्यम से राजकीय चिकित्सालय रिखणीखाल पहुंचाया गया जहां घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेस अस्पताल कोटद्वार रेफर किया गया तथा दुर्घटना में मृत व्यक्ति का पंचायतनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। दुर्घटना में घायल व्यक्ति की पहचान अमित रावत, उम्र 36 वर्ष, पुत्र केसर सिंह रावत और मृतक की पहचान मनवर सिंह, उम्र 60 वर्ष, पुत्र ठगे सिंह, निवासी गुनेडी के रूप में हुई।

# सजने लगा श्री दरबार साहिब, रौनक में लगे चार चांद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** होली पर्व के बाद श्री दरबार साहिब में रौनक और बढ़ने लगी हैं। श्री दरबार साहिब में संगतों के पहुंचने का क्रम तेज हो गया है। श्री दरबार साहिब सजने लगा है, मेला बाजार में दुकानों की साज सज्जावट को लेकर मेला बाजार दुकानदारों के चेहरें पर रौनक है। मेले में लगने वाले विभिन्न झूलों को कारीगरों ने फाइनली तैयार कर लिया है। कुल मिलाकर मेले की रौनक में चार चांद लगने लगे हैं। देश के विभिन्न हिस्सों सहित विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान से श्रद्धालु शनिवार देर शाम तक श्री दरबार साहिब पहुंचते रहे। झंडे मेले की प्रबंधन समिति ने अनुमान लगाया है कि पवित्र ध्वज दंड के

**■ श्री दरबार साहिब में संगतों के पहुंचने का क्रम हुआ तेज, रविवार को संगतें कंधे पर नए ध्वज दण्ड को लेकर एसजीआरआर बाम्बे बाग से श्री दरबार साहिब लेकर आएंगी**

आध्यात्मिक दर्शन का लाभ उठाने के लिए लाखों की संख्या में संगत व श्रद्धालु श्री दरबार साहिब पहुंचेंगे। मेला 06 अप्रैल रामनवमी को सम्पन्न हो जाएगा।

शनिवार को नियमित दैनिक पूजा अर्चना के बाद श्री दरबार साहिब के सज्जादानशीन श्रीमहंत देवेंद्र दास



महाराज ने संगतों को दर्शन दिए। महाराज ने अपने संदेश में सभी राज्यवासियों एवम् देशवासियों को श्री झण्डे मेले की बधाई एवम् शुभकामनाएं दीं। उन्होंने झंडे मेला आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवम् अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। झण्डा मेला आयोजन समिति के द्वारा मेला तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री दरबार साहिब लंगर हॉल में संगतों के लिए लंगर प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। इस समय संगतों के लिए 3 बड़े लंगर चल रहे हैं।

रविवार को एसजीआरआर पब्लिक स्कूल बॉम्बे बाग से संगतें नए ध्वज दण्ड को कंधों पर उठाकर श्री दरबार साहिब लेकर जाएंगी। इस कार्य को लेकर सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। इस पावन बेला का साक्षी बनने के लिए देश विदेश से संगतें श्री दरबार साहिब पहुंच चुकी हैं। श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज की अगुवाई में रविवार सुबह 7:30 बजे संगतें एसजीआरआर बॉम्बे बाग से नए ध्वज दण्ड को लेकर प्रस्थान करेंगी। पवित्र ध्वज दण्ड को कंधें पर उठाए संगतें टीएचडीसी चौक, श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के सामने से होते हुए लाल पुल चौक पहुंचेंगी, वहां से मातावाला बाग होते हुए श्री दरबार साहिब में ध्वज दण्ड को पहुंचाएंगी।

# पोषण और शिक्षा पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा पोषण भी और पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हो गई। कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रशिक्षित किया गया।



अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और बाल विकास विभाग प्रतापनगर के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक मुख्यालय प्रता. पनगर में आयोजित इस कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन से छह वर्ष तक के बच्चों के विकासात्मक पहलुओं, खेल-आधारित शिक्षण गतिविधियों और पोषण-कुपोषण प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला की प्रशिक्षकों मंजू रावत और अक्षत ने पोषण भी और पढ़ाई भी तथा आधारशिला नवचेतना कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास से जुड़े आवश्यक कौशल सिखाए।

इसके अलावा, कार्यकर्ताओं को बच्चों की वृद्धि निगरानी, पोषण सुधार और बेहतर देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता सेमवाल, सुपरवाइजर देवेश्वरी बहुगुणा, ब्लॉक समन्वयक प्रेम रावत, उषा पंवार, कैलाशी सेमवाल, संगीता रावत, गोदांबरी पोखरियाल और सुमति बिष्ट सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# गुलदार ने महिला पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** वन्यजीव मानव संघर्ष की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। आये दिन गुलदार के हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऊखीमठ ब्लॉक के डमार गांव की एक महिला पर घात लगाए गुलदार ने हमला कर लहू लुहान कर दिया। आस-पास के लोगों के शोर मचाने के बाद गुलदार ने महिला को छोड़कर भाग गया। परिजनों ने महिला को अगस्त्यमुनि अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार डमार गांव की दर्शनी देवी पत्नी स्वर्गीय बागानी लाल (50) जंगल में घास लेने गई गई थी, जहां दोपहर दो बजे घात लगाए गुलदार ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। साथ की महिलाओं के शोर मचाने पर गुलदार महिला को छोड



भाग गया, मगर तब तक महिला के गले, हाथों में गुलदार ने कई घाव कर दिए। परिजनों ने महिला को अगस्त्यमुनि अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। ग्रामीण राजेश नेगी ने बताया कि अब तक गुलदार ग्रामीणों के कई खच्चर मार चुका है, जबकि महिलाओं पर आये दिन गुलदार घात लगाकर हमला कर रहा है। ग्रामीण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वन विभाग को शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

# श्रीनगर में शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई होली

श्रीनगर। नगर क्षेत्र में रंगोत्सव और भाईचारे का पर्व होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई। शहर से किसी भी तरीके से कोई भी हुडदंग व लडाई झगड़े और दुर्घटना का कोई भी मामला नहीं आया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में होली का पर्व बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कहा कि शहर में किसी भी प्रकार की घटना सामने नहीं आई है। कहा कि शहर में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का पर्व संपन्न हुआ है।

# तिनगढ़ के विस्थापित परिवारों का ब्योंटी में घर निर्माण कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** आपदा प्रभावित भिलंगना ब्लॉक के तिनगढ़ गांव के 72 परिवारों ने ब्योंटी (न्यू तिनगढ़) में अपने नए आशियानों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। प्रशासन इसे एक मॉडल विलेज के रूप में विक. सित करने की योजना बना रहा है, जहां सड़क, सोलर स्ट्रीट लाइट, पेयजल कनेक्शन, नालियां और सार्वजनिक बैठक स्थल जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।



सरकार ने प्रत्येक परिवार को घर बनाने के लिए 4.50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है, जिसकी पहली किश्त 2.25 लाख रुपये प्रत्येक चिन्हित परिवार को जारी कर दी गई है। गौरतलब है कि जुलाई 2024 में आई प्राकृतिक आपदा के कारण बूढ़ाकेदार क्षेत्र का तिनगढ़ गांव भारी भूस्खलन की चपेट में आ गया था, जिससे पूरा गांव खतरे की जद में आ गया था। जिला और तहसील प्रशासन की तत्परता से समय रहते गांव को खाली करा लिया गया, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। हालांकि, कई घर लोगों के सामने ही जमींदोज हो गए थे।

आपदा के बाद प्रशासन ने 72 प्रभावित परिवारों को राहत कैंप जीआईसी बिनकखाल में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया, और बाद में इन्हें किराये के भवनों में भेज दिया गया। इस बीच प्रशासन ने तिनगढ़ गांव के पूर्ण विस्थापन के लिए निकटवर्ती ब्योंटी नामक स्थान को चयनित किया। भूवैज्ञानिकों की रिपोर्ट के आधार पर इस स्थान को सुरक्षित मानते हुए इसे विकसित किया जा रहा है।

बीते 7 फरवरी को विधायक शक्ति लाल शाह ने प्रभावित 72 परिवारों को पहली किश्त के रूप में प्रति परिवार 2.25 लाख रुपये की धनराशि जारी की थी, जिससे कुल 1.76 करोड़ रुपये वितरित किए गए। धनराशि प्राप्त होने के बाद ग्रामीणों ने भवन निर्माण शुरू कर दिया है।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि इस नए पुनर्वास क्षेत्र को ष्न्यू तिनगढ़ष् नाम दिया गया है, जहां सभी घर एक ही शैली में बनाए जाएंगे। गांव को एक मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने के लिए लोनिवि ने सड़क निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। प्रशासन का प्रयास है कि आगामी चार माह के भीतर भवन निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाओं का कार्य पूरा कर लिया जाए, ताकि बरसात से पहले ग्रामीणों को उनके नए घर मिल सकें। गांव में सोलर स्ट्रीट लाइट, पैदल पथ, गौशाला, बिजली और पानी जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे यह एक आदर्श पुनर्वास बस्ती के रूप में विकसित हो सके।

# वनाग्नि रोकथाम के लिए हंस फाउंडेशन ने दिया विशेष प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** वनाग्नि शमन एवं रोकथाम परियोजना के तहत हंस फाउंडेशन की पहल पर मसूरी वन प्रभाग की जौनपुर रेंज के विभिन्न गांवों के वनाग्नि प्रबंधन समिति के सदस्यों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में वनाग्नि रोकथाम के उपायों के साथ ही चीड़ के पिरूल से बायो-ब्रिकेट (कोयला) बनाने की विधि सिखाई गई। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद करेगी, बल्कि जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं को भी कम करने में सहायक साबित होगी।

जौनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत अलमस, रौतू की बेली, ब्रह्मसारी, फेड़ी-किमोड़ा सहित अन्य गांवों के किसानों और वनाग्नि प्रबंधन समिति के सदस्यों को थत्यूड़ में हंस फाउंडेशन के विशेषज्ञों द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। हंस फाउंडेशन के मोटिवेटर रणजीत सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को वैकल्पिक ईंधन उपलब्ध कराना और वनाग्नि की घटनाओं को न्यून करना है।

**■ चीड़ की पिरूल से बनेगा बायो-ब्रिकेट, वनाग्नि का खतरा होगा कम**

उन्होंने बताया कि चीड़ के पिरूल जंगलों में आग लगने का एक बड़ा कारण होता है। इस परियोजना के तहत जंगलों से पिरूल हटाकर उसे बायो-ब्रिकेट में बदला जा रहा है, जिससे यह एक उपयोगी वैकल्पिक ईंधन बन सकेगा। इससे न केवल ग्रामीणों को सस्ते ईंधन का लाभ मिलेगा, बल्कि जंगलों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

Page 5--_Dummy page.qxd 3/15/2025 9:33 PM Page 1



## कैबिनेट मंत्री ने की पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल कोश्यारी से मुलाकात



**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान होली पर्व की बधाई दी। साथ ही समसामयिक विषयों पर वार्ता हुई। कैबिनेट मंत्री डा. अग्रवाल ने ईश्वर से प्रार्थना की और कहा कि प्रेम और सौहार्द का यह पर्व आपके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। इस मौके पर रंगों के इस पावन पर्व पर उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई।

# सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने फौजियों के साथ मनाई होली



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** रंगों के पर्व होली के शुभ अवसर पर प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी देहरादून के गढ़ी कैंट में फौजियों के बीच पहुंचे और उनके साथ होली मनाई। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय सेना में तैनात जवानों से मुलाकात कर उन्हें होली की बधाई दी और उन्हें मिष्ठान खिलाया। उन्होंने कहा कि होली भाईचारे और सौहार्द का त्यौहार है, जो समाज में प्रेम और समरसता का संदेश देता है। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री धामी हमेशा पर्व के दौरान, चाहे होली हो या दीवाली, सैनिकों के बीच जाकर मनाते हैं, जो हमारे वीर सैनिकों का मनोबल बढ़ाता है।

## एआईसीसी की विस्तारित कार्य समिति में 40 कांग्रेसी करेंगे प्रतिभाग

**देहरादून।** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक व अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति सदस्यों की बैठक आगामी आठ व नौ अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित की जा रही है जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। उक्त जानकारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने शनिवार को अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि यह बैठकें अहमदाबाद के साबरमती तट आश्रम रोड में आयोजित की जा रही। धस्माना ने बताया कि महात्मा गांधी की कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उनकी अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बेलगांव में कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुरूप उसकी निरंतरता में आयोजित की जा रही हैं।

# दून के दो पुलिसकर्मियों की मौत से महकमे में मचा हडकंप

## एसएसपी ने दोनों मृतक पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता



**देहरादून।** नगर कोतवाली की लक्खीबाग चौकी पर तैनात एक कांस्टेबिल की हृद्रयगति रूक जाने से मौत हो जाने के सदमे से अभी दून पुलिस अधिकारी निकले भी नहीं थे कि अचानक खबर मिली की लीवर और गुर्दों की बिमारी से ग्रस्त पुलिस लाईन में तैनात कांस्टेबिल की भी मौत हो गई। दो पुलिसकर्मियों की मौत हो जाने से दून पुलिस में मातम छा गया। एसएसपी ने दोनों मृतक पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को सांतवना दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के कार्यालय द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि देहरादून की नगर कोतवाली क्षेत्र की लक्खीबाग चौकी पर तैनात कांस्टेबिल नागरिक पुलिस दयाराम यादव को अचानक हृद्रयघात हो गया। एसएसपी कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हृद्रयघात हो जाने से उक्त कांस्टेबिल दयाराम यादव की मौत हो गई। मामले की जानकारी एसएसपी को दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 1995 बैच के कांस्टेबिल की मौत पर पुलिस महकमे में शौक की लहर दौड़ गई। अभी पुलिस अधिकारी अपने सिपाही की मौत से उभर भी नहीं पाए थे कि इस दौरान एसएसपी को जानकारी मिली की पुलिस लाईन में तैनात कांस्टेबिल नागरकि पुलिस राजेंद्र प्रसाद का लीवर औश्र गुर्दों की बिमारी के चलते एम्स ऋषिकेश में उचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि करीब एक सप्ताह से उक्त कांस्टेबिल वहां पर भर्ती होकर अपना उपचार करवा रहे थे लेकिन तीन दिन पूर्व उनकों श्री महंत इंद्रेश अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां पर उन्होंने अंतिम सांस ली।

# बाईक सवार लुटेरों ने दो लोगों से लुटे मोबाइल फोन

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र आईएसबीटी के समीप बाईक सवार दो लुटेरों ने राह चलते एक व्यक्ति

- दिन दहाड़े मोबाइल लूट की खबर से पुलिस विभाग में मचा हडकंप
- विकासनगर पुलिस ने मोबाइल लूट का किया खुलाया, एक गिरफ्तार

से उसका मोबाइल फोन लूट लिया। मोबाइल लूट लिए जाने की खबर से पुलिस महकमे में हडकंप मच गया। अभी पुलिस बाईक सवारों की तलाश कर ही रही थी कि सूचना मिली की बाईक सवार लुटेरों द्वारा विकासनगर कोतवाली क्षेत्र के हर्बटपुर चौक पर एक अन्य व्यक्ति से उसका मोबाइल लूट लिया। मोबाइल लूट की दो वारदाते घटित हो जाने से पुलिस अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लेते हुए दोनों लूट की वारदातों का खुलासा करने के निर्देश दिए जिसके बाद विकासनगर कोतवाली पुलिस ने महिला से मोबाइल लूटने के आरोपी बाईक सवार लुटेरे को गिरफ्तार कर उसके पास से लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया। पटेलनगर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत करवाते हुए रितेंद्र कुमार पुत्र रामफल सिंह निवासी टीएचडीसी बंजारावाला ने बताया कि वह विगत कुछ दिन पूर्व किसी कार्य से आईएसबीटी गया था। उसने बताया कि इस दौरान बाईक सवार दो लोगों ने उसका वहां पर रास्ता रोक लिया और उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। मोबाइल लूट की खबर के बाद स्थानीय पुलिस में हडकंप मच गया। आनन-फानन में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राणा ने मोबाइल लूट की वारदात में शामिल दोनों मोबाइल लुटेरों को पकड़ने के लिए घटनास्थल के समीप लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगला और लुटेरों की तलाश प्रारंभ की दी। पुलिस ने आरोपी को संबंधित न्यायालय में पेश किया जहां से उसे चौदह दिन की न्यायिक अभिरक्षा में सलाखों के पीछे भेज दिया गया।



## कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने परिवार संग मनाई होली



**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अपने शासकीय आवास यमुना कॉलोनी देहरादून में परिवार व अन्य लोगो के साथ होली मनाई। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने असत्य व अधर्म एवं अत्याचार पर भक्ति की जीत के प्रतीक पर्व होली पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि रंगों का पर्व होली हमें विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं को मानने वाले लोगों के बीच सौहार्द्र और शांति का संदेश देता है।

# डॉ. अग्रवाल ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जनता को दी होली की बधाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऋषिकेश ।** होली पर्व के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल को उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। वहीं, मंत्री अग्रवाल ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे और यहां की जनता को बधाई देने के बाद नगर की ओर प्रस्थान किया। यहां विभिन्न क्षेत्रों में बधाई देते हुए आवागमन के दौरान विक्रम, सड़क से गुजर रहे लोगों से भी मुलाकात की। इस दौरान युवाओं में मंत्री अग्रवाल के साथ सेल्फी का दौर चलता रहा।

वहीं, वरिष्ठ नागरिकों ने मंत्री अग्रवाल को अपना आशीर्वाद दिया। होली के दिन मंत्री अग्रवाल के ऋषिकेश आवास पर सुबह से ही क्षेत्र की जनता पहुंचने लगी। यहां अबीर गुलाल लगाकर जनता ने मंत्री अग्रवाल को होली पर्व की बधाई दी। इसके बाद मंत्री अग्रवाल युवाओं के साथ होली खेलने के लिये मोटरसाइकिल पर सवार होकर क्षेत्र की ओर निकले। ग्रामीण क्षेत्रों से विभिन्न जगहों से शुरूआत करने के साथ मंत्री अग्रवाल ने नगरीय क्षेत्रों का दौरान किया।



# कैबिनेट मंत्री जोशी से मिले टाटा मैजिक जनकल्याण सेवा समिति के पदाधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से शनिवार को उनके कैंप कार्यालय में टाटा मैजिक जनकल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल मिला। प्रतिनिधि मंडल ने उत्तराखंड स्वच्छ गतिशीलता नीति 2024 के तहत दी जाने वाली अनुदान राशि को वाहन संचालकों को शीघ्र जारी करने की मांग रखी। प्रतिनिधियों ने बताया कि इस नीति के अंतर्गत दी जाने वाली अनुदान राशि का बजट परिवहन विभाग को आवंटित हो चुका है, लेकिन अभी तक वाहन संचालकों को इसका लाभ नहीं मिला है। इस पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने तुरंत सचिव परिवहन से दूरभाष पर बात कर मामले के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सरकार वाहन संचालकों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है और उनकी मांगों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। इस दौरान प्रतिनिधिमण्डल में टाटा मैजिक जनकल्याण सेवा समिति अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, सचिव बलजीत सिंह बिष्ट सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## होली पर्व व जुमे नमाज शांतिपूर्वक संपंन



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** होली पर्व और रमजान के महीने का जुमा एक साथ पड़ने पर विकासनगर पुलिस ने बड़े शांति पूर्वक जुमे की नमाज अदा करवाई। पुलिस ने सुबह से ही सभी धर्म के लोगों से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की। जुमे की नमाज शांतिपूर्वक अदा कराने के लिए भारी पुलिस बल मस्जिद के बाहर मौजूद रहा। ताकि कोई भी शरारती तत्वों माहौल को खराब न कर सके। होली और जुमे की नमाज को देखते हुए सीओ विकासनगर भास्कर लाल शाह ने खुद मोर्चा संभाले रखा और होली व जुमे की नमाज शांतिपूर्वक अदा करवाई। इस मौके पर सीओ भास्कर लाल शाह, कोतवाल राजेंद्र साह और चौकी बाजार प्रभारी वैभव गुप्ता आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने मुस्लिम समाज के लोगों के साथ फोटो भी खिंचवाई और आभार भी प्रकट किया।

# सजने लगा श्री दरबार साहिब, रौनक में लगे चार चांद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** होली पर्व के बाद श्री दरबार साहिब में रौनक और बढ़ने लगी हैं। श्री दरबार साहिब में संगतों के पहुंचने का क्रम तेज हो गया है। श्री दरबार साहिब सजने लगा है, मेला बाजार में दुकानों की साज सज्जावट को लेकर मेला बाजार दुकानदारों के चेहरें पर रौनक है। मेले में लगने वाले विभिन्न झूलों को कारीगरों ने फाइनली तैयार कर लिया है। कुल मिलाकर मेले की रौनक में चार चांद लगने लगे हैं। देश के विभिन्न हिस्सों सहित विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान से श्रद्धालु शनिवार देर शाम तक श्री दरबार साहिब पहुंचते रहे। झंडे मेले की प्रबंधन समिति ने अनुमान लगाया है कि पवित्र ध्वज दंड के आध्यात्मिक दर्शन का लाभ उठाने के लिए लाखों की संख्या में संगत व श्रद्धालु श्री दरबार साहिब पहुंचेंगे। मेला 06 अप्रैल रामनवमी को सम्पन्न हो जाएगा। शनिवार को नियमित दैनिक पूजा अर्चना के बाद श्री दरबार साहिब के सज्जादानशीन श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने संगतों को दर्शन दिए। महाराज ने अपने संदेश में सभी राज्यवासियों एवम्देशवासियों को श्री झण्डे मेले की बधाई एवम् शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने झंडे मेला आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवम् अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। झण्डा मेला आयोजन समिति के द्वारा मेला तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री दरबार साहिब लंगर हॉल में संगतों के लिए लंगर प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। इस समय संगतों के लिए 3 बड़े लंगर चल रहे हैं। रविवार को एसजीआरआर पब्लिक स्कूल बॉम्बे बाग से संगतें नए ध्वज दण्ड को कंधों पर उठाकर श्री दरबार साहिब लेकर जाएंगी। इस कार्य को लेकर सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। इस पावन बेला का साक्षी बनने के लिए देश विदेश से संगतें श्री दरबार साहिब पहुंच चुकी हैं। श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज की अगुवाई में रविवार सुबह 7:30 बजे संगतें एसजीआरआर बॉम्बे बाग से नए ध्वज दण्ड को लेकर प्रस्थान करेंगी। पवित्र ध्वज दण्ड को कंधें पर उठाए संगतें टीएचडीसी चैक, श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के सामने से होते हुए लाल पुल चैक पहुंचेंगी, वहां से मातावाला बाग होते हुए श्री दरबार साहिब में ध्वज दण्ड को पहुंचाएंगी।

# जोशी बोले, शीघ्र प्रारम्भ होगा अनारवाला मालसी मोटर मार्ग का निर्माण कार्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को अपने शासकीय आवास में मसूरी विधानसभा क्षेत्र में

- कैबिनेट मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

लोक निर्माण विभाग द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा की। बैठक के दौरान लोनिवि के अधिशासी अभियंता जितेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि अनारवाला मालसी मोटर मार्ग सहित कई अन्य मार्गो में निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारम्भ कर दिया जाऐगा।

काबीना मंत्री गणेश जोशी को विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मोटीधार मसराना मोटर मार्ग वन विभाग की सहमति के लिए गया है जबकि चामासारी लुहारीगढ़, बुरासखण्डा गढ़ और छोटी छमरोली डामकोट सड़क निर्माण के प्रस्ताव वन क्षतिपूर्ति के लिए भूमि आवंटन करने हेतु जिलाधिकारी को प्रेषित किया गया है। क्यारा धनोल्टी मोटर मार्ग में निर्माण के लिए मंत्री ने निर्देशित किया गया इस सड़क का सम्पूर्ण आगणन बनाकर तत्काल कार्यवाही की जाए, उन्होंने कहा कि यह सड़क उनकी प्राथमिकता में है। इसी प्रकार, बिलासपुर काड़ली एवं चन्द्रोटी जिला पंचायत क्षेत्र में सड़कों के निर्माण करवाया जाऐगा। मंत्री ने बताया कि गढ़ी कैंट में सड़कों का निर्माण प्रस्तावित था किन्तु सीवर लाईन का कार्य स्वीकृत होने के चलते कैंट क्षेत्र में पहले सीवर लाईन बिछाने का कार्य करवाया जाऐगा। उन्होंने अधिकारियों को अनारवाला मालसी मोटर मार्ग पर निर्माण कार्य तत्काल करवाने को निर्देशित किया। उन्होंने मसूरी शहर में भी सड़कों की स्थिति को ठीक करने तथा मोतीलाल नेहरु मार्ग में निर्माण कार्य का अतिशीघ्र शिलान्यास करवाने के निर्देश दिये।

अधिशासी अभियंता जितेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि अनारवाला मालसी मोटर मार्ग में वृक्षों को बचाते हुए दोनों तरफ टाईल्स से कार्य किया जाएगा और सड़क को हाटमिक्स से बनाया जाऐगा। कुछ स्थानों पर विद्युत खम्बों को स्थानान्तरित करने की कार्यवाही भी अतिशीघ्र कर ली जाऐगी।



# रमजान माह के दूसरे जुमे की रोजेदारों ने अदा की नमाज

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** पछवादून की सभी मस्जिदों में रमजानुल मुबारक के दूसरे जुमे की नमाज पूरी अकीदत के साथ अदा की गई। विकासनगर जामा मस्जिद में जुमे की नमाज पेश ईमाम मुफ्ती जुबैर अहमद ने अदा करायी। रोजेदारों ने कौम की तरक्की के साथ साथ देश व प्रदेश की खुशहाली तथा अमन शांति की दुआएं मांगी। इस दौरान होली पर्व को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर पछवादून की सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स मौजूद रही। जामा मस्जिद विकासनगर के पेश इमाम मुफ्ती जुबैर अहमद ने नमाज से पहले अपने बयान में रमजान की फजीलत बताई तथा कहा कि रोजा हर बालिग औरत व मर्द पर फर्ज है। रमजान के मुकद्दस महीने में जुमे का भी विशेष महत्व होता है। उन्होंने रमजान को रूह की तरबियत व इबादत का महीना बताते हुए कहा कि यह महीना खालिस इबादत करने का महीना है। इस मुकद्दस महीने में जितनी भी खुदा की इबादत की जाए कम है। कहा रोजा इंसान की तमाम बुराईयों से बचाता है। अगर इंसान सिर्फ अपने कमियां देखकर उन्हें दूर करने की कोशिश करे तो दुनिया से बुराईयां खुद ब खुद समाप्त हो जाएगी।



## यमुना नदी में नहाते वक्त एक युवक की डूबने से मौत

**विकासनगर।** अपने दोस्तों के साथ कटापत्थर विकासनगर में होली मनाने आया एक युवक यमुना नदी में नहाते वक्त पानी में डूबने से हुई मौत। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनमोल पुत्र अरबिन्द हाल निवासी रिस्पना पुल देहरादून उम्र करीब 21 जो मूल रुप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था तथा वर्तमान में रिस्पना पुल देहरादून में किराये पर रहता था। बीते शुक्रवार को दोपहर अपने दोस्तों के साथ होली मनाने के लिए कटापत्थर विकासनगर आया था जो कि दोस्तों के साथ यमुना नदी में नहाते समय पानी में डूब गया था जिसे उसके साथियों द्वारा पानी से बाहर निकालकर उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल लेहमन विकासनगर ले जाया गया। जंहा पर चिकित्सकों द्वारा अनमोल को मृत घोषित किया गया।

# भीषण सड़क हादसा:- लोखंडी में खाई में गिरी कार

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** शनिवार सुबह चकराता के लेवरा गांव से चार लोग एक अल्टो कार में सवार होकर बुधेर मोटर मार्ग की ओर जा रहे थे। रास्ते में द्वार डांडा के पास कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस-प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। सूचना मिलते ही प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद चकराता के सरकारी अस्पताल भेजा गया। इस दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायल अस्पताल में भर्ती हैं। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। क्षेत्रीय राजस्व उपनिरीक्षक अनिल चौहान ने बताया कि यह हादसा शनिवार सुबह करीब 6 बजे हुआ। कार में सवार चार लोगों में से प्रकाश (32) पुत्र टोलू और गुड्डू (33) पुत्र नंदिया, ग्राम लेवरा, तहसील चकराता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गजेंद्र (28) पुत्र तुलसी और शेरू (29) पुत्र नैणू, ग्राम लेवरा घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए चकराता अस्पताल भेजा गया है।

एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया। टीम में हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, सिपाही वेद प्रकाश, रुस्तम सिंह, धजवीर चौहान, चालक आशीष चौहान, सर्वजीत सिंह और सुलेमान त्यागी शामिल रहे। यह हादसा क्षेत्र में शोक की लहर छोड़ गया है। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि पहाड़ी रास्तों पर वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें।



# चकराता छावनी क्षेत्र में नहीं होगी पानी की किल्लत

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** छावनी परिषद चकराता द्वारा क्षेत्र के पोलो ग्राउंड से बनाई गई नई पेयजल योजना का कार्य पूरा होने पर छावनी बोर्ड के अध्यक्ष ब्रिगेडियर अलीन देब साहा ने पेयजल योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस योजना से मिलने वाले पानी से चकराता के सिविल व सैन्य क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होगा।

बोर्ड अध्यक्ष ब्रिगेडियर अलीन देब साहा ने गुरुवार सुबह पम्प का बटन दबा इस योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि चकराता केंट में पेयजल समस्या को देखते हुए उन्होंने कैन्ट के साथ मिलकर इस योजना को बनाने की कार्ययोजना बनाई थी। जिसे आज धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि चकराता में पानी की कमी को दूर किया जाए व यहां की जनता को बोर्ड से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिया जा सके। कहा कि चकराता को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए बोर्ड प्रयासरत है। दरअसल, चकराता कैंट ने पेयजल की काफी परेशानी है। चकराता छावनी की सिविल व सेना क्षेत्र में आपूर्ति कर रही ब्रिटिश कालीन पेयजल लाइन पर निर्भर है।

सीईओ कैंट आरएन मंडल ने बताया कि छावनी परिषद लंबे समय से पेयजल स्रोत तलाश कर रहा था। पोलो ग्राउंड के समीप स्थित एक पेयजल स्रोत से पाइप लाइन का निर्माण किया है। जिसका चालीस हजार लीटर क्षमता का स्टोरेज टैंक चिलमिरी में बनाया गया है। पम्प के माध्यम से इस पेयजल टैंक से चकराता छावनी बाजार को व सैन्य क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की जाएगी। कहा कि इस टैंक से रोजाना बाजार को 20 से 25 हजार लीटर व सैन्य क्षेत्र में 10 से पन्द्रह हजार लीटर पानी पहुंचेगा। जिससे पेयजल समस्या हल होने में काफी सहारा मिलेगा। इस मौके पर बोर्ड अध्यक्ष ब्रिगेडियर अलीन देब साहा, सीईओ आरएन मंडल, सदस्य छावनी परिषद अनिल चांदना, एसओ टू पीसी बी लेफ्टीनेंट कर्नल अरविंद सिरोही, जे ई दीपक जुगरान, आदि अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।



# एसएसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ धूमधाम से खेली होली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** होली एवं रमजान की नमाज एक साथ होने के कारण हरिद्वार पुलिस के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती थी जिसको वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में समस्त पुलिस बल के आपसी समन्वय एवं सतर्कता से सकुशल संपन्न होने के बाद शनिवार को अपनी होली मनाने का मौका मिला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल की मौजूदगी ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया, पुलिस के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगणों द्वारा एक साथ के आवास, पुलिस लाइन रोशनाबाद एवं जनपद के समस्त थानो में एक दूसरे पर अबीर-गुलाल लगाकर धूमधाम से होली का त्यौहार मनाते हुए एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।।

एसएसपी ने जब खुद जवानों के साथ जमकर होली खेली और होली के गीतों पर थिरकते नजर आए। शनिवार को पुलिस लाइन में और चौकी थाना में जवानों ने पूरी उमंग और जोश के साथ होली खेली। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने



बताया कि पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। ड्यूटी के कारण होली पर संयम रखने वाले इन जवानों के लिए यह दिन बेहद खास था, पूरे जिले में होली और जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के बाद अब वे खुद इस त्योहार के रंग में रंगने के लिए पूरी तरह तैयार थे।

एसपी सिटी पंकज गैरोला कहा कि कप्तान साहब ने अपने जवानों का साथ दिया और होली के गीतों पर जमकर थिरके। उनके इस अंदाज ने जवानों को और उत्साहित कर




दिया, और पूरा पुलिस लाइन रंगों और संगीत के सैलाब में डूब गया. इस होली मिलन कार्यक्रम में हर कोई खुशी से झूमता नजर आया। पुलिसकर्मियों के चेहरे पर जो मुस्कान थी। जिले में शांति बनाए रखने के बाद जब उन्हें अपने ही परिवार यानी पुलिस परिवार के साथ त्योहार मनाने का मौका मिला। तो उनके हृदय उल्लास से भर उठे। इस आयोजन ने पुलिस कर्मियों को नए जोश और ऊर्जा से भर दिया। खाकी की यह होली वाकई में यादगार बन गई, जहां न रैंक का अंतर था, न ही कोई औपचारिकता, सिर्फ खुशियों और भाईचारे का रंग था।

# ट्रक की टक्कर से कार रेलिंग तोड़ पुल के नीचे गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र स्थित पतंजलि योगपीठ के पास दोपहर बाद एक कार को ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्टर मार दी। ट्रक की टक्कर से कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए पुल के नीचे नीचे जा गिरी। कार के नीचे गिरते ही मौके पर लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और इसी दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने



शांतरशाह पुलिस को सूचना दी। कार में दंपत्ति सवार थे। गनीमत रही कि कार सवार दम्पत्ति को ज्यादा चोटें नहीं आई। शान्तरशाह पुसिल चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र गंगवाल ने बताया कि लगभग तीन पंतजलि योगपीठ के पास फ्लाई ओवर पर एक कार को पीछे से ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। अलियंत्रित होकर कार रेलिंग तोड़कर पुल के नीचे जा गिरी। कार में सवार दम्पति में महिला गंभीर रूप से घायल हुई। उसे उपचार के लिय स्थानीय अस्पाल में भर्ती कराया है। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ट्रक ड्राईवर की तलाश कर रही है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर खेली होली

## कार्यकर्ताओं के साथ होली के गीतों पर थिरके पदाधिकारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** होली पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगजीतपुर स्थित जिला कार्यालय पर होली के गीतों पर जमकर धमाल मचाया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल एवं तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व जिला अध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान, मोहित वर्मा, विकास तिवारी, नकलीराम सैनी, प्रदीप कुमार, भूषणसिंह, सचिन शर्मा, सुनील कुमार, लव शर्मा, आशु चौधरी आदि पदाधिकारियों ने होली के गीतों पर कार्यकर्ताओं के साथ जमकर नृत्य किया। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्यौहार खुशियों को बांटने वाला पर्व है। उमंग, उल्लास, उत्साह के साथ पर्व को मनाना चाहिए। आशुतोष शर्मा ने कहा कि धर्मनगरी में परंपरागत तरीके से होली मनाई जाती है। पर्व हमारी संस्कृति को दर्शाने का सशक्त माध्यम है। युवा पीढ़ी का पर्वो के माध्यम से मार्गदर्शन करना चाहिए। देश में मनाए जाने वाले विभिन्न पर्व देश की एकता अखंडता के साथ भाईचारे और सौहार्द को दर्शाते हैं।

# श्री दक्षिण काली मंदिर में संतों और भक्तों ने धूमधाम से मनायी होली

## बुराई पर अच्छाई की जीत और भक्ति की शक्ति का संदेश देती है होली : कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार में रंगों का महापर्व होली उल्लास के साथ मनायी गयी। होली के उल्लास से संत समाज भी अछूता नहीं रहा। निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज के संयोजन में नीलधारा तट स्थित श्री दक्षिण काली मंदिर में होली महापर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम मे संतों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया और भक्तों को होली की बधाई और आशीर्वाद प्रदान किया। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी, निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर एवं भारत माता मंदिर के महंत स्वामी ललितानंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी राममुनि, महंत गोविंददास, महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद पुरी, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी दिनेश दास, स्वामी शिवम महंत, स्वामी अनंतानंद रामजी, महंत राघवेंद्र दास, स्वामी विपनानंद, स्वामी नागेंद्र, स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी आदि संतों ने भक्तों के साथ होली खेली। भक्तों को आशीर्वाद देते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मनाए जाने वाले विभिन्न पर्व पूरे विश्व को आकर्षित करते हैं। होली सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। जो बुराई पर अच्छाई की जीत और भक्ति की शक्ति का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि भगवान नारायण के अनन्य भक्त प्रह्लाद को मारने के अनेक यत्न किए गए। लेकिन भगवान नारायण की कृपा से सभी यत्न विफल होने पर प्रह्लाद की बुआ होलिका उसे गोद में लेकर अग्नि में बैठ गयी। भगवान नारायण ने अपने भक्त की रक्षा की और होलिका अग्नि में जल गयी और प्रह्लाद सकुशल बच गए। प्रह्लाद के बच जाने पर लोगों ने रंग, गुलाल और अबीर उड़ाकर खुशीयां मनायी थी। तभी से प्रतिवर्ष चौत्र पूर्णिमा को होली मनाने की शुरूआत हुई। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत



रामरतन गिरी एवं महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि आंतरिक चेतना को जागृत कर जीवन में उमंग व उल्लास का संचार करने वाला होली पर्व सांस्कृतिक व आध्यत्मिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। स्वामी रविदेव शास्त्री व स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि ने कहा कि रंगों, उमंगों और उल्लास का पर्व होली देश की सांस्कृतिक एकता को मजबूत करता है। स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज के शिष्य स्वामी अंवतिकानंद ब्रह्मचारी ने सभी संतों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और होली की शुभकामनाएं दी।

# होली मिलन समारोह व हास्य कवि सम्मेलन आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आर्यनगर स्थित आर्य वानप्रस्थ आश्रम की शाखा दो में होली महापर्व के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पारिजात साहित्यिक मंच के अध्यक्ष वरिष्ठ कवि एवं गीतकार सुभाष मलिक, दीपशिखा साहित्यिक मंच के सचिव डा. सुशील



कुमार त्यागी अमित तथा साहित्यकार व चेतना पथ के सम्पादक अरुण कुमार पाठक ने हास्य रस की अनेक काव्य रचनाओं के साथ-साथ ऋतुराज बसंत, स्वामी दयानन्द व महात्मा नारायण स्वामी तथा अन्य प्रेरक विषयों पर अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं की तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम की शुरुआत सविता शर्मा द्वारा प्रस्तुत ईश्वर स्तुति तथा मंत्र पाठ के साथ हुई। कवि सम्मेलन में मुख्य रूप से सुभाष मलिक की हास्य रचना- जैसी बहना आपकी ये वैसी ही हमारी है। डा.सुशील त्यागी का होली गीत रंगों का है मान यहां पर, फाग शान से आता तथा अरुण कुमार पाठक का होली हास्य अब साली समझ कर रंग लगाउंगा बहुत पसंद की गयी।

शशिबाला, सरोज बंसल, रमा रेखा एवं सरोज दास आदि ने होली गीतों की प्रस्तुति दी तथा डा.सुरेन्द्र शर्मा और एन.के. गुप्ता ने होली पर्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक आर.के. गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी शशि गुप्ता ने प्रतिभागी कवियों को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता आश्रम के पूर्व प्रधान दिनेश कुमार पांडे ने की। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन शैलेश मुनि सत्यार्थी ने किया। इस अवसर पर आश्रम के उप-प्रधान हरि नारायण शर्मा भी सपत्नीक उपस्थित रहे।

# निर्मल संतपुरा में नानकशाही संवत नव वर्ष, होला मौहल्ला और चैत्र संक्रांति मनायी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल स्थित निर्मल संतपुरा आश्रम गुरुद्वारे में नानकशाही संवत् 557वां नव वर्ष, खालसा का महान पर्व होला मोहल्ला और चौत्र माह की संक्रांत मनाई गई। इस दौरान रहरास साहिब पाठ, शब्द कीर्तन व कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम के परमाध्यक्ष संत जगजीत सिंह शास्त्री ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नानक शाही अनुसार सिक्ख धर्म का नया वर्ष शुरू हो गया है। नव वर्ष का स्वागत गुरु महाराज का नाम लेकर और कीर्तन, शब्द कथा का स्मरण कर करना चाहिए। जिससे सभी के दुख दूर हों और सुखमय जीवन व्यतीत हो। उन्होंने कहा गुरु महाराज के चरणों में बैठकर अरदास करनी चाहिए। जो समय बीत गया उसकी क्षमा मांगकर प्रभु से आगे के लिए खुशियां मांगे। होली बुराई पर अच्छाई की जीत है। यही होला मोहल्ला का भी संदेश है। गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने बुराइयों को दूर करने के लिए आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला प्रारंभ किया था। जिसे पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। संतों, महापुरुषों की सेवा करते हुए होली खेलनी चाहिए। अकाल पुरख एक हैं और उन्हीं की कृपा से सब होता है। उन्होंने कहा कि अपने कर्मों के अनुसार प्रभु के नाम से जुड़ो। मनुष्य को सबकुछ तभी प्राप्त होगा जब प्रभु से जुड़ेंगे। मन को शांति गुरु महाराज के चरणों से जुड़कर ही मिलेगी। अगर परमात्मा से दूर हो जाएंगे तो जीवन नश्वर है। प्रभु के



नाम के बिना कहीं भी सुख नहीं मिलेगा। मनुष्य के हृदय में प्रभु का नाम नहीं है तो कोई कार्य सफल नहीं होते। प्रभु नाम स्मरण में बहुत शक्ति है। अपना अहंकार दूर करना बहुत आवश्यक है। शरीर के सारे श्रृंगार फीके है, जब तक प्रभु का सिमरन नहीं करोगे। हर महीने के अनुसार गुरु महाराज ने जीवन यापन के बारे में बताया है। चौत्र का महीना मीठा महीना होता है। प्रकृति आनंदमई हो जाती हैं। संत, महापुरुषों की सेवा करते हुए और प्रभु सिमरन से अपना जीवन व्यतीत करें। हर जीव में परमात्मा है। अपने दुखों को मिटाने के लिए प्रभु का नाम लेना जरूरी है। मन में विचार होना चाहिए कि हमारे सारे कार्य तभी पूरे होंगे जब प्रभु का नाम लेंगे। कार्यक्रम में संत मंजीत सिंह, संत तरलोचन सिंह, अपनिंदर कौर, हरविंदर सिंह, सरबजीत कौर, महिंद्र सिंह, नैनी महेंद्रू, जसविंदर सिंह, गगनदीप सिंह, रविंद्र सिंह, परमिंदर सिंह, जसकरण सिंह, इंदरजीत सिंह बिट्टू, सुमन, अमरीक सिंह, सतविंदर सिंह आदि सैकड़ों श्रद्धालुगण शामिल रहे।

# रंगों की फुहार के साथ धूमधाम से मनाई होली

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** होलिका दहन के बाद रंगों की फुहार के बीच होली के खुमार में हर कोई डूबा हुआ नजर आया। क्षेत्र भर में धूमधाम से होली मनाई गई। जगह-जगह लगे डीजे सिस्टम पर युवा खूब थिरके। गिले शिकवे भुलाकर लोग एक दूसरे के गले लगे और होली की बधाई दी।

शुक्रवार दोपहर तक पूरा शहर रंगों से सरोबार रहा। गली-गली, घर-घर बच्चों ने खूब गुलाल उड़ाया। जो भी दिखा उसे रंगों से पोत दिया। बृहस्पतिवार और शुक्रवार को बच्चों और युवाओं में रंगों के त्यौहार पर उमंग और उत्साह दिखा। महिलाओं ने भी जमकर रंगों की बौछार की और गुलाल उड़ाया। रंगों से सराबोर युवा और बच्चे शहर में जगह-जगह डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। उधर, होली का त्योहार निपट जाने के बाद शनिवार को पुलिस कर्मियों ने होली मनाई। पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे पर खूब गुलाल उड़ाया और एक-दूसरे को होली की बधाई दी। काशीपुर। रंगों के त्यौहार होली पर भारत विकास परिषद द्वारा रामनगर रोड स्थित श्री रामलीला मैदान में पारिवारिक होली मिलन मेला व भजन संध्या का आयोजन शुक्रवार सायं किया गया, जिसमें भजन गायक अंजलि द्विवेदी बरेली एवं शुभम तिलकधारी काशीपुर ने मनोहारी भजन प्रस्तुत किए। होली मिलन मेले में श्री अग्रवाल सभा, भारतीय जनता पार्टी, कुमाऊं वैश्य महासभा, संस्कार भारती, श्री खत्री सभा, श्री पंजाबी सभा, आर्य समाज, महानगर कांग्रेस कमेटी, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, वाल्मीकि समाज, भगवान महावीर आदर्श सेवा सदन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रजापति समाज, श्री कायस्थ सभा, बिश्नोई सभा, पाल महासभा, नगर निगम काशीपुर आदि राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों की तरु से स्टॉल लगाए गए थे। वहीं, बच्चों के लिए झूले लगाए गए व खाने-पीने के स्टॉल लगाये। इस दौरान महापौर दीपक बाली, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, पूर्व महापौर उषा चौधरी, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, मुक्ता सिंह, राजीव घई, आशीष गुप्ता, गुरविंदर सिंह चंडोक, अभिषेक गोयल, अलका पाल, शशांक सिंह, जितेंद्र सरस्वती, हरीश कुमार सिंह एडवोकेट, प्रभात साहनी, संजय भाटिया, संदीप सहगल, आरके गुप्ता, विनय जैन, मोहित अग्रवाल आदि समेत बड़ी संख्या में गणमान्य व आमजन उपस्थित थे। इधर, रंगों के पर्व होली पर महापौर दीपक बाली ने नगर निगम कार्यालय के बाहर टेंट लगवा कर पहली बार होली खेलने का आयोजन कराया और खुद नगर आयुक्त विवेक राय, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा एवं नगर निगम कर्मचारियों के साथ मिलकर पार्षदों, पत्रकारों एवं आम जनमानस के साथ होली खेली। सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। महापौर दीपक बाली ने सभी नगरवासियों की समृद्धि एवं खुशहाली की कामनाएँ की और हर किसी से गले मिलकर उन्हें गुलाल लगाया। इस अवसर चौधरी समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी, पंकज टंडन, महेंद्र खुराना, समीर चतुर्वेदी, मनीष गुप्ता, मनोज जोशी, अर्जुन सिंह, अभिषेक गोयल, राजकुमार यादव, धीरज वर्मा, कैलाश प्रजापति एडवोकेट, पार्षद प्रिंस बाली, आशीष अरोरा, सुरेंद्र अग्रवाल, मिथुन बेदी, गगन कांबोज, शशांक सिंह, अनुराग सिंह, संजय भाटिया, हर्ष बाली, कार्यक्रम आयोजक जितेंद्र कुमार देवांतक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। यहां के बाद श्री बाली ने उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह के आवास पर पहुंचकर होली का आनंद लिया। काशीपुर। पाल सभा भवन में पाल सभा समिति द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज से जुड़े लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पाल समाज से काशीपुर जिला अध्यक्ष के रूप में मनोज पाल की नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी का आभार व्यक्त किया। कांग्रेस नेत्री अलका पाल द्वारा पाल समाज के गतिविधियों में महिलाओं को बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कृष्ण-राधा की सुंदर झांकी भी सांस्कृतिक पक्ष के रूप में प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर पाल सभा समिति के अध्यक्ष अमर सिंह, इंजीनियर दुलार सिंह, इंजीनियर जसवंत सिंह, नंदराम पाल, उपेंद्र पाल, महिपाल सिंह, कुवंर पाल सिंह, विजेंद्र पाल सिंह, सुंदरलाल पाल, राजीव आदि उपस्थित रहे।

# पथरी से सुभाषगढ़ तक छः किलोमीटर लंबी सड़क गहरे गहरे गड्ढो में तब्दील राहगीरों का चलना दुस्वार

## दो माह पहले बनी सड़क खस्ताहाल लोक निर्माण विभाग मौन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र में बदहाल सड़कों से ग्रामीण परेशान हैं। पथरी से सुभाषगढ़ तक का छह किलोमीटर लंबे मार्ग गहरे गड्डें बने हुए है। जिससे राहगीरों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण इस मार्ग की स्थिति में कोई सुधार नहीं किया गया है, जबकि ग्रामीण बार-बार इस सड़क को ठीक करने की मांग कर रहे हैं। इस सड़क में निकले नुकीले पत्थर और गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। आए दिन लोग इन गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं, जिससे स्थानीय निवासियों में नाराजगी है। ग्रामीण वीरू चौहान, सूरज कुमार, जीतू राम, बलबीर सिंह, सुभम चौहान और अन्य का कहना है कि लोक निर्माण विभाग को कई बार इस सड़क की स्थिति से अवगत कराया गया और गड्ढों को बंद करने के लिए लिखित शिकायत भी की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं, दूसरी ओर धनपुरा पीठ बाजार से पथरी तक दो माह पहले ही बनाई गई सड़क भी पूरी तरह से टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गई है। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच की मांग करते हुए ठेकेदार और जेई के खिलाफ कार्रवाई की अपील की है। सड़क की खस्ताहालत को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी गुस्सा है, और उन्होंने संबंधित विभाग से तत्काल सुधार की मांग की है।



# कांग्रेस ने जुमे की नमाज अदा कर लौट रहे रोजेदारों का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** होली के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा जुमे की नमाज का समय बदलकर दोपहर ढाई बजे करने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मदरसा दारूल उलूम रशीदिया मस्जिद पहुंचकर जुमे की नमाज अदा कर लौट रहे रोजेदारों का फूलमाला पहनाकर स्वागत एवं धन्यवाद किया। राजीव चौधरी ने कहा कि मुस्लिम समाज द्वारा होली के त्यौहार को देखते हुए जुमे की नमाज का समय बदलकर होली के त्यौहार में जो सहयोग दिया और कौमी एकता की मिसाल पेश की है। उसके लिए हिंदू समाज के लोग धन्यवाद करने आए हैं। राजीव शर्मा ने कहा कि हिंदू समाज के लोग ईद के त्यौहार में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और मुस्लिम भाइयों को बधाई देते हैं। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने होली के त्यौहार में पूरा सहयोग देकर देश की एकता अखंडता पर सवाल उठाने वालों को आईना दिखाया है और भारत की हिंदू,



मुस्लिम, सिख, एकता और भाईचारे की तस्वीर पेश की है। प्रदेश महासचिव अनिल चौधरी ने कहा कुछ लोग देश में सांप्रदायिक माहौल खराब करना चाहते हैं। लेकिन सभी जाति और धर्म के लोगों के राष्ट्र प्रेम ने उन ताकतों को अब तक कामयाब नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक ताकतें कितना ही प्रयास कर लें भारत की एकता और अखंडता को कोई तोड़ नहीं सकता है। मयंक बहादुर ने सभी रोजेदारों को माला पहनकर स्वागत करते हुए कहा कि आज बहुत ही अच्छा दिन है। एक तरफ पाक महीना रमजान चल रहा है और रमजान का जुम्मा है, वही हिंदू समाज का होली का बहुत बड़ा त्यौहार है। दोनों समुदाय के बड़े त्यौहार एक ही दिन सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए गए। डा.बृजेंद्र राजपूत ने भी नमाजियों का फूलमाला पहनकर स्वागत किया।

**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

मेरी पुत्री नेहा डाबरे की एलआईसी रिकार्ड में मेरा नाम जिनेश कुमार (JINESH KUMAR) दर्ज चला आता है जो गलत है। जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड व डिग्री प्रमाण पत्र में मेरा नाम दिनेश डाबरे दर्ज चला आता है। वर्तमान में अपने पुत्री नेहा डाबरे के एलआईसी रिकार्ड में अपना नाम परिवर्तन कर दिनेश डाबरे दर्ज करवाना चाहता है। दिनेश डाबरे व जिनेश कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। दिनेश डाबरे पुत्र श्री सीताराम, निवासी नियर नेशनल आई.टी.आई. ग्राम अतमलपुर बौंगला, बहादराबाद, तहसील व जिला हरिद्वार।

# होली की शांति को अज्ञात शरारती तत्वों ने किया भंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** हर्षोल्लास क साथ मनाई जा रही होली की शांति उस

- रेस्टोरेंट में आग की घटना को दिया अंजाम, आग लगने से रेस्टोरेंट हुआ राख

वक्त भंग हो गई जब कुछ अज्ञात



शरारती तत्वों ने एक रेस्टोरेंट में आग लगा दी। घटना विकासनगर कोतवाली क्षेत्र के बादामावाला की है। इस दौरान रेस्टोरेंट में आग का विकराल रूप देखने को मिला, देखते ही देखते भीषण आग ने पूरे रेस्टोरेंट को राख कर दिया। आग लगने से रेस्टोरेंट में रखा कीमती सामान जलकर राख हो गया वही खड़ी एक बाइक भी आग की चपेट में आने से पूरी तरह नष्ट हो गई। आसपास के लोग होली के त्यौहार में व्यस्त थे लिहाजा लोगों को घटना की जानकारी तब हुई जब आग की लपटें रेस्टोरेंट से उठती दिखी। घटना की सूचना तुरंत ही पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर फायर सर्विस पहुंची जरूर लेकिन उनके पहुंचने से पहले आग अपना काम कर चुकी थी। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## यमुना नदी में नहाते वक्त एक युवक की डूबने से मौत

**विकासनगर (शाह टाइम्स)।** अपने दोस्तों के साथ कटापत्थर विकासनगर में होली मनाने आया एक युवक यमुना नदी में नहाते वक्त पानी में डूबने से हुई मौत। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनमोल पुत्र अरबिन्द हाल निवासी रिस्पना पुल देहरादून उम्र करीब 21 जो मूल रुप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था तथा वर्तमान में रिस्पना पुल देहरादून में किराये पर रहता था। बीते शुक्रवार को दोपहर अपने दोस्तों के साथ होली मनाने के लिए कटापत्थर विकासनगर आया था जो कि दोस्तों के साथ यमुना नदी में नहाते समय पानी में डूब गया था जिसे उसके साथियों द्वारा पानी से बाहर निकालकर उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल लेहमन विकासनगर ले जाया गया।

## शक्ति नहर से एसडीआरएफ व पुलिस ने बरामद का किया युवती का शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** एसडीआरएफ व पुलिस द्वारा शक्ति नहर से शुक्रवार को सर्चिंग के दौरान एक युवती का शव बरामद किया है। पुलिस चौकी बाजार, कोतवाली विकासनगर द्वारा 3 दिन पूर्व एसडीआरएफ को सूचित किया गया था कि शक्ति नहर में एक युवती डूब गई है, जिसके बाद से ही एसडीआरएफ टीम द्वारा शक्ति नहर में लगातार सर्चिंग की जा रही थी। एसडीआरएफ टीम द्वारा सर्चिंग के दौरान शमा पुत्री




महमूद उम्र 16 वर्ष, निवासी भीमावाला विकासनगर का शव बरामद कर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया।

## मंगरौली के आदेश राणा का वित्त मंत्रालय में चयन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** तहसील क्षेत्र के मंगरौली गांव के होनहार युवा आदेश राणा का चयन भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के सीबीआईसी विभाग में टैक्स असिस्टेंट के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से उनके पैतृक गांव मंगरौली सहित छावनी बाजार क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयां प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। आदेश राणा के पिता राजेंद्र राणा डेयरी संचालित करते हैं, जबकि माता शर्मिला देवी गृहिणी हैं। उनके वित्त मंत्रालय में चयन से परिवार के साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर व्यापार मंडल अध्यक्ष



केशर सिंह चौहान, रंगकर्मी डॉ. नंदलाल भारती, मनोनीत सदस्य छावनी परिषद अनिल चांदना, पूर्व सभासद आनंद राणा ,देवेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी।

## स्थानिये लोगों के सुझावों को समावेशित कर तैयार होगा हनोल टूरिस्ट डेस्टिनेशन प्लान : डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** जिलाधिकारी सविन बसंल 19 मार्च को हनोल रात्रि प्रवास पर रहेंगे, इस दौरान हनोल मंदिर परिसर में स्थानिकों, पुरोहितों के साथ मन्दिर के मास्टर प्लान, विस्तारीकरण के सम्बन्ध में स्थानिकों के हित एवं सुझाव आदि समुचित विषय पर विमर्श किया जाएगा। जौनसार बावर क्षेत्र के हनोल में महासू देवता के धाम को सुनियोजित तरीके से विकसित करने के लिए आईएनआई डिजाइन कंपनी के माध्यम से टूरिस्ट डेस्टिनेशन प्लान तैयार किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने आईएनआई डिजाइन कंसलटेंट और संबंधित विभागीय अधिकारियों



को निर्देशित किया कि हनोल क्षेत्र में हर दिन बढ़ रही श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण टूरिस्ट डेस्टिनेशन प्लान तैयार किया जाए। ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अच्छी सुविधा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अधिक अवसर मिल सके।

जिलाधिकारी ने आईएनआई डिजाइन कंसलटेंट को निर्देशित किया कि हनोल के लिए प्रस्तावित टूरिस्ट डेस्टिनेशन प्लान में सीवरेज और वाटर सप्लाई को भी शामिल किया जाए और फ्लोटिंग पॉपुलेशन (अस्थायी आबादी) का विस्तृत सर्वेक्षण करते हुए हनोल क्षेत्र के सुनियोजित विकास हेतु टूरिस्ट डेस्टिनेशन प्लान बनाकर फिर से प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कहा कि हनोल तक आने जाने वाले सभी सहायक सड़क मार्गो का चौडीकरण और विस्तारीकरण को भी योजना में जोड़ा जाए। टोंस नदी किनारे घाट तक एप्रोच रोड़ रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि महासू देवता धाम में निर्मित होने वाली दुकानों में से 50 प्रतिशत दुकानें स्थानीय उत्पादों के विक्रय हेतु स्वयं सहायता समूहों को आवंटित की जाएंगी।

## जनमानस की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सीएम की प्रेरणा से जिलाधिकारी सविन बसंल की

- जनमानस की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण : डीएम 19 व 20 मार्च को डीएम संग सभी अधिकारी त्यूनी चकराता करेंगे प्रवास

अध्यक्षता में 'जनपद देहरादून के ग्रामीण क्षेत्र एवं सुदूरवर्ती गांवों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से त्यूनी में 20 मार्च को बहुउद्देशीय शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। डीएम सभी अधिकारियों के साथ क्षेत्रवासियों की समस्या के निस्तारण हेतु वृहद्धस्तर पर बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। जहां पेंशन, स्वास्थ्य जांच विभिन्न प्रमाण पत्र आदि कार्य मौके पर ही निस्तारित किए जाएगें। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बहुउद्देशीय शिविर में पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग करते हुए जनमानस को मौके पर ही सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन फार्म एवं योजनाओं के पूर्ण विवरण के साथ पहुंचे विभाग, इस कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# नैनीताल में जगह-जगह हुए सामूहिक होली आयोजन









शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** सरोवर नगरी में शनिवार को होली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जगह जगह डीजे की धुन पर लोग मौजमस्ती करते देखे गए। बच्चों में भी पर्व को लेकर भारी उत्साह रहा। होली पर्व पर लोगों ने घरों में विशेष पूजा अर्चना की। देवी देवताओं को अबीर गुलाल लगाने के बाद लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल का टीका लगाकर आशीष दिया।

होली मिलने के बाद अधिकांश लोग बाजारों की ओर गए। कई जगह सामूहिक आयोजन भी हुए। वहीं तल्लीताल डांठ तथा मल्लीताल पंत पार्क में होल्यारों के विशेष मिलन स्थल बने। शारदा संघ की ओर से प्रतिवर्ष की भांति गायकी होली करते हुए जुलूस निकाला गया। अन्य कई होली दल भी ढोलक, मंजीरे से साथ होली गायन करते देखे गए। कई स्थानों पर लोग डीजे की धुन पर नाचते देखे गए। बच्चे भी पानी के गुब्बारे व पिचकारी के साथ एक दूसरे को भिगोते रहे। कई पर्यटक होटलों से पर्व के नजारे देखते रहे तो कई मार्ग पर होली खेलने भी निकले। पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने निजी आवास में होली मनाई। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को मौके पर जाकर अबीर गुलाल लगाया। उनका उत्साहवर्धन किया और होली की बधाई दी।

## होली पर मौसम ने भी बदले रंग, तेज हवाओं के साथ बादल मंडराते रहे

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल शनिवार को तेज हवा के साथ बादलों से घिरी रहीं। आज मौसम ने रंग में भंग नहीं डाला और होली मनाने का भरपूर मौका दे दिया। वहीं मौसम विभाग की माने तो रविवार को पिथौरागढ़, चमोली व बागेश्वर में भारी बारिश व ऊंची चोटियों में हिमपात की चेतावनी जारी की है। इस दौरान नगर में सुबह के समय तेज हवाएं रफ्तार के साथ चल रही थीं। साथ ही घने बादल आसमान में डेरा डाले हुए थे। देर रात्रि नगर में बारिश का भी दौर रहा। लेकिन होली के दिन रंग चढ़ने के साथ ही हवाओं का वेग धीमा हो गया और होली का रंग चढ़ना शुरू हो गया। वहीं दिन में कभी धूप तो कभी छांव के साथ आसमान में बादल नजर आए। जिसके चलते मौसम सामान्य बना रहा। इधर मौसम विभाग ने मंगलवार तक प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम खराब रहने की चेतावनी जारी की है। जिनमें कुछ जिलों में ठंडर स्टोर्म का प्रभाव रहेगा। हवाएं 13 किमी प्रति घंटे की गति से चल सकती हैं। जिसके चलते अंधड़ की संभावना जताई गई है। राज्य मौसम विभाग देहरादून के निदेशक डा. बिक्रम सिंह के अनुसार पिथौरागढ़, बागेश्वर, चमोली में भारी बारिश की संभावना जताई है। जबकि 3200 मीटर से ऊपरी हिस्सों में भारी हिमपात की चेतावनी जारी की है। ऊंची चोटियों की सैर पर जाने वाले सैलानियों से सावधानी बरतने को कहा है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 85 व न्यूनतम 50 प्रतिशत रही।

# अल्मोड़ा: होली गीतों पर जमकर झूमे होल्यार

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शनिवार को छलड़ी पर बारिश के बीच होली खेलने के लिए लोग घरों से निकल पड़े। कहीं पुरुषों की होली की महफिल जमीं थी तो कहीं महिलाएं होली के रंगों में सराबोर दिखीं। बच्चों की टोलियों ने भी होली में खूब धमाल मचाया। होली को लेकर सुबह से ही लोगों में काफी उत्साह दिखाई दिया। होल्यार रंग-बिरंगे अबीर-गुलाल के साथ आसपास के घरों में पहुंचे और एक दूसरे के अबीर गुलाल लगाया और गले मिलकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। बच्चों ने भी पिचकारियों से रंगों की बौछार कर लोगों को रंगों से सराबोर कर दिया। महिलाएं और युवतियां भी रंग खेलने से पीछे नहीं रही।

होल्यारों ने आजैकि होली न्है गे छौ, अगिल फागुन ऊलो कै गैछौ...., गा नेरा, खेल नेरा, सुन नेरा, देख नेरा, सब जीरै लाख बरीसा, रंगा में राज रहो है... आदि होली गीत गाकर रंगों के पर्व को विदाई दी। छलड़ी संपन्न होने के बाद नगर के ग्राम पंचायत खत्याड़ी, जाखनदेवी, खोल्टा, लाला बाजार, धारानौला, दुगालखोला, सरकार की आली, कर्नाटक खोला, खोल्टा, पांडेखोला, माल गांव, सरसों, देवली आदि ग्रामीण इलाकों में होली पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें ग्रामीणों ने होली पर्व के सफल संचालन पर प्रसाद वितरित किया गया। इसमें हलुवा, आलू आदि प्रसाद के रूम में वितरित किया गया। कुमाऊं की प्रसिद्ध खड़ी होली के साथ पुरुषों और महिलाओं की होली का छलड़ी के साथ समापन हो गया है। पिछले छह दिनों से गेवाड़ घाटी में पुरुषों की खड़ी होली के साथ महिलाओं के होली गायन की धूम मची थी। शनिवार को छलड़ी मनाते हुए होल्यार गांव-गांव में एक दूसरे पर अबीर-गुलाल, रंग छिड़क कर बधाई दे रहे थे। गुजिया पापड़, गुड़, आलू के गुटके, लड्डू घरों में एक दूसरे को खिलाए गए। होली के रंग में बच्चे से लेकर बूढ़े तक रंगे हुए नजर आये। भैंसियाछाना ब्लॉक के विभिन्न गांवों में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

होल्यारों ने छलड़ी पर घर-घर जाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। बच्चों और महिलाओं में छलड़ी को लेकर विशेष उत्साह दिखा। ढोल मंजीरा के साथ पहुंची होली की टोलियां घर-घर जाकर होली गीतों की शानदार प्रस्तुति से समां बांध रही थी। अबीर गुलाल का टीका लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

## कमरे में लटका मिला एनएसटीआई कर्मचारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते काठगोदाम थाना क्षेत्र स्थित

### फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान के कर्मचारी की मौत हो गई। बीते शुक्रवार को उनका शव उनके ही सरकारी आवास के कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। आज शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। काठगोदाम पुलिस के अनुसार 31 वर्षीय अमित कुमार निवासी भिवानी, हरियाणा, एनएसटीआइ में ट्रेनर के रूप में कार्यरत थे और संस्थान के सरकारी आवास में रहते थे। बताया जा रहा कि बीते शुक्रवार को जब अमित अपने सरकारी आवास के कमरे से बाहर नहीं निकले, तो अन्य कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो फंदे से अमित का शव लटका हुआ था। पुलिस ने उन्हें तुरंत फंदे से उतारकर सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा। जहां पर मौजूद चिकित्यकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आज शनिवार को अमित के परिजन हल्द्वानी पहुंचे, और बाद में शव का पोस्टमार्टम करवा कर उन्हें सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, और शव के बिसरे को फारेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। इधर थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने बताया कि कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। कमरे में घुसने से पहले मजिस्ट्रेट की टीम साथ रही। वीडियोग्राफी कराई गई। कमरे की तलाशी लेने पर अमित की एक डायरी से कई सारे खत मिले हैं। ये किसके हैं, जांच का विषय है। हेंडराइटिंग की जांच कराई जाएगी।

## बच्चों ने मनाया फूलदेई त्यार

**हल्द्वानी।** चैत संक्रान्ति के अवसर पर बच्चों ने खुशी-खुशी फूलदेई का त्योहार मनाया। इस त्योहार को खास तौर पर हल्द्वानी के बिठौरिया नम्बर-एक क्षेत्र के विभिन्न कालोनियों जैसे जयगंगा इन्द्रपुरम, एकता एनक्लेव, आकाश इनक्लेव और बीके पुरम् में बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चे टोलियों में फूलदेई त्यार मनाने के लिए निकल पड़े थे। उन्होंने हर घर की देहरी पर फूल और चावल अर्पित करते हुए पारंपरिक गीत गाए। इस दौरान जयगंगा इन्द्रपुरम् और एकता एनक्लेव में फूलदेई मनाने निकली बच्चों की टोली में हर्षिता दुम्का, पलक बिष्ट, हर्षिता रौतेला ‍द्धबुलबुलत्रः, वाणी दुम्का, युवराज दुम्का और वंश बिष्ट शामिल थे। उन्होंने उत्साह से घर-घर जाकर त्योहार मनाया और कहा कि वे हर साल इस परंपरा को बड़े उल्लास के साथ मनाते हैं। फूलदेई त्यार के दौरान बच्चों को हर घर से गुड़, चावल, रुपए, टाफी, फूटी, चॉकलेट जैसी वस्तुएं उपहार के रूप में मिलीं।

## दुकान में आग लगी

**नैनीताल।** नैनीताल भवाली रोड में कैलाखान क्षेत्र में दुकान में आग लगने पर हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार देर रात भवाली रोड पर कैलाखान के पास लकड़ी से बनी एक दुकान पर आग लग गई। आग बढ़ी तो राहगीरों ने दमकल को सूचित किया। सूचना के बाद दमकल की टीम घटना स्थल पर पहुंची। घटनास्थल पर दुकान पर धधकती आग पर दमकल की टीम ने फायर टेंडर से पानी की बौछार की। लेकिन तब तक लकड़ी से बनी दुकान परी जल चुकी थी। एलएफएम हरनाम सिंह ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया था। बताया कि कोई जनहानि नहीं हुई। आग बुझाने वालों में दमकल की टीम के अमरदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह व किशोर सिंह उपस्थित है।

## नियमों के उल्लंघन में दोपहिया वाहनों पर कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** सरोवरनगरी नैनीताल के तल्लीताल पुलिस ने मालरोड में गलत साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार की शाम को टोल के समीप पुलिस ने रौंग साइड वाहन चलाने वाले 15 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

बता दें कि मालरोड में लोगों के रौंग साइड वाहन चलाने से लोग परेशान हैं। रौंग साइड वाहन दौड़ाने से कई एक्सीडेंट भी हो चुके हैं जिसके चलते कई बार लोगों ने शिकायत कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। लगातार कार्रवाई के बाद शुक्रवार की शाम को पुलिस ने तल्लीताल टोल के समीप रौंग साइड से वाहन दौड़ाने वालों को रोका। साथ ही कार्रवाई भी की। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि शुक्रवार की शाम को अभियान चलाकर रौंग साइड वाहन दौड़ाने वाले एक चार पहिया वाहन व 15 दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

## एक नजर

### मोबाइल खोया, बिना यूपीआई नंबर से ठगों ने उड़ाए लाखो रूपये

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक युवक के बैंक खाते से बिना यूपीआई नंबर के ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करके चार लाख तीन हजार की रकम निकाल ली। घटना उस समय हुई जब पीड़ित का मोबाइल फोन कुंभ स्नान के लिए जाते वक्त खो गया था। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिठौरिया निवासी हरेंद्र सिंह ने सौंपी तहरीर में कहा कि उनके पिता बीते 11 फरवरी को कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गए हुए थे। इस दौरान उनका मोबाइल फोन कहीं खो गया, जो बाद में बरामद नहीं हुआ। पीड़ित के अनुसार उनका बैंक खाता सिर्फ पंजीकरण के लिए था, न कि किसी यूपीआई नंबर से लिंक था। इसके अलावा उनके पास किसी प्रकार का एटीएम कार्ड भी नहीं था, जिससे ऑनलाइन ट्रांजेक्शन संभव हो सके। इसके बावजूद अज्ञात साइबर ठगों ने उनके खाते से यूपीआई को सक्रिय कर, खाते की हैकिंग की और 4 लाख 3 हजार रुपये की रकम निकाल ली। पीड़ित ने आरोप लगाया कि साइबर ठगों ने धोखाधड़ी के जरिए उनके खाते से पैसे उड़ा लिए। इधर मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### होली में बागेश्वर गया परिवार चोरों ने खंगाला घर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** होली बनाने के लिए हल्द्वानी मुखानी निवासी एक परिवार अपने परिवार के साथ बागेश्वर घर गया था। इसी दौरान चोरों ने बेखौफ होकर बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रूपये के जेवरात व नगदी ले उड़े है। घटना का पता तब चला जब वह बीते 13 की शाम घर पहुंचे। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस का दावा है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। जानकारी के अनुसार इंदिरा कॉलोनी सेक्टर-4 निवासी मनोज पाठक 9 मार्च को अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर बागेश्वर अपने पैतृक गांव गए हुए थे। उनके घर पर इस दौरान कोई नहीं था। 13 मार्च को जब वह बागेश्वर से वापस हल्द्वानी घर लौटे तो घर के ताले टूटे देख वह भौंचक रह गए। घर का सार सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। कमरों के अंदर रखी अलमीरा और लॉकर चेक किया, तो उनकी पत्नी और सास के लाखों रुपये के जेवरात के साथ 20 हजार रुपये की नगदी भी गायब थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई। पुलिस का दावा है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### पॉक्सो एक्ट में सज़ायाफ्ता अभियुक्त की सज़ा निलंबित, जमानत मंजूर

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म में पॉक्सो कोर्ट से 20 साल के सजायाफ्ता अभियुक्त की सजा को निलंबित करते हुए जमानत मंजूर कर ली। दरअसल 2019 में ऋषिकेश निवासी राजेश मंडल एक नाबालिग को लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने चंद दिनों बाद मंडल को पकड़ लिया था। इस मामले में लड़की की ओर से धारा-164 में दिए बयान में कहा था कि वह पिछले चार साल से राजेश के साथ प्रेम संबंध में थी। परिवार को भी उनके रिश्ते के बारे में जानकारी थी। लड़की के अनुसार उसने मर्जी से घर छोड़ा था। घर से यह प्रेमी युगल भागकर रुद्रपुर पहुंच गया था, जहां एक होटल में ठहरा। लड़की ने यह भी कहा कि सहमति से ही राजेश के साथ शारीरिक संबंध स्थापित हुए, राजेश की ओर से जबर्दस्ती नहीं की गई। मेडिकल जांच में कहा गया थ कि दुराचार पर कोई राय नहीं दी जा सकती। ट्रायल कोर्ट ने सबूतों के अभाव के बाद भी 20 साल की सजा सुनाई। जिसके विरुद्ध अभियुक्त की ओर से हाई कोर्ट में अपील दायर की गई। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई के बाद निर्णय पारित कर कहा कि अभियुक्त सजा के निलंबन से राहत पाने का हकदार है। कोर्ट ने मई 2024 में निचली कोर्ट से मिली सजा निलंबित करते हुए जमानत मंजूर कर ली।

### शराब पीकर गाडी दौड़ाना पड़ा महंगा

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में शराब पीकर बिना दस्तावेज वाहन दौड़ाना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को पुलिस डांठ चौराहे पर चैकिंग कर रही थी। इस दौरान हल्द्वानी की ओर से यूके 04 एएच कार तेज गति में आई तो पुलिस ने वाहन रोक लिया। चालक से वाहन के दस्तावेज मांगे तो उसके पास वाहन के दस्तावेज नहीं मिले। साथ ही वह नशे में भी प्रतीत हुआ। जिस पर पुलिस ने वाहन कब्जे में ले लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि तल्लीताल निवासी किशन सिंह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसका वाहन सीज कर लिया गया है।

# होली पर मौज मस्ती के साथ दिखा उल्लास

## एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर दीं रंगों के पर्व की शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रंग की गागर सिर पे धरे, आज कन्हैया रंग भरे, होली खेली-खाली मथुरा को चले, आज कन्हैया रंग भरे। भावुक करने वाले इस होली और आशीर्वचन के साथ होली विदा हो गई। शहरभर में दो दिन तक इस होली पर्व को उत्साह पूर्वक मनाया गया। वहीं शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व मस्ती और उल्लास के साथ मनाया गया। चेहरे पर बिखरी रंगों की रंगत। क्या अपना क्या पराया, सभी रंगों के त्यौहार होली पर सभी एक नजर आए। एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर शुभकामनाएं दी। साथ ही युवा वर्ग के लोग डीजे की धुन पर नाचते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाइयां दी। तो वहीं होली के दिन शहर विधायक सुमित हृदयेश, मेयर गजराज बिष्ट, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, समेत आयुक्त दीपक रावत के आवास पर जमकर होली खेली गई। दो दिन चली होली घरों, मोहल्लों में शुक्रवार व शनिवार दोपहर तक होली के बोल गूंजे। शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण इलाकों में भी होली का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर अबीर-गुलाल लगाने के साथ रंगों के पर्व की बधाई दी। जिले में शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। एक दूसरे को रंग, गुलाल, अबीर लगाने के साथ ही गले मिल लोगों ने होली की शुभकामनाएं दी। शहरी व ग्रामीण इलाकों में ढोल व झाल बजाकर परंप. रागत फाग गीत गाने का सिलसिला पूरा दिन चला। होली के रंग से सभी सराबोर दिखे। हालांकि जिले के कुछ स्थानों पर इस बार मान्यताओं के चलते शुक्रवार और शनिवार दो दिन रंग खेला। दिन भर चले रंगों के दौर में सुबह से ही लोग मित्रों, रिश्तेदारों के यहां पहुंच गए और एक दूसरे को रंग









लगाकर होली का उल्लास मनाया। बड़े-बुजुर्गों को अबीर गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। बच्चों ने अपने हम उम्र साथियों के साथ पिचकारियों व अन्य माध्यमों से होली के त्योहार का लुत्फ उठाया। दिन भर यही दौर चलता रहा। लोगों का एक दूसरे के घर आना-जाना लगा रहा। होली का उल्लास इतना था कि शहर की सूनी पड़ी सड़कों से जो भी निकला वह पूरी तरह होली के रंगों में रंगा हुआ नजर आया। इससे त्यौहार का उत्साह देखते ही बन रहा था। देर शाम तक यही दौर चलता रहा। युवाओं ने अपने साथियों के साथ अलग-अलग तरीकों से त्यौहार का लुत्फ उठाया। वहीं महिलाओं व पुरुषों की टोली ने घर घर जाकर होली गायन के जरिए आर्शीवचन दिए। कुल मिलाकर हर कोई होली के रंगों से सराबोर नजर आया। वहीं कई लोगों ने वर्षों से चले आ रहे मनमुटाव व गिले शिकवे भुलाकर फिर से एक दूसरे को गले लगाया और साथ मिलकर होली मनाई। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद रही।

## रंग बरसे...पर थिरके, रोडवेज कर्मचारियों ने खेली होली

**हल्द्वानी।** होली का हर्षोल्लास हर जगह देखने को मिला। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई होली के खुमार में डूबे रहे। तो वहीं रोडवेज कर्मचारियों पर भी होली का जमकर खुमार चढ़ा। परिवहन निगम के कर्मचारियों ने काठगोदाम डिपो व हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन में जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। शनिवार को हल्द्वानी बस स्टेशन परिसर पर रोडवेज कर्मचारियों और स्टेशन अधीक्षक ने रंगों के पर्व होली पर रंग-गुलाल लागकर एक दूसरे को बधाई दी।

कर्मचरियों ने सवेरे से ही अपनी-अपनी ड्यूटी करने के उपरांत सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने आपसी भाई चारे का प्रतीक होली का त्योहार मनाया। दो दिन की होली पड़ने से स्टेशन पर भी यात्रियों का अभाव साफ देखने को मिला। इस दौरान उत्तरांचल रोड़वेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, वरिष्ट केंद्र प्रभारी इंद्रा भट्ट, जूनियर स्टेशन अधीक्षक नवीन कोठारी, रामप्रक. ाश यादव, सत्यप्रकाश, बीडी सांगुड़ी, भास्कर मिश्रा, गौरव जोशी, मोहन आर्या, जीवन सिंह, मनोज भट्ट, आनंद बिष्ट, प्रदीप शर्मा, राजेश कोहली, निर्मल जोशी, सुरेंद्र रावत, महेश दफौटी, जीबी जोशी, दीपक जोशी सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे,



## ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात जवानों के पास खुद पहुंचे एसएसपी, होली की बधाई दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** होली का त्योहर धूमधाम के साथ मनाया गया। हर किसी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। हर कोई होली के रंग में डूबा नजर आया। वहीं पुलिस कर्मियों ने भी अलग अंदाज में होली खेली। पुलिस कर्मियों के लिए इस बार भी होली इसलिए भी खास रही क्योंकि एसएसपी पीएन मीणा ने ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात पुलिस कर्मियों के पास पहुंचे और उन्हें अबीर गुलाल लगाकर होली शुभकामनाएं देते हुए मिठाई दी। इसके साथ ही एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को लंच पैकेट दिए। एसएसपी मीणा ने उन पुलिस जवानों का हौसला बढ़ाया जो होली के दिन अपने परिवार से दूर ड्यूटी निभा रहे थे। उन्होंने ड्यूटी पॉइंट पर जाकर जवानों को गले लगाया। उन्होंने भीमताल तिराहा, कोल्टेक्स, नरीमन तिराहा, खेड़ा, बनभूलपुरा, मंडी, ट्रांसपोर्ट नगर, मुखानी चौराहा, सेंटर हॉस्पिटल, ऊंचापुल, कठघरिया, लामाचौड़, आम्रपाली इत्यादि ड्यूटी प्वाइंट पर लगे महिला एवं अन्य



पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहित भी किया गया। एसएसपी का यह कदम पुलिस कर्मियों में उत्साह और प्रेरणा का संचार करने वाला था। होली के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपादित कराने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से तैनात रही। मुख्य बाजार और चौराहों पर पुलिसकर्मी सतर्क दिखे और हर आने-जाने वालों पर नजर रखी गई। एसएसपी ने इस अवसर पर कहा, हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखते हुए समाज की सुरक्षा और शांति बनाए रखें। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों के समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा आपकी मेहनत और निष्ठा से ही समाज में सुरक्षा और शांति बनी रहती है। एसएसपी मीणा के इस अप्रत्याशित कदम से पुलिसकर्मियों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से बातचीत की और त्योहार के माहौल की जानकारी ली। ड्यूटी के बाद, एसएसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों ने हल्द्वानी में हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। इस मौके पर एसपी सिटी हल्द्वानी प्रकाश चंद्र, एसपी क्राइम नैनीताल डा. जगदीश चंद्र, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, प्रतिसार निरीक्षक भगवत राणा सहित अन्य थानाध्यक्ष रहे।

## शांतिपूर्ण रही होली, सादगी से हुई जुमे की नमाज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** होली और रमज़ान के बीच शुक्रवार को रमज़ान माह के दूसरे जुमे की नमाज़ ने सादगी के साथ अदा की गई, वहीं होली का पर्व भी शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। दोनों समुदायों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का परिचय देते हुए पर्वों को मिलजुलकर मनाया। सुरक्षा के लिहाज से महानगर हल्द्वानी में जगह-जगह भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई थी, लेकिन पूरे दिन में कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई। शहर के मुस्लिम बहुल इलाकों में रमज़ान के दूसरे जुमे की नमाज़ नियत समय पर अदा की गई। हल्द्वानी की मीरा मार्ग स्थित जामा मस्जिद में दोपहर दो बजे के बजाए तीन बजे जुमे की नमाज़ का आयोजन किया गया, जिसमें शहर इमाम ने शांति और सद्भावना के साथ नमाज़ अदा कराई। वहीं, कुमाऊं क्षेत्र में मुख्य रूप से होली शनिवार को मनाई गई, लेकिन पूरे देश में होली 14 मार्च, शुक्रवार को थी। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने जुमे के दिन होली के साथ सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम किए थे। पर्वतीय समाज के लोग शनिवार को जमकर होली खेले और अबीर-गुलाल उड़ाकर खुशी का इज़हार किया। दोनों समुदायों ने मिलकर शहर की शांतिपूर्ण फिज़ा को बनाए रखते हुए एक दूसरे के पर्व का सम्मान किया और किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों को एक भी मौका नहीं दिया। पुलिस की मुस्तैदी और समुदायों की समझदारी से इस बार होली और रमज़ान का पर्व समन्वय और सौहार्दपूर्ण माहौल रहा।

## होली पर अराजक तत्वों का हंगामा, पुलिस ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** होली के अवसर पर शहर में अराजक तत्वों ने हंगामा किया, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन पर लगाम लगाई। पुलिस ने शांति भंग करने वाले दस से अधिक लोगों के चालान किए, जबकि कुछ को हिरासत में लेकर काउंसलिंग की और फिर छोड़ दिया। काठगोदाम थाना क्षेत्र में तीन युवक हैड़ाखान रोड पर सार्वजनिक रूप से शराब पीते हुए पकड़े गए। पुलिस ने उन्हें थाने लाकर चालान किया। इसी तरह, कोतवाली और भोटिया पड़ाव पुलिस ने भी तीन लोगों को हुड़दंग करते हुए पकड़ा और शांति भंग में 500 रुपये का चालान कर उन्हें छोड़ दिया। वहीं, मुखानी पुलिस ने पांच और लोगों को हुड़दंग करते हुए पकड़ा, जिन्हें हवालात भेजने के बाद काउंसलिंग की गई और फिर छोड़ दिया। वहीं दूसरी ओर हादसों में घायल हुए लोगों को अस्पताल पहुंच. ाने के लिए एंबुलेंस की बजाय रोडवेज बस और ऑटो का इस्तेमाल किया गया। काठगोदाम में शनिवार को दीपक नामक युवक सड़क हादसे में घायल हो गया, जिसे अस्पताल पहुंचाने के लिए रोडवेज बस का सहारा लिया गया। दूसरी ओर, वनभूलपुरा निवासी एक युवक ने नशे की हालत में खुद पर चाकू से गले में हमला कर लिया, जिससे उसका गला कट गया। उसे भी उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत खतरे से बाहर है।

## पैसे लेने की बात कह लापता हुआ युवक

**हल्द्वानी।** एक युवक अपनी पत्नी से काम के पैसे लेने की बात कहकर लापता हो गया। पत्नी ने उसे कई जगहों पर खोजा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित पत्नी की तहरीर के आधार पर अब पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू दी। जानकारी के अनुसारा बनभूलपुरा निवासी सलमा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसका पति मो. उमर 24 जनवरी को उसे मायके में छोड़कर अगले दिन सुबह किसी से काम के पैसे लेने की बात कहकर घर से निकल गए। इसके बाद न तो उनका फोन आया और न ही उनका कोई पता चला। डेढ़ माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पति का कोई सुराग नहीं मिलने पर सलमा ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

## जगदम्बा हार्ट केयर सेंटर में धूमधाम से मनाई होली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी स्थित जगदम्बा हार्ट केयर मैटरनिटी सेंटर में होली का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रकाश पंत और वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सोमा पंत ने सभी स्टाफ को हर्बल रंगों का उपयोग करते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर संस्थान के मैनेजर गिरीश सुयाल, यमुना प्रसाद जोशी, हेमा, रचना खष्टी, भावना, सोनम, पूजा, अनीता, ममता, लीला, हेमलता, नवीन और मनोज शामिल थे।

## रिवर वैली कॉलोनी में होली का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कमलुवागांजा गौड़ स्थित रिवर वैली कालोनी में पूरे एक सप्ताह चली खड़ी होली गायन का सफल और सुखद समापन हुआ। रंगों के त्यौहार होली के उक्त आयोजन में कालोनी के सभी वर्गों जिसमें बुजुर्ग, युवा, महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपना योगदान दिया। सभी ने होली के इस त्यौहार को बड़े ही सादगी, भाईचारे और प्यारभरे माहौल में मनाया। कॉलोनी के अध्यक्ष कैप्टन सोबन सिंह भड़ ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा यह आयोजन हमारे समुदाय की एकता और भाईचारे का प्रतीक बनकर सामने आया है। सभी ने मिलकर इसे एक विशेष और



यादगार अनुभव बना दिया। उन्होंने बताया रिवर वैली कॉलोनी में 9 मार्च को मां भगवती के मंदिर प्रांगण में चीर बांधने से लेकर आज शनिवार को छलड़ी तक घर-घर होली गायन का आयोजन भी किया गया, जिससे पूरे कॉलोनी में खुशियों का माहौल बना। मां भगवती के मंदिर में आयोजित समापन कार्यक्रम में सभी ने मिलकर होली के रंगों का आनंद लिया और समाज में प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारे की भावना को और प्रगाढ़ किया। इस अवसर पर कैप्टन सोबन सिंह भड़, डा. टीएस पोखरिया, गो. विंद रावत, धन सिंह कुंजवाल, गणेश पंत, कुंदन गड़िया, राजेंद्र मेहरा, पुष्कर गड़िया, जमन मेहरा, करम बिष्ट, भीम मेहरा, नरेंद्र सामंत, राजेंद्र खेतवाल, महेंद्र राणा, नंदन बिष्ट, रमेश पांडे, के अलावा युवा कपिल त्रिपाठी, भरत खनका, बॉबी जोशी, बालम गैड़ा, जगदीश जोशी, योगेश जोशी, एडवोकेट नंदन बिष्ट आदि मौजूद थे।

## स्कूटी चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** एक सप्ताह पहले मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत हुए सड़क हादसे में हुई एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीते 8 मार्च को यूएसनगर के दिनेशपुर निवासी रोहि. हत सिंह अपने दोस्त के साथ ऑफिस से रिलाइंस मॉल की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान गोविंदपुर गढ़वाल तिराहे के पास एक स्कूटी चालक लापरवाही से तेजी से आया और उनकी वाहन को टक्कर मार दी, जिससे रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उपचार के दौरान रोहित ने 13 मार्च को दम तोड़ दिया। इधर मृतक युवक के पिता की तहरीर के आधार पर मुखानी पुलिस ने अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

## होडगार्ड जवान व उसका साथी स्मैक के साथ गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में शुक्रवार रात को स्थानीय लोगों ने होमगार्ड जवान और एक युवक को संदिग्ध गतिविधियों के आरोप में पकड़ लिया। दोनों के कब्जे से 1.01 ग्राम स्मैक बरामद होने के बाद उन्हें पीटा गया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार होमगार्ड का जवान निर्मल नौला और उसका साथी नफीस अंसारी निवासी बागजाला, गौलापार दो-तीन दिनों से बनभूलपुरा क्षेत्र में आकर टहल रहे थे। स्थानीय लोग दोनों को लगातार देख रहे थे, जिससे उनकी गति. विधियां संदिग्ध हो गई। शुक्रवार रात कुछ स्थानीय लोगों की भीड़ ने दोनों को घेर लिया और तलाशी ली, तो उनके पास से स्मैक की पुड़िया बरामद हुई। इसके बाद भीड़ ने दोनों की जमकर पिटाई की और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने दोनों युवकों को भीड़ से छुड़ाकर उन्हें अपनी हिरासत में लिया। बताया जा रहा कि पकड़े गए होडगार्ड व उसका साथी स्मैक के आदी हैं और वे रात को यहां स्मैक खरीदने आए थे। होमगार्ड जवान निर्मल नौला लालकुआं में तैनात है और मूलरूप से गौलापार कुंवरपुर का निवासी है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## काठगोदाम रेलवे स्टेशन परिसर में अग्निकांड

**हल्द्वानी।** काठगोदाम रेलवे स्टेशन परिसर में शुक्रवार रात एक भीषण अग्निकांड ने पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मचा दी। इस घटना में एक कार और एक स्कूटी पूरी तरह से जल गई, जबकि दो अन्य कारों और एक बाइक को आंशिक नुकसान हुआ। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस की प्राथमिक जांच के अनुसार, एक कार में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की संभावना है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ ही अपनी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पास नैनीताल रोड से स्टेशन को मुड़ते ही सड़क किनारे वाहन पार्क किए जाते हैं। शुक्रवार रात करीब 12 बजे पार्किंग में खड़ी इको कार में अचानक आग लग गई। आग की लपटें तेज होने के कारण, यह जल्दी ही अन्य वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस बीच बगल में खड़ी स्कूटी भी जल गई। अग्निकांड के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग हो-हल्ला करते हुए दमकल विभाग और काठगोदाम पुलिस को सूचित किया। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। एफएसओ एमपी सिंह ने बताया कि इको कार और स्कूटी पूरी तरह से जल गए, जबकि एक आल्टो, बलेनो और एक बाइक को आंशिक नुकसान हुआ। इन वाहनों को समय रहते बचा लिया गया। इधर काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। फिलहाल पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं ताकि अग्निकांड के कारण का पता लगाया जा सके।

## बरेली रोड में कार और बाइक की टक्कर, एक की मौत एक घायल

**हल्द्वानी।** बरेली रोड पर शुक्रवार रात को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक ने पांच घंटे पहले ही एक नई बाइक खरीदी थी और नमाज पढ़ने के बाद दोस्त के साथ घूमने निकला था। तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके दोस्त को मामूली चोटें आईं। युवक की मौत से उसके परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा निवासी मोहम्मद जाहिद फर्नीचर की दुकान चलाते हैं और उनका इकलौता बेटा मो. कैफ घर पर रहकर अपने पिता का हाथ बटा रहा था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार को दोपहर चार बजे कैफ ने एक एजेंसी से नई बाइक खरीदी और घर वापस लौट आया। बताया जा रहा कि रात को नमाज पढ़ने के बाद वह अपने दोस्त अयान के साथ बरेली रोड की ओर घूमने निकल पड़ा। रात करीब नौ बजे बरेली रोड पर लक्ष्मी शिशु मंदिर के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कैफ गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अयान को मामूली चोटें आईं। आनन फानन में दोनों को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने कैफ को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि फिलहाल शव को हल्द्वानी मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कैफ दो बहनों का इकलौता भाई था, जिनमें एक बहन देहरादून में डाक्टरी की पढ़ाई कर रही है, जबकि दूसरी बहन घर पर रहकर पढ़ाई कर रही है। युवक की मौत से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला देहरादून**

पत्र सं०1699/स०ह0/2024-25 दिनांक-11.03.2025

**इश्तहार नामान्तरण**

**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत**

आपको एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री आरुण नारंग पुत्र गोविन्द राम नारंग व दर्शन नारंग पत्नी स्व0 गोविन्द राम नारंग निवासी नात्थुराम प्लॉट मिल रोड डोईवाला जिला देहरादून द्वारा इस आशय का एक प्रार्थना-पत्र मय दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र,शपथ प्रमाण पत्र,दान पत्र एवं उत्तरजीवी प्रमाण प्रस्तुत किया गया है कि नगर पालिका डोईवाला के अभिलेखों मे सम्पत्ति सं0 46 स्थित वार्ड सं० 05 जो की गोविन्द राम नारंग पुत्र काशी राम नारंग के नाम दर्ज चली आ रही है,पर गोविन्द राम नारंग के स्थान परआरुण नारंग पुत्र गोविन्द राम नारंग व दर्शन नारंग पत्नी गोविन्द राम नारंग के नाम दर्ज किया जाए।

नगर पालिका अभिलेखो में गोविन्द राम नारंग पुत्र काशी राम नारंग के स्थान पर आरुण नारंग पुत्र गोविन्द राम नारंग व दर्शन नारंग पत्नी गोविन्द राम नारंग के नाम दर्ज होने पर जिस संस्था / व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ कार्यालय मे दे सकते है। कालान्तित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यावाही कर दी जायेगी जो सभी को मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद डोईवाला**

सत्यमेव जयते

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण**
**Airports Economic Regulatory Authority of India (AERA)**
**भारत सरकार/Government of India**
**3rd Floor, Udaan Bhawan, Safdarjung Airport, New Delhi – 110003**
**Ph.: 011-24695044**

**PUBLIC NOTICE**

**STAKEHOLDERS CONSULTATION MEETING FOR AIRPORT TARIFF DETERMINATION OF CHHATRAPATI SHIVAJI MAHARAJ INTERNATIONAL AIRPORT, MUMBAI (CSMIA) FOR THE 4TH CONTROL PERIOD (01.04.2024 to 31.03.2029)**

Airports Economic Regulatory Authority of India (AERA) has issued Consultation Paper No. 08/2024-25 on 10.03.2025 (which is available on AERA website at URL www.aera.gov.in) w.r.t. the Tariff Determination for Aeronautical Services for Chhatrapati Shivaji Maharaj International Airport, Mumbai (CSMIA) for the 4th Control Period Tariff Cycle of five years (01.04.2024 to 31.03.2029).

In accordance with the provision of Section 13(4) of the AERA Act, 2008, the various tariff proposals of the Authority read with the relevant discussions contained in the Consultation Paper, are put forth for Stakeholders Consultation. A Stakeholders Consultation Meeting in hybrid mode (Physical/Online) in this regard is scheduled on **25th March, 2025 (Tuesday) at 02:30 PM at:**

**Indian Aviation Academy,**
**Vasant Kunj, New Delhi-110070.**

All stakeholders like Passengers/Passengers' Associations, General Public, Airport Operators, Airlines, Industry Associations/Bodies, Independent Service Providers for Cargo, Ground Handing and Fuel Farm etc., are requested to join the said meeting and give their valuable suggestions/comments/views on the aforesaid Consultation Paper on tariff proposals of CSMIA, Mumbai.

Those participants opting for online mode may send their confirmation by 24th March, 2025 with **Name/ email address/ mobile number** by email (to director-ps@aera.gov.in and rajan.gupta1@aera.gov.in), so that the online link can be shared with such participants for the stakeholders meeting on 25th March, 2025.

**Sd/-**
**Secretary, AERA**

cbc 03112/12/0017/2425

# IPL-2025 की तैयारी में जुटे धोनी

## सीएसके का सामना पहले मैच में 23 मार्च को मुंबई इंडियंस के साथ होगा



**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल 2025 के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। सीएसके का सामना पहले मैच में 23 मार्च को मुंबई इंडियंस के साथ होगा। इसके लिए पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी तैयार हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि धोनी काफी लोकप्रिय हैं और उनको खेलते हुए देखने के लिए फैंस के बीच हमेशा उत्साह रहता है। धोनी इस बार आईपीएल में अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर उतरेंगे।

आईपीएल 2025 की शुरुआत होने में अब एक सप्ताह का समय शेष रह गया है और धोनी ने इससे पहले अपने फैंस को टीजर दिखा दिया है। धोनी के अभ्यास करने का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है जिसमें वह नेट्स पर अभ्यास करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि धोनी शॉर्ट डिलेवरी पर शॉट खेल रहे हैं। धोनी के इस शॉट को देखकर फैंस काफी खुश हो गए हैं। 43 वर्षीय धोनी आईपीएल के 18वें सत्र में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। धोनी ने पांच बार आईपीएल का खिताब जीता है और वह इस लीग के सबसे सफल कप्तान हैं। धोनी ने पिछले सीजन से ठीक पहले सीएसके की कमान छोड़ दी थी जिसके बाद ऋतुराज गायकवाड़ टीम के कप्तान बनाए गए थे। गायकवाड़ की कप्तानी में सीएसके पिछले सत्र में पांचवें स्थान पर रही थी और प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गई थी। धोनी पिछले सीजन सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतर रहे थे। धोनी अंतिम समय में बल्लेबाजी के लिए आते थे और कुछ शानदार शॉट खेलकर प्रशंसकों का मनोरंजन करते दिखे थे। धोनी ने आईपीएल 2024 में 220 से अधिक के स्ट्राइक रेट और 53.67 के औसत से 161 रन बनाए थे। पिछले सीजन के दौरान धोनी कथित तौर पर चोट की समस्या से भी जूझ रहे थे।

फैंस को उम्मीद है कि इस सीजन धोनी ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। धोनी ने कुछ साल पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। आईपीएल नियम के अनुसार पांच साल या इससे अधिक समय पहले संन्यास ले चुके खिलाड़ी को अनकैप्ड प्लेयर माना जाता है इसलिए सीएसके ने आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी से पहले धोनी को अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर रिटेन किया था। धोनी ने हाल ही में संकेत दिए थे कि उनमें कुछ वर्ष और खेलने की क्षमता शेष है।

# आईएसएल ने की प्लेऑफ की तारीखों की घोषणा

**■ मोहन बागान एसजी ने लगातार दूसरे सीजन के लिए लीग शील्ड जीतकर इतिहास रच दिया है**

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने शनिवार को 2024-25 सत्र के लिए प्लेऑफ की तारीखों की घोषणा कर दी। प्रतियोगिता का लीग चरण 12 मार्च को समाप्त होगा।

नॉकआउट 29 और 30 मार्च को खेले जाएंगे, इसके बाद 2-3 और 6-7 अप्रैल को सेमीफाइनल होंगे। 2024-25 सीजन का बहुप्रतीक्षित फाइनल 12 अप्रैल को खेला जाएगा। मोहन बागान एसजी ने लगातार दूसरे सीजन के लिए लीग शील्ड जीतकर इतिहास रच दिया है और ऐसा करने वाली प्रतियोगिता की पहली टीम बन गई।

मोहन बागान एसजी के साथ, एफसी गोवा (दूसरा), बेंगलुरु एफसी (तीसरा), नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी (चौथा), जमशेदपुर एफसी (पांचवां) और मुंबई सिटी एफसी (छठा) ने प्लेऑफ प्रवेश कर लिया है। प्लेऑफ में, तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमें मोहन बागान एसजी और एफसी गोवा के प्रतिद्वंद्वियों को निर्धारित करने के लिए दो सिंगल-लेग नॉकआउट मैचों में भिड़ेंगी, जो सीधे सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। सेमीफाइनल होम और अवे प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें दोनों लीग के विजेता 12 अप्रैल को लीग सूची में उच्च रैंक वाली टीम के घर पर फाइनल खेलेंगे।

29 मार्च: नॉकआउट 1 - बेंगलुरु एफसी (घरेलू) बनाम मुंबई सिटी एफसी
30 मार्च: नॉकआउट 2 - नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी (घरेलू) बनाम जमशेदपुर एफसी
2 अप्रैल: सेमीफाइनल 1 (पहला चरण) - नॉकआउट 1 का विजेता (घरेलू) बनाम एफसी गोवा
3 अप्रैल: सेमीफाइनल 2 (पहला चरण) - नॉकआउट 2 का विजेता (घरेलू) बनाम मोहन बागान एसजी
6 अप्रैल: सेमीफाइनल 1 (दूसरा चरण) - एफसी गोवा (घरेलू) बनाम नॉकआउट 1 का विजेता
7 अप्रैल: सेमीफाइनल 2 (दूसरा चरण) - मोहन बागान एसजी (घरेलू) बनाम नॉकआउट 2 का विजेता
12 अप्रैल: फाइनल - सेमीफाइनल 1 का विजेता बनाम सेमीफाइनल 2 का विजेता।

# इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट में रोहित होंगे कप्तान

**● चैंपियंस ट्रॉफी में पहले रोहित शर्मा खराब दौर से गुजर रहे थे और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद रोहित शर्मा को इंग्लैंड के खिलाफ जून में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए चुना जा सकता है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, रोहित इस दौरे पर कप्तानी कर सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले रोहित खराब दौर से गुजर रहे थे और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। रोहित को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान सिडनी में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच से बाहर रखा गया था जिससे इस प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर चर्चा का बाजार गर्म हो गया था। हालांकि, रोहित के नेतृत्व में भारत ने हाल ही में न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था जो उसका पिछले नौ महीने में दूसरा आईसीसी खिताब था। इससे पहले टीम ने 2024 में रोहित की कप्तानी में ही टी20 विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की थी। इस रिपोर्ट की मानें तो रोहित को चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत का इनाम मिल सकता है और वह इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी संभाल सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित को इस दौरे पर कमान संभालने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और चयन समिति का समर्थन हासिल है। एक सूत्र ने इस रिपोर्ट के हवाले से कहा, रोहित ने दिखाया है कि वो क्या कर सकते हैं। सभी को लगता है कि वह इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त हैं।

### खेल विशेष

## खेलों के विकास में महिला खिलाड़ियों का योगदान: कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को देश में महिला खेलों के परिवर्तन के पीछे महिला खिलाड़ियों की भूमिका की सराहना करते हुये कहा कि उनके खुद के प्रयासों से वाणिज्यिक विकास, वित्त पोषण में वृद्धि हुई और आखिरकार महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) अस्तित्व में आया। लीडर्स द्वारा संचालित आरसीबी इनोवेशन लैब इंडियन स्पोर्ट्स समिट में बोलते हुए कोहली ने महिला खेलों के बदलते परिदृश्य पर कहा कि महिला एथलीटों ने खुद पर ध्यान आकर्षित किया, जिससे वाणिज्यिक विकास हुआ, वित्त पोषण में वृद्धि हुई और अंततः डब्ल्यूपीएल का निर्माण हुआ। कोहली ने खेल विकास के लिए सामूहिक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि महिला खेल इस पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसी भी देश में खेल के सुधार के लिए पुरुषों को देखते हुए यह सामूहिक होना चाहिए। खेल संस्कृति में सभी शामिल हैं, और महिला खेल इसका एक बड़ा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास महिला खेलों में बहुत सारा डेटा है, सिर्फ़ क्रिकेट ही नहीं बल्कि सभी अन्य खेलों में। हम टेनिस, बैडमिंटन, कुश्ती, मुक्केबाजी में साल भर अलग-अलग गतिविधियाँ बना रहे हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि यह निश्चित रूप से सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसे और अधिक समर्थन और अधिक से अधिक बुनियादी ढाँचे के विकास की आवश्यकता है।ह उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे विभिन्न विषयों में महिला एथलीटों की सफलता ने महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है, जिससे महिलाओं के खेलों में बेहतर वित्तीय निवेश और संरचनात्मक प्रगति हुई है। भारतीय खेल बिरादरी की प्रमुख हस्तियों को एक साथ लाने वाले इस शिखर सम्मेलन में खेल विकास के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें देश में महिलाओं के खेलों के विकास पर विशेष जोर दिया गया।

## दिल्ली ने टॉस जीता, मुबंई पहले करेगी बल्लेबाजी

**मुबंई, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लानिंग ने वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के खिताबी मुकाबले में टॉस जीतकर मुबंई इंडियंस को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। फाइनल मुकाबले में दिल्ली की टीम में एक बदलाव किया गया है।

तितास साधु को बाहर बैठाया गया है वहीं मुबंई इंडियंस बगैर बदलाव के मैदान पर उतरी है। दिल्ली की कप्तान लालनग ने कहा कि वह फ़ाइनल के लिए काफ़ी उत्सुक हैं और उनकी टीम इस मैच को एक मौक़े के तौर पर देख रही हैं, दिल्ली की टीम में एक बदलाव है, तितास साधु बाहर हैं। मुबंई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि इस टूर्नामेंट में उनकी टीम के लिए पक्ष में चीज़ें इसलिए गई हैं कि उन्होंने खेल में बने रहने की कोशिश की है।

# सलमान अली आगा के नेतृत्व में टी-20 सीरीज खेलने न्यूजीलैंड जाएगा पाक



**■ टीम में अब्दुल समद हसन नवाज और मो. अली को शामिल किया**

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, पाकिस्तान अब पांच टी-20 और तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगा।

अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप और इस साल के अंत में होने वाले एशिया कप को देखते हुए, पाकिस्तान ने नवनियुक्त कप्तान सलमान अली आगा की अगुआई में युवा टी-20 टीम चुनी है। पाकिस्तान चोट के कारण सैम अयूब और फखर जमान के बिना खेलेगा। टीम में तीन अनकैप्ड खिलाड़ी अब्दुल समद, हसन नवाज और मोहम्मद अली को शामिल किया गया है, जिन्होंने हाल ही में घरेलू टूर्नामेंटों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई है। सीरीज से पहले टीम के बारे में बात करते हुए, आगा ने कहा कि हमारी टीम में कुछ युवा खिलाड़ी हैं, और यह उनके लिए घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कप्तान के रूप में अपनी पहली सीरीज में जिम्बाब्वे के खिलाफ पाकिस्तान को 2-1 से सीरीज में जीत दिलाने वाले आगा ने न्यूजीलैंड दौरे से पहले आत्मविश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि टीम की तैयारी अच्छी चल रही है और हम न्यूजीलैंड में बेहतर परिणाम देने की कोशिश करेंगे। दोनो टीमो के बीच अब तक हुये 44 टी-20 मैचों में, पाकिस्तान के पक्ष में 23 मैच गए हैं जबकि न्यूजीलैंड ने 19 मुकाबले जीते हैं। आखिरी बार दोनो टीमे टी-20 सीरीज में 2024 में एक-दूसरे से भिड़ी थी, यह सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई थी।

**पाक:** सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान, अब्दुल समद, अबरार, हारिस, हसन नवाज, जहांदाद, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद अली, मोहम्मद हारिस, मुहम्मद, ओमैर बिन यूसुफ, शाहीन, सुफियान मोकिम और उस्मान खान।



# सीएसके ने आईपीएल के लिए चेन्नई मेट्रो, एमटीसी के साथ किया समझौता

**चेन्नई, वार्ता।** पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शनिवार को आईपीएल 2025 के लिए चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड और मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के साथ विशेष साझेदारी की घोषणा की, ताकि टीम के घरेलू मैचों के दौरान प्रशंसकों की सुविधाओं में इजाफा किया जा सके। एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेपक सीएमआरएल के साथ साझेदारी के जरिए मैच टिकट वाले प्रशंसक बिना किसी अतिरिक्त कीमत के मेट्रो रेल में यात्रा कर सकते हैं। क्रिकेट प्रेमियों को अब कतारों में इंतजार करने की जरूरत नहीं होगी, क्यूआर/बारकोड वाले मैच टिकट यात्रा टिकट के रूप में भी काम करेंगे। मैचों के बाद प्रशंसकों की सुरक्षित वापसी की सुविधा के लिए मेट्रो रेल सेवाओं को भी 90 मिनट तक बढ़ाया जाएगा। सीएसके के एमडी केएस विश्वनाथन ने कहा कि 2023 में इसी तरह की साझेदारी को अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी और हमें विश्वास है।

# नीदरलैंड की टीम में डेपे की वापसी



**■ डेपे ने अब तक नीदरलैंड के लिए 98 कैप हासिल किए है**

**द हेग, वार्ता।** नीदरलैंड्स के कोच रोनाल्ड कोमैन ने शुक्रवार को कहा कि 20 और 23 मार्च को स्पेन के खिलाफ होने वाले नेशंस लीग क्वार्टर फाइनल के लिए कोरिंथियंस के स्ट्राइकर मेम्फिस डेपे को टीम में शामिल किया है। 31 वर्षीय डेपे की आठ महीने बाद टीम में वापसी हुयी है।

पिछले साल 10 जुलाई को उन्होंने अपने देश के लिए अपना आखिरी मैच इंग्लैंड के खिलाफ यूरो 2024 के सेमीफाइनल में खेला था। पिछले साल सितंबर में ब्राजील के क्लब कोरिंथियंस में ट्रांसफर होने के बाद उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया था। डेपे ने अब तक नीदरलैंड के लिए 98 कैप हासिल किए हैं। उन्होंने 46 गोल किए हैं, जो नीदरलैंड्स के लिए 50 गोल करने वाले मौजूदा ऑल-टाइम गोल स्कोरर रॉबिन वैन पर्सी से सिर्फ चार पीछे हैं। मैनचेस्टर सिटी के डिफेंडर नाथन एके और इंटरनैजियोनेल के डिफेंडर स्टीफन डी व्रीज को चोटों के कारण टीम से बाहर कर दिया गया था। इसलिए मैनचेस्टर यूनाइटेड के डिफेंडर मैथिज डी लिग्ट को टीम में शामिल किया गया, हालांकि वह प्रारंभिक सूची में नहीं थे। 22 वर्षीय मिडफील्डर ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपने चार मैचों में से आखिरी मैच 24 मार्च, 2023 को फ्रांस के खिलाफ खेला (4-0 से हार) था। नीदरलैंड 20 मार्च को रॉटरडैम में और 23 मार्च को वालेंसिया में नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में स्पेन से खेलेगा। विजेता 5 जून को सेमीफाइनल में क्रोएशिया या फ्रांस से भिड़ेगा।

# ऋषभ पंत व रवि बिश्नोई ने जमकर खेली होली

**■ एलएसजी ने होली का त्यौहार इस बार देसी अंदाज में मनाया**

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने होली का त्योहार इस बार खास देसी अंदाज में मनाया। न केवल एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाया, बल्कि फिल्मी गानों पर डांस करके जमकर मस्ती की।

मुख्य कोच जस्टिन लैंगर व सहायक कोच लांस क्लूजनर तो इन गानों पर देर तक थिरकते रहे। कप्तान ऋषभ पंत, स्पिनर रवि बिश्नोई ने साथियों को पकड़-पकड़ कर रंगों में सराबोर कर दिया। मेंटर जहीर खान और सहायक कोच विजय दहिया ने भी पिचकारी से रंगों की बौछार की और खूब गुलाल उड़ाया। टीम होटल में होली खेलने की शुरुआत दोपहर 12 बजे हुई। क्रिकेटरों के उल्लास को बढ़ाने के लिए डीजे और ढोल नगाड़ों का इंतजाम पहले ही कर लिया गया था। खिलाड़ियों ने पहले सादगी से एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं, लेकिन जैसे ही टीम के कप्तान पंत और रवि आए तो उन्होंने होली की मस्ती को चौगुना कर दिया।

# इंडियन वेल्स के फाइनल में पहुंची इंड्रीवा



**● मीरा इंड्रीवा 2001 के बाद से इंडियन वेल्स में महिला फाइनल में पहुंचने वाली पहली 17 वर्षीय खिलाड़ी बन गई है उन्होंने पिछले गत चैंपियन इगा को हराया था**

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** उभरती हुई रूसी स्टार मीरा एंड्रीवा 2001 के बाद से इंडियन वेल्स में महिला फाइनल में पहुंचने वाली पहली 17 वर्षीय खिलाड़ी बन गई, उन्होंने पिछले मैच में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को हराया।

उन्होंने फरवरी में दुबई में क्वार्टर फाइनल चरण में इगा को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया जिसके बाद लगातार दो टूर्नामेंट में उन्होने दूसरी बार विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी को हराया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, एंड्रीवा ने एकतरफा मुकाबले में दूसरा सेट हारने के बाद वापसी करते हुए अनुभवी पोल को 7-6 (7-1) 1-6 6-3 से हराया। फाइनल में उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से होगा।बेलारूसी खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में अमेरिकी मैडिसन कीज़ से मिली हार का बदला लेते हुए 6-0, 6-1 से जीत दर्ज की। नौवीं वरीयता प्राप्त एंड्रीवा ने अंतिम सेट में अपनी वापसी पर कहा कि मुझे लगता है कि मैं अपनी घबराहट और दबाव से बहुत अच्छी तरह निपट रही थी, इसलिए मुझे खुद पर गर्व है। दूसरे सेट में जब उसने मुझे सचमुच हरा दिया, तो मैंने सोचा शायद मैं लड़ने की कोशिश करूँगी।

मैं इसके बारे में कुछ नहीं कर सकती थी। वह कमाल का खेल रही थी। मैंने बस हर पॉइंट के लिए कड़ी मेहनत करने और लड़ने का फैसला किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं गेंद को कैसे डालती हूं। एंड्रीवा किम क्लिस्टर्स के बाद इंडियन वेल्स के फाइनल में पहुँचने वाली सबसे कम उम्र की महिला हैं, जो 2001 में सेरेना विलियम्स से हार गई थीं। उन्हें विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका के सामने एक और बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त कीस को हराने में केवल 51 मिनट का समय लिया। यह उनके ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल की पुनरावृत्ति थी, जिसे कीस ने 6-3 2-6 7-5 से जीतकर मेलबर्न में सबालेंका की लगातार तीसरी बार खिताब जीतने की उम्मीदों को खत्म कर दिया।

सबालेंका ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई ओपन का वह मैच मेरे लिए वाकई बहुत दुखद था और मुझे इसके बाद ठीक होने के लिए कुछ समय की जरूरत थी और अगर मैं आज फिर हार जाती, तो यह मेरे दिमाग में घर कर जाता और मैं नहीं चाहती थी कि ऐसा हो। मैं वास्तव में केंद्रित थी, इसलिए मैं मैडिसन के खिलाफ यह जीत हासिल करने के लिए बहुत उत्सुक थी।

# विश्व कप क्वालीफायर के लिए नेमार अनफिट

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** घुटने की चोट से उबर रहे ब्राजील के स्टार खिलाड़ी नेमार कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

ब्राजील फुटबॉल महासंघ (सीबीएफ) ने शुक्रवार को बयान जारी कर यह जानकारी साझा की। कोच डोरिवल जूनियर ने कहा कि नेमार, गोलकीपर एडर्सन और डिफेंडर डैनिलो कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मैच के लिए फिट नहीं हैं। नेमार के स्थान पर रियाल मैड्रिड के स्ट्राइकर एंड्रिक को ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि नेमार ने अपना पिछला मैच दो मार्च को खेला था लेकिन बायीं जांघ में दर्द के कारण उन्हें आधे मैच से हटना पड़ा था। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में पांचवें स्थान पर मौजूद ब्राजील 20 मार्च को कोलंबिया की मेजबानी करेगा और इसके बाद उसका मुकाबला शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना से होगा।

# शांति सौहार्द के साथ मनाई गई होली व अदा की गई जुमे की नमाज

## अधिकारियों ने अपने हाथों में संभाली लगाम, पुलिस प्रशासन भी दिन भर रहा अलर्ट, मस्जिदों के बाहर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर से देहात तक रंगों के त्यौहार की धूम रही तो रमजान माह के दूसरे जुम्मे की नमाज भी अमन के साथ अदा की गई। दोनों त्यौहार पूरी शांति के साथ मनाये गये।

पुलिस के आला अधिकारियों ने सुरक्षा की कमान अपने हाथ में संभाली थी। वहीं होली के दिन रमजान माह के जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरे दिन सर्तक रहा और मस्जिदों के बाहर भी सुरक्षा अवस्था के कड़े इंतजाम रहे। कुल मिलाकर रंगों का यह पावन पर्व जहां हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। वहीं प्रशासन की सतर्कता और सामुदायिक सहयोग के चलते पूरे जिले में शांति और सौहार्द बना रहा।

पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और दोनों समुदायों की समझदारी से यह पर्व शांति और प्रेम का संदेश देकर संपन्न हुआ। पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र डोबाल ने



खुद मोर्चा संभाले रखा, राजपत्रित अधिकारियों ने मॉनीटिरिंग की, और रात से दिनभर तक थानेदार सड़को पर रहकर शांति व्यवस्था में मुस्तैद रहे।

**पुलिस की मुस्तैदी से टली कोई भी अप्रिय घटना....हरिद्वार** जिले में संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। जिले के संवेदनशील क्षेत्रों, विशेषकर मिश्रित आबादी वाले इलाकों जैसे पथरी, भगवानपुर, लक्सर और ज्वालापुर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रमेंद्र डोबाल के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने एक सप्ताह पहले से ही रणनीति बनानी शुरू कर दी थी। **पुलिस प्रशासन की रणनीति....संवेदनशील** इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का संदेश दिया। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। जुम्मे की नमाज के दौरान मस्जिदों के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पुलिस और प्रशासन ने विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ बैठक कर सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इन सभी तैयारियों का असर यह रहा कि पूरे जिले में किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटी और होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। **सामुदायिक सहयोग ने निभाई अहम भूमिका. ...इस बार** होली और जुम्मे की नमाज एक ही दिन पड़ने के चलते सामुदायिक सहयोग की परीक्षा थी, जिसे क्षेत्रवासियों ने पूरी ईमानदारी से निभाया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपनी जुम्मे की नमाज के समय को थोड़ा आगे-पीछे कर हिंदू समाज को होली मनाने का पूरा अवसर दिया। बदले में हिंदू समाज ने भी इस सहयोग की सराहना करते हुए सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। हरिद्वार के नागरिकों ने यह साबित कर दिया कि यह शहर सिर्फ धर्म और आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल भी है। **सांस्कृतिक आयोजनों ने बढ़ाया रंग....होली** के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और संस्थाओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कवि सम्मेलनों, गीत-संगीत और रंगारंग प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया।

**प्रशासन और जनता ने एक-दूसरे का आभार जताया... हरिद्वार में** होली का शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण आयोजन प्रशासन और नागरिकों की आपसी समझदारी का बेहतरीन उदाहरण बना। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने जिलेवासियों को शांतिपूर्ण होली के लिए धन्यवाद दिया और पुलिस टीमों की तत्परता की सराहना की। वहीं, जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने भी नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि हरिद्वार ने एक बार फिर आपसी सौहार्द की मिसाल पेश की है।

**❖मुस्लिम समाज ने भी जुमे की नमाज का वक्त बदलकर व बिना काम के अपने घरों से न निकाल कर किया प्रशासन का पूरा सहयोग**



पूर्व राज्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर लाल शर्मा के आवास पर होली के दौरान उपस्थित लोग



# पुलिस कर्मियों ने जमकर उड़ाया गुलाल होली के गीतों पर लगाए ठुमके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली परिसर मे पुलिसकर्मियों ने जमकर होली का रंग गुलाल उड़ाया। वही पुलिसकर्मी होली के गीतों पर भी खूब ठुमके लगाते दिखे।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जहां पुलिस कर्मियों ने होली और रमजान के दूसरे जुम्मे की नमाज पर मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी को अंजाम दिया। पुलिस कर्मियों की मुस्तैदी के चलते मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में होली शांति पूर्ण तरीके से मनी। शनिवार को कोतवाली परिसर में पुलिस की होली मनाई गई। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार, चौकी प्रभारी संजीव



चौहान, उप निरीक्षक गजपाल, अन्य पुलिस कर्मियों ने जमकर रंगों से होली खेली। अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों तो पुलिस कर्मियों ने अधिकारियों के रंग गुलाल लगाया। होली की मस्ती में झूमते पुलिस कर्मी एक दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी वही पुलिसकर्मी होली के गीतों पर भी खूब ठुमके लगे।

### होली पर सदभाव की हुई जीत, नफरत हार गई

# आपसी भाईचारे की मिसाल है शिक्षानगरी : मुजीब मलिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर में होली पर इस बार भी सद्भाव हमेशा की तरह सफल रहा और नफरत हार गई ।मुस्लिम समाज ने जहां हिंदू भाइयों के होली के त्यौहार को देखते हुए जुमा की नमाज का समय दोपहर एक बजे से बदलकर दो बजे किया, वहीं हिंदू समाज के लोगों ने भी बड़ा दिल दिखाते हुए जुमे की नमाज के समय मुस्लिम भाइयों की अफ्तारी के लिए गुंजिया के पैकेट भेंट किये। होली और जुमे को लेकर पूरे देश में जहां भ्रामक प्रचार किया गया। वहीं होली के दिन रूड़की नगर के मोहल्ला सोत स्थित जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के समय यह अदभुत सद्भावना का नजारा देखने को मिला। मुस्लिम समाज मुस्लिम समाज के लोगों ने हिंदू समाज के भाईयों को रंग और होली की टोपियों पेश कर होली की मुबारकबाद पेश की,तो हिन्दू भाईयों ने भी मुस्लिमों को अफ्तार के लिए गुंजिया भेंट की।सोत व सत्ती मोहल्ले के पार्षदों शिवम अग्रवाल व संजीव राय टोनी सहित अनेक हिन्दू भाइयों ने जुमा की नमाज के समय जामा मस्जिद पहुँच कर मुस्लिम समाज के लोगों एवं धर्मगुरुओं को रोजा अफ्तार के लिए गुंजिया के डिब्बे पेश किए,जबकि मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सद्भाव को आगे बढ़ाते हुए हिन्दू भाइयों को होली की टोपी व रंग भेंट किए। अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलौरी ने बताया कि पिछले बारह वर्षों से पार्षद संजीव राय टोनी जामा मस्जिद में रात को नमाज तरावीह के समय पीने के पानी के कैम्पर रखवाते चले आ रहे हैं,जबकि रामलीला व गुरू पर्व के जुलूस के अवसर पर कुछ मुस्लिम समुदाय के



लोग प्याऊ लगाते हैं,यही रुड़की नगर की एकता की मिसाल वर्षों से चली आ रही है।समाज सेवी मनोज अग्रवाल व बाबूराम सैनी ने कहा कि रुड़की हमेशा हिन्दू मुस्लिम एकता व सद्भावना का नगर रहा है।मुफ्ती मोहम्मद सलीम अहमद ने अपने संदेश में कहा कि इस्लाम धर्म सभी धर्मों के सम्मान और मानवता का सन्देश देता है।ईद पर हमारे हिन्दू भाई ईदगाह आ कर गले मिलते हैं। वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर मुजीब मलिक ने रमजान और होली की मुबारकबाद पेश करते हुए जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से कराए जाने पर प्रशासन व पुलिस का आभार व्यक्त किया।लायंस क्लब और भारत विकास परिषद से जुड़े समाजसेवी इंजीनियर मुजीब मलिक ने इस अवसर पर कहा कि पूर्व में चौयरमेन रहे बाबू त्रिलोकीनाथ अग्रवाल, राजेश गर्ग,और दिनेश कौशिक के कार्यकाल में होली के दिन होली मिलन समारोह और ईद मिलन समारोह आयोजित होते रहे जिनमें हिन्दू,मुस्लिम, सिख और ईसाई धर्म के लोग भाग लेते रहे जो हमारे रुड़की नगर की एकता की परम्परा रही,जोकि फिर से कायम होनी चाहिए। रमजान के दूसरे जुमे की नमाज मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने पढ़ाई। नमाज से पूर्व अपने खुत्बे में मदरसा अरबिया रहमानिया के प्रधानाचार्य मौलाना अहजहरुल हक ने रमजान की फजीलत बयान की।इस अवसर पर अनेक हिंदू व मुस्लिम धर्म से जुड़े मस्जिद जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

# लक्सर में भी होली का पर्व व जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र में होली का पर्व एवं जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है। लोगों के द्वारा मुल्क में अमन चैन रहे इसकी भी दुआएं मांगी गई है। सभी ने प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

शासन प्रशासन की ओर से दोनों त्योहारों को देखते हुए गंभीरता से विचार किया गया और दोनों समुदाय के त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए उस वजह से जुम्मे की नमाज का वक्त ढाई बजे मुकर्रर किया गया जिससे होली का त्यौहार 2:00 बजे से पहले मनाया जा सके सभी हिंदू भाइयों ने शासन प्रशासन का सम्मान करते हुए होली का त्यौहार 2:00 बजे से पहले ही मना लिया और फिर उसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने ढाई बजे जुम्मे की नमाज अदा की और शांतिपूर्ण जुम्मे की नमाज पढ़ाई गई। साबरी जामा मस्जिद बसेड़ी खादर के इमाम ने कहा कि जिस तरह से सरकार के द्वारा आदेश मिला था इस आदेश के अनुसार जुम्मे की नमाज 2:30 बजे संपन्न हुई जिसमें कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई और सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से जुम्मे की नमाज अदा की उन्होंने कहा जिस तरह से शासन प्रशासन ने दो रोज पहले से ही मोर्चा संभाल रखा था कि कहीं कोई गड़बड़ी न होने पाए इसके लिए पुलिस प्रशासन को भी हम धन्यवाद करते हैं जिन्होंने होली के त्यौहार को और जुम्मे की नमाज को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए हर तरफ अपने सूत्र छोड़ रखे थे कि कहीं भी कोई गड़बड़ी न होने पाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से होली का त्यौहार एवं जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण अदा की गई है यह बहुत ही अच्छी बात है। उन्होंने कहा हमारे मुल्क तभी तरक्की कर सकता है जब हिंदू और मुसलमान आपस में एक होकर रहे और एक दूसरे से प्यार करते रहे हमारे मुल्क को किसी गैर मुल्क की नजर ना लग जाए इसीलिए सब हिंदू मुसलमान को एक दूसरे के त्यौहार में सहयोग करना चाहिए जिस मुल्क हमेशा की तरह आगे बढ़ता रहे।

# कूड़ा डालने व गाड़ी पार्किंग को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, 14 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र लिब्बरहेडी गांव में कूड़ा डालने और गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो अलग अलग झगड़े हो गए दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों मामलों में चौदह आरोपियों गिरफ्तार किया है जिनका शांति भंग की धारा में चालान कर दिया है। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार कुमार ने बताया कि 14 मार्च होली के दौरान को ग्राम लिबरहेड़ी में दो झगड़े की सूचना प्राप्त होने के उपरांत पुलिस बल को मौके पर भेजा गया मौके पर जाकर पता लगा कि एक झगड़ा कूड़ा डालने को लेकर तथा दूसरा झगड़ा गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुआ है होली का पर्व था जिस कारण तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वहां देखा कि अलग-2 मामलो में जहां पर 14 व्यक्ति आपस मे झगड़ा कर रहे थे। पुलिस कर्मियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया परन्तु नही माने और उग्र होने लगे, मौके पर शान्ति भंग होने के चलते 14 आरोपियों को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार किया गयायदि आरोपियों को गिरफ्तार नही किया जाता तो अवश्य कोई संज्ञेय अपराध कारित कर सकता थे। आरोपियों के नाम शाकिर अंसारी पुत्र अयूब,अंसारी,फरमान पुत्र रियासत,सलमान पुत्र रियासत,आसिफ पुत्र रियासत, नावेद पुत्र शहीद,शहीद पुत्र युसुफ, अहसान पुत्र रियासत, निवासी गण ग्राम लिब्बरहेडी थाना कोतवाली मंगलौर, ओसामा पुत्र मोहरबान निवासी मोहल्ला टोली मंगलौर बताए गए हैं जो कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में गिरफ्तार हुए हैं। वहीं पंकज कुमार पुत्र वीर सिह, विकास पुत्र वीर सिह, सुशान्त पुत्र मदनपाल,राजन पुत्र मदनपाल,आदित्य पुत्र विशनपाल,मनीष पुत्र विशन पाल निवासी ग्राम लिब्बरहेडी मंगलौर गाड़ी खड़ी करने को लेकर आपस में झगड़े थे। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक रफत अली, उप निरीक्षक नरेंद्र राठी,कांस्टेबल सोनू भारती, मोहित कुमार, नरेश, पुनीत सेमवाल, पप्पू कश्यप, जफर हुसैन, होमगार्ड विनोद और राजेंद्र शामिल रहे।

## सफाई कर्मचारियों ने आईआईटी में किया कार्य बहिष्कार

**रुड़की।** समय से वेतन नहीं मिलने से नाराज एक निजी कंपनी के सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार सुबह आईआईटी परिसर में कार्य बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन किया। आरोप है कि कंपनी द्वारा उन्हें कभी भी समय से वेतन नहीं दिया जाता है। जिसके चलते कर्मचारियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आईआईटी मेन भवन के पास एक निजी सफाई कंपनी बीभीजी का कार्यालय है। जिससे की करीब दो सौ से ज्यादा सफाई कर्मचारी रखे हुए हैं। कर्मचारियों ने यहां गुरुवार को कार्य बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन किया। कार्य बहिष्कार के चलते कई कार्यालयों व कक्षों की सफाई नहीं हो सकी। सफाई कर्मचारियों ने कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की।

वहीं परिवहन विभाग की सचल टीम ने लक्सर के रायसी में छापा मारकर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान टीम ने लोगों से भरे दो प्राइवेट वाहनों को रोक लिया। दोनों घरेलू वाहनों में दर्ज थे। टीम प्रभारी मुकेश भारती ने इनमें सवार लोगों से पूछताछ की, तो पता चला कि वे सवारियां हैं। उनसे पैसे लेकर वाहनों का व्यवसायिक प्रयोग किया जा रहा है। इस पर टीम ने दोनों वाहन कब्जे में लेकर सीज कर दिए हैं।

# विधायक बत्रा ने सीएम धामी के साथी खेली होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने गुरुवार को देहरादून पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ होली खेली। इसके साथ ही वह मुख्यमंत्री धामी तथा इनकी पत्नी गीता धामी और क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। विधायक बत्रा गुरुवार को देहरादून के सीएम आवास पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत अन्य के साथ गुलाल लगाते हुए होली खेली। वापस रुड़की पहुंचने के बाद विधायक के समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके साथ भी होली खेली। एक दूसरे को गुलाल लगाया। गुजिया खिलाते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद विधायक रामनगर समेत अन्य क्षेत्रों में होली के कार्यक्रम में पहुंचे। विधायक प्रदीप बत्रा ने जनता से अपील की है कि वे होली का त्योहार प्रेम और शांति के साथ मनाएं। यह पर्व भाईचारे का प्रतीक है और इसे संयम के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों, भड़काऊ बयानों और असामाजिक तत्वों के बहकावें में न आए। कहा कि होली के त्योहार पर मुस्लिम समाज भी हमेशा की तरह इस बार भी पूरा सहयोग कर रहा है। यहां तक कि मुस्लिम समाज ने अपने जुमे की नमाज भी दो बजे बाद करने का निर्णय लिया है। जो कि सराहनीय कदम है।

वहीं देशभर में होली का त्योहार पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। होली और रमजान के दूसरे जुमे की नमाज भी अदा की गई।पिरान कलियर थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में होली और रमजान के दूसरे जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इस बार होली का त्योहार और रमजान का दूसरा जुमा एक साथ होने के चलते पुलिस प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती थी पुलिस प्रशासन ने दोनों पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जगह जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया।

# सड़क दुर्घटना में दो लोग हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हाईवे पर देर शाम को दो अलग-अलग जगह पर हुई सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल भेजा। जिला सहकारी बैंक के सामने हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस के द्वारा घायल को रुड़की अस्पताल भिजवाया, और दुर्घटना की जानकारी परिजनों को दी जिसके बाद घायल व्यक्ति को परिजन इलाज के लिए मेरठ ले गए। घायल व्यक्ति का नाम रवि पुत्र रामपाल सिंह ग्राम कुसावली थाना सरधना जिला मेरठ उत्तर प्रदेश बताया गया है। दूसरी दुर्घटना नारसन खुर्द के पास हुई नाम मनोज पुत्र चंद्र प्रताप ग्राम चितरंगी लालिमाती थाना चितरंगी जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश का सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी पुलिस ने घायल को 108 एंबुलेंस के माध्यम से रुड़की अस्पताल भिजवा दिया।

# सिंचाई विभाग कार्यालय की सीढ़ियों से लटका मिला कर्मचारी का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दो दिन से लापता सिंचाई विभाग कर्मचारी का शव कार्यालय में फंदे से लटका मिला। मामले की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय अर्जुन पुत्र मदन पाल सिंचाई परिकल्प संस्थान रुड़की में कार्यरत हैं। बुधवार रात दस बजे से सुबह छह बजे तक उनकी ड्यूटी कार्यालय में थी। लेकिन गुरुवार को वह घर नहीं पहुंचे वही दो दिन दिन की कार्यालय में भी छुट्टी थी। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं लग पाया। आज कार्यालय में उसका शव सीढियों में लटका मिला। किसी कर्मचारी ने उसका शव फंदे से लटका होने की सूचना कार्यालय के उच्चाधिकारियों को दी गई। जिसके बाद परिजनों और पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पहुंची पुलिस ने शव फंदे से उतरवाया और पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं परिजनों में इस हादसे के बाद कोहराम मचा हुआ है। बताया गया है कि मृतक दो बच्चों का पिता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। **कहीं जुएं और शराब से तो नहीं जुड़े हादसे के तार..मृतक** के परिजनों



और कुछ कार्यालय कर्मचारियों की माने तो कार्यालय के आसपास जुएं और शराब के पांव पसारे हुए है जिसके दलदल में कुछ कर्मचारी धंसे हुए है। परिजनों के अनुसार अर्जुन भी इसी कारण कर्जे में दबा हुआ था और इस हादसे के बीच यह वजह हो तो बड़ी बात नहीं है। **सीसीटीवी नहीं कर रहे काम..बताया** गया है सिंचाई विभाग कार्यालय के सीसीटीवी लंबे समय से काम नहीं कर रही है। अवर अभियंता मुकेश कुमार के अनुसार उनके द्वारा मामले की जानकारी लिखित में अधिकारियों को दी हुई है। वहीं सीसीटीवी न चलना भी बड़ी लापरवाही है।

### कलियर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई

# होली व रमजान के दूसरे जुमे की नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** होली के त्योहार ओर रमजान के दूसरे जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद शनिवार को कलियर पुलिस ने होली खेली और जमकर एक दूसरे को गुलाल लगाया।

जानकारी के अनुसार होली के त्योहार ओर रमजान के दूसरे जुमे की नमाज एक साथ होने के चलते पुलिस के सामने बड़ी चुनौती थी। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल के मार्गदर्शन में समस्त पुलिसकर्मियों ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैदी से किया अपनी ड्यूटी निभा कर होली का त्योहार और जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराया। शनिवार को कलियर थानाध्यक्ष दिलवर सिंह नेगी ने अपने सहयोगियों के साथ धनौरी चौकी में पूरे जोश के साथ होली का जश्न मनाया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलकर बधाई दी।एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने भी पुलिसकर्मियों के साथ होली का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया।इस दौरान कलियर थानाध्यक्ष समेत अन्य सभी ने भी एसपी देहात के साथ होली खेली। जिसकी तैयारियां पहले से शुरू हो गई थीं। रंगों और



पानी की बौछार के बीच जवानों और अधिकारियों ने होली के गीतों पर जमकर डांस किया।इस बीच सभी अधिकारी और पुलिसकर्मी होली के रंगो में सराबोर नजर आए।इस दौरान ईमलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार, धनौरी चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज, एसआई मनोज रावत,एसआई विरेन्द्र सिंह नेगी,राम अवतार,अश्वनी यादव,सोनू चौधरी, विक्रम चौहान, सुनील चौहान, तेजपाल, रविद्र बालियान, प्रकाश मनराल,बी आर वर्मा,जितेंद्र सिंह,नीरज राणा,बलवीर चौहान समेत थाने का समस्त स्टाफ उपस्थित रह।



# गाजा में लाखों लोग भूखमरी की कगार पर

## 63000 टन खाद्य सामग्री गाजा सहायता नाकाबंदी हटाने की प्रतीक्षा में: यूएन

संयुक्त राष्ट्र, वार्ता

**संयुक्त राष्ट्र** के मानवीय कार्यकर्ताओं ने कहा कि गाजा सहायता नाकाबंदी समाप्त होने तक 63,000 मीट्रिक टन खाद्य सामग्री प्रतीक्षा कर रहा है, जो 11 लाख लोगों के लिए दो से तीन महीने तक पर्याप्त होगा।

मानवीय मामलों के समन्वय हेतु संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि 12 दिनों की सहायता अवरोध से राहत कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। ओसीएचए ने कहा कि इसका मतलब यह है कि मानवीय और वाणिज्यिक आपूर्ति के लिए सभी सीमा बिंदुओं के बंद होने के कारण विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) गाजा में कोई भी खाद्य आपूर्ति नहीं पहुंचा पाया है। डब्ल्यूएफपी के पास गाजा के लिए लगभग 63,000 मीट्रिक टन खाद्य सामग्री है, जो क्षेत्र में संग्रहीत या मार्ग में है। डब्ल्यूएफपी ने कहा कि उसके पास सक्रिय बेकरियों और सामुदायिक रसोई को एक महीने तक चलाने के लिए पर्याप्त स्टॉक है, तथा वह दो सप्ताह तक पांच लाख से अधिक लोगों को तैयार भोजन भी उपलब्ध करा सकता है। हालांकि, युद्ध विराम से पहले, डब्ल्यूएफपी ने खाने के लिए तैयार खाद्य पैकेटों की मात्रा कम कर दी थी, जिससे परिवार अपनी आपूर्ति बढ़ा सकें और अधिक लोगों को भोजन उपलब्ध करा सकें। यहां सिर्फ भोजन की कमी नहीं है।

ईंधन की कमी से गाजा में वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है और पहली बचाव प्रतिक्रिया में देरी हो रही है। ओसीएचए ने कहा कि गाजा के अस्पतालों में जीवन रक्षक ऑपरेशनों को जारी रखने के लिए ऑक्सीजन की आपूर्ति और विद्युत जनरेटर की भी अत्यंत आवश्यकता है। स्वास्थ्य केंद्रों के लिए कम से कम दो दर्जन अतिरिक्त जनरेटर की कमी है, क्योंकि उपयोग में आने वाले जनरेटर को रखरखाव और स्पेयर पार्ट्स की आवश्यकता है। वेस्ट बैंक में, मानवीय कार्यालय ने चेतावनी दिया है कि क्षेत्र के कुछ इलाकों में प्रवासियों की हिंसा बढ़ रही है, जिससे जनहानि हो रही है, संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है तथा समुदायों के विस्थापन का खतरा बढ़ रहा है। पिछले दो वर्षों में, ओसीएचए ने वेस्ट बैंक में 2,000 से अधिक फलस्तीनियों के विस्थापन का दस्तावेजीकरण किया है, जो कि बढ़ती हुई हिंसा और पहुंच प्रतिबंधों के कारण हुआ है। उत्तरी वेस्ट बैंक में, इज़रायली सैन्य अभियान अपने आठवें सप्ताह में प्रवेश कर गया है। कार्यालय ने कहा कि लोगों का विस्थापन जारी है और पिछले सप्ताह इजरायली सेना ने पूर्वी येरुशलम सहित वेस्ट बैंक पर कम से कम 10 मस्जिदों में छापेमारी की। ओसीएचए ने कहा कि सोमवार से जेनिन शहर में अभियान तेज हो गए हैं, नगरपालिका के अनुसार शहर के पूर्वी हिस्से में तीन पड़ोसों से 500 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र और उसके साझेदारों ने चेतावनी दि- है कि खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है, क्योंकि इजरायली सेना द्वारा अभियान, विस्थापन और आवागमन प्रतिबंधों के कारण भोजन तक पहुंच सीमित हो गई है। इसके अलावा, ओसीएचए ने कहा कि पिछले डेढ़ सप्ताह में वेस्ट बैंक में फ़लस्तीनी स्वामित्व वाली संरचनाओं के विध्वंस में तीव्र वृद्धि हुई है। इस वर्ष रमज़ान के पहले 10 दिनों में ध्वस्त की गई संरचनाओं की संख्या 2024 में पूरे रमज़ान में कुल संख्या से ज़्यादा है।

# फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन में शामिल भारतीय छात्रा का वीजा रद्द

**रद्द वाशिंगटन।** अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों का हिस्सा रही एक भारतीय छात्रा का ट्रम्प प्रशासन ने 'हिंसा और आतंकवाद की वकालत' करने के लिए वीजा रद्द कर दिया। होमलैंड सुरक्षा विभाग ने कहा कि छात्रा 11 मार्च को स्वदेश लौट गई। कोलंबिया विश्वविद्यालय में शहरी नियोजन में डॉक्टरेट की भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन एफ-1 छात्र वीजा पर अमेरिका में रह रही थी। छात्रा श्रीनिवासन हमास आतंकवादी संगठन का समर्थन करने वाली गतिविधियों में लिप्त थी। इसी के मद्देनजर इस साल पांच मार्च को विदेश विभाग ने उसका वीजा रद्द कर दिया। होमलैंड सुरक्षा विभाग ने कहा उसने 11 मार्च को स्व-निर्वासन के लिए सीबीपी होम ऐप का उपयोग करने का छात्रा का वीडियो फुटेज प्राप्त किया है। होमलैंड सिक्योरिटी सचिव क्रिस्टी नोएम ने घोषणा की कि कोलंबिया की एक छात्रा जिसका छात्र वीजा हिंसा और आतंकवाद की वकालत करने के कारण रद्द कर दिया गया था, उसने सीबीपी होम ऐप का उपयोग करके अमेरिका छोड़ दिया है। वेस्ट बैंक की एक अन्य छात्रा लेका कोर्डिया को आईसीई एचएसआई नेवार्क के अधिकारियों ने उसके समाप्त हो चुके एफ-1 छात्र वीजा की अवधि से अधिक समय तक रहने के कारण गिरफ्तार किया। जो फलस्तीनी की रहने वाली है। इससे पहले 26 जनवरी, 2022 को उसकी उपस्थिति कम होने के कारण उसका वीजा समाप्त हो गया था।

# धार्मिक भेदभाव, सभी धर्मों पर असर डालता है

**यूएन में इस्लामोफोबिया के खिलाफ प्रस्ताव को भारत का समर्थन**

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने कहा है कि धार्मिक भेदभाव एक बड़ी चुनौती है और इसका असर सभी धार्मिक आस्थाओं पर पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र में इस्लामोफोबिया के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश किया गया था। इसी प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भारत के संयुक्त राष्ट्र में स्थाई प्रतिनिधि पी हरीश ने ये बात कही। भारत ने प्रस्ताव का समर्थन किया, लेकिन कहा कि धार्मिक भेदभाव न सिर्फ इस्लाम के खिलाफ बल्कि किसी भी धर्म के खिलाफ गलत है। पी हरीश ने कहा कि श्भारत विविधता और बहुलवाद की धरती रही है, जहां दुनिया के हर बड़े धर्म के मानने वाले लोग रहते हैं।

भारत दुनिया के चार बड़े धर्मों की जन्मस्थली रहा है, जिनमें सनातन धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म शामिल हैं। भारत में करीब 20 करोड़ मुसलमान रहते हैं और यह दुनिया में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि हम मुस्लिमों के खिलाफ धार्मिक भेदभाव की निंदा करते हैं और इस मामले में संयुक्त राष्ट्र के देशों के साथ हैं, लेकिन यह भी मानना जरूरी है कि धार्मिक भेदभाव एक बड़ी चुनौती है और यह दुनिया में सभी धर्म के मानने वाले लोगों को प्रभावित करता है। पी हरीश ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारत में होली और रमजान एक साथ मनाए जा रहे हैं और उन्होंने दोनों त्योहारों की शुभकामनाएं भी दीं। पी हरीश ने कहा कि श्भारत ने पूजा स्थलों पर हमले की घटनाओं पर भी चिंता जाहिर की और कहा कि इनसे तभी बचा जा सकता है जब सभी सदस्य देश सभी धर्मों को समान रूप से सम्मान दें और विभिन्न धर्म के लोगों के बीच भेदभाव न करें।

साथ ही शिक्षा व्यवस्था में भी रूढ़िवादिता और कट्टरपंथ को भी जगह न दी जाए। गौरतलब है कि इस्लामिक देशों के समूह ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कॉपरेशन ने इस्लामोफोबिया के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया। जिसमें इस्लामोफोबिया से लड़ने की दिशा में 15 मार्च को 'इस्लमोफोबिया से लड़ने का अंतर्राष्ट्रीय दिवस' मनाने की मांग की गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि आतंकवाद और कट्टरपंथ को किसी भी धर्म, राष्ट्रीयता या जातीय समूह के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

# अमेरिका 43 देशों पर नया प्रतिबंध लगाएगा!

## अफगान, ईरान और सीरिया से वीजा आवेदनों की प्रक्रिया को रोकना भी शामिल

वाशिंगटन, वार्ता

**पाकिस्तान सहित कई देशों के लिए अप्रवासी/पर्यटक वीजा पर प्रवेश से भी इनकार**

**अमेरिकी सीनेट की शटडाउन पहले छह महीने के वित्त पोषण विधेयक को मंजूरी**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने 43 देशों के खिलाफ नए यात्रा प्रतिबंधों पर विचार करना शुरू कर दिया है, जिसमें अफगानिस्तान, ईरान और सीरिया से वीजा आवेदनों की प्रक्रिया को रोकना भी शामिल हो सकता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अमेरिकी कूटनीतिक और सुरक्षा अधिकारियों ने तीन श्रेणियों के लिए विभिन्न यात्रा प्रतिबंधों के साथ लक्षित देशों की सूची तैयार की है। नई योजना के तहत, अफगानिस्तान, क्यूबा, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सीरिया, वेनेजुएला और यमन सहित 11 देशों के खिलाफ प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया गया है। इस बीच बेलारूस, इरिट्रिया, हैती, लाओस, म्यांमार और पाकिस्तान सहित देशों के नागरिकों के लिए अप्रवासी या पर्यटक वीजा पर प्रवेश से इनकार पर भी विचार किया जा रहा है। इस नई नीति के तहत अंगोला, बेनिन या कंबोडिया जैसे देशों के यात्री प्रभावित होंगे यदि उनकी सरकार 60 दिनों के भीतर अमेरिकी पक्ष द्वारा कमी बताई गई प्रथाओं में सुधार करने में विफल रहती है। रिपोर्ट के अनुसार, विदेश विभाग ने इसके लिए कई सप्ताह पहले सूची तैयार कर ली है। इसमें व्हाइट हाउस में भेजने से पहले इसमें बदलाव किए जाने की संभावना है। गौरतलब है कि ट्रम्प ने 20 जनवरी को कार्यालय में आने के बाद एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें राज्य विभाग को 60 दिनों के भीतर ऐसे देशों की सूची तैयार करने की आवश्यकता होती है जिनके लिए वेटिंग और स्क्रीनिंग की जानकारी इतनी अपर्याप्त है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में उनके नागरिकों के प्रवेश पर आंशिक या पूर्ण निलंबन की आवश्यकता हो सकती है। वहीं अमेरिकी सीनेट ने एक अस्थाई विधेयक को मंजूरी प्रदान की, जो मौजूदा फंडिंग समाप्त होने से कुछ घंटे पहले सितम्बर तक सरकारी फंडिंग को मौजूदा स्तर पर बनाए रखेगा, जिससे शटडाउन होने की स्थिति टल जाएगी। उच्च सदन ने इसे 54-46 वोटों से पारित किया, जिसे प्रतिनिधि सभा ने पहले ही मंगलवार को मंजूरी दे चुकी थी। निचले सदन ने 217-213 मत दिए, जिसमें वोट मुख्य रूप से पार्टी लाइन के अनुसार विभाजित थे। यह विधेयक कानून बनने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पास भेजा जाएगा।

सीनेट के अल्पसंख्यक नेता चक शूमर, न्यूयॉर्क के डेमोक्रेट, ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि डेमोक्रेट्स रिपब्लिकन-नियंत्रित सदन द्वारा पारित अस्थाई सरकारी वित्त पोषण विधेयक का विरा. ेध करेंगे, क्योंकि इ स म ें डेमोक्रेट्स का बहुत कम योगदान है, लेकिन बाद में उन्होंने अपना रुख बदलते हुए कहा कि वह इसके लिए वोट देंगे। शूमर ने तर्क किया कि शटडाउन के बहुत खराब परिणाम होंगे। अंतिम बार दिसम्बर 2024 में अमे. रिकी सदन ने एक अल्पकालिक व्यय विधेयक पारित किया था, जब कुछ ही घंटों बाद संघीय सरकार के वित्त पोषण का समय समाप्त होने वाला था। सीनेट ने मध्यरात्रि की समय सीमा के तुरंत बाद विधेयक को मंजूरी दी। इस विधेयक ने संघीय सरकार को 14 मार्च तक वर्तमान व्यय स्तर बनाए रखने की अनुमति प्रदान की थी।



## वाशिंगटन हवाई अड्डे के पास हेलीकॉप्टर यातायात पर स्थायी प्रतिबंध जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने कहा कि वह राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की सिफारिशों के बाद रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास गैर-आवश्यक हेलीकॉप्टर संचालन पर स्थाई प्रतिबंध लगा रहा है और हेलीकॉप्टर और यात्री जेट मिश्रित यातायात को समाप्त कर रहा है। एफएए के नवीनतम नियम 29 जनवरी को हवाई अड्डे के निकट ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और यात्री जेट के बीच हुई घातक टक्कर के एक महीने बाद आए हैं, जिसमें 67 लोग मारे गए थे। एफएए ने एक बयान में कहा कि एफएए रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीसीए) के आसपास सुरक्षा में सुधार के लिए कई कदम उठा रहा है, जो एनटीएसबी की सिफारिशों का पालन करता है। इसने कहा कि एफएए रूट-4 को स्थाई रूप से बंद कर रहा है जो एक प्रमुख हेलीकॉप्टर मार्ग है, तथा जांच का नेतृत्व कर रहे एनटीएसबी की सिफारिश के अनुसार वैकल्पिक हेलीकॉप्टर मार्गों का मूल्यांकन कर रहा है। एफएए ने रनवे 15/33 और 4/22 के एक साथ उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है जब तत्काल मिशन के लिए हेलीकॉप्टर डीसीए के निकट उड़ान भर रहे हों।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस ने रूसी क्षेत्रों में 126 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा ने शुक्रवार रात छह रूसी क्षेत्रों में 126 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया और उन्हें रोक दिया। यह जानकारी रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में दी। मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पिछली रात, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 126 यूक्रेनी मानवरहित विमानों को नष्ट कर दिया और उन्हें रोक दिया, जिनमें वोल्गोग्राद क्षेत्र में 64 यूएवी, वोरोनिश क्षेत्र में 38, बेलगोरोड क्षेत्र में 14, ब्रांस्क क्षेत्र में सात, रोस्तोव क्षेत्र में दो और कुर्स्क क्षेत्र में एक यूएवी शामिल हैं।

### जापान के टोक्यो में एनएचके पार्टी के नेता ताचिबाना पर हमला

**टोक्यो।** जापानी राजनीतिक समूह के नेता ताकाशी ताचिबाना पर मध्य टोक्यो में चुनाव प्रचार के दौरान हमला हुआ, हालांकि उनकी चोटें जानलेवा नहीं हैं। यह जानक. ारी टोक्यो पुलिस ने शनिवार को दी। मेट्रोपोलिटन पुलिस विभाग के अनुसार स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 5:10 बजे, एनएचके पार्टी के प्रमुख 57 वर्षीय ताचिबाना पर अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के सामने भाषण देने के बाद एक व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया।

### न्यूजीलैंड के पीएम ने नफरत के खिलाफ किया कार्रवाई का आह्वान

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने शनिवार को देशवासियों से वर्ष 2019 क्राइस्टचर्च मस्जिद हमलों के लिए जिम्मेदार ताकतों का सामना करना जारी रखने का आह्वान किया। साथ ही प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनके देश में इस्लामोफोबिया के लिए कोई स्थान नहीं है।

# सभी 214 बंधकों को मार डाला: बलूच आर्मी

## कहा: युद्ध अभी भी जारी, पाकिस्तान सेना की जिद के चलते इतने लोगों की जान गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक करने वाली बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि उसने सभी 214 बंधकों को मार डाला है। आज बीएलए ने एक बयान में कहा कि हमने पाकिस्तानी सेना को बंधकों की अदला-बदली करने के लिए 48 घंटे का समय दिया था, लेकिन पाकिस्तान की जिद के चलते इतने लोगों की जान गई। बीएलए ने कहा कि यह युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ, बल्कि और तेज हो गया है।

अपनी आजादी के लिए लड़ रहे बलूच लड़ाके लगातार हमले कर रहे हैं। पाकिस्तानी सेना अपने सैनिकों के शव नहीं निकाल पा रही है। बीएलए ने कहा कि ऑपरेशन दर्रा-ए-बोलान पूरा होने के बाद हम इसकी डिटेल जानकारी देंगे। बीएलए ने 12 मार्च को जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक किया था। इसके अगले ही दिन यानी 13 मार्च को पाकिस्तानी सेना ने दावा किया था कि ट्रेन हाईजैक संकट खत्म हो गया है। उन्होंने कहा था कि हमने 33 बलूच लड़ाकों को मार गिराया है। इस ऑपरेशन में कुछ बंधक भी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सरकार ने बुधवार (12 मार्च) को प्रोटोकॉल के तहत बलूचिस्तान में 200 ताबूत भेजे थे, ताकि इमरजेंसी के हालात में इनका इस्तेमाल किया जा सके। बलूच आर्मी बोली- हमारे लड़ाकों को मारा नहीं गया, उन्होंने खुद शहादत चुनी। बीएलए ने कहा कि हमारे लड़ाकों ने खुद शहादत चुनी, लेकिन अब पाकिस्तानी सेना हमारे फिदाईन लड़ाकों के शवों को अपनी सफलता के तौर पर पेश करने की कोशिश कर रही है। जबकि हमारे लड़ाकों का असली मिशन आखिरी दम तक लड़ना था, वापस लौटना नहीं। बलूच सेना ने कहा कि हमने हमेशा युद्ध और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक काम किया है, लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने अपने सैनिकों को बचाने के बजाय उन्हें युद्ध के ईंधन के तौर पर इस्तेमाल किया है। पाकिस्तानी सेना अपनी सभी सैन्य और खुफिया क्षमताओं के बावजूद बंधकों को छुड़ाने में विफल रही। पाकिस्तान ने इस ट्रेन हाईजैक में भारत का हाथ होने के आरोप लगाया था। पाकिस्तान के आरोपों को भारत ने खारिज कर दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि दुनिया जानती है कि आतंकवाद का केंद्र कहां है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा: हम पाकिस्तान के किसी भी आरोप का खंडन करते हैं।

पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान ग्लोबल टेररिज्म का केंद्र है। पाकिस्तान अपनी अंदरूनी समस्याओं और नाकामियों के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराता रहता है। इससे बेहतर होगा कि वह खुद को देखे। इससे पहले पाकिस्तानी फॉरेन ऑफिस ने ये दावा भी किया था कि बलूच लड़ाके हाईजैक के दौरान अफगानिस्तान में मौजूद अपने सरगनाओं के संपर्क में थे, उन्हें वहां से ऑर्डर मिल रहे थे। हालांकि, अफगान सरकार ने इस दावे को नकार दिया है। बलूचिस्तान के बोलान जिले में हुआ हमला जाफर एक्सप्रेस 11 मार्च की सुबह 9 बजे क्वेटा से पेशावर के लिए चली थी। इसके सिबि पहुंचने का टाइम 1.30 बजे था। इससे पहले ही दोपहर करीब 1 बजे बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में बलूच लिबरेशन आर्मी ने गुडालार और पीरू कुनरी के बीच इस हमले को अंजाम दिया। यह पहाड़ी इलाका है, जहां 17 सुरंगें हैं, इसके चलते ट्रेन को धीमी स्पीड पर चलाना पड़ता है।

**13** मार्च को पाकिस्तानी सेना ने दावा किया था, ट्रेन हाइजैक संकट खत्म हो गया है और यह भी कहा था कि हमने 33 बलूच लड़ाकों को मार गिराया



# अंतरिक्ष में फंसे यात्रियों की वापसी को नया मानवयुक्त मिशन शुरू

**सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को घर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम**

**लॉस एंजेल्स।** नासा और स्पेसएक्स ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए एक नया मानवयुक्त मिशन शुरू किया, जो नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को घर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो पिछले जून से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं।

नासा के लाइव प्रसारण के अनुसार, अंतरिक्ष यान ने फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट के माध्यम से शुक्रवार शाम 7:03 बजे पूर्वी समय पर उड़ान भरी। लगभग ढाई मिनट बाद स्पेसएक्स ने पुष्टि किया कि फाल्कन 9 का पहला चरण अलग हो गया है। पहला चरण बूस्टर लॉन्च पैड के पास लैंडिंग ज़ोन 1 पर उतरा है। अंतरिक्ष यान आई-एस-एस- के लिए रवाना हो चुका है। नासा के अनुसार, अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष स्टेशन पर स्वचालित रूप से डॉक करने में लगभग 28.5 घंटे लगेंगे, जो शनिवार पूर्वी समयानुसार रात 11:30 बजे निर्धारित है। नया मिशन, जिसका कोडनाम क्रू-10 है, नासा के अंतरिक्ष यात्री ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री टाकुया ओनिशी और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री किरिल पेसकोव को आईएसएस ले जाएगा। क्रू-10 के कक्षीय प्रयोगशाला में पहुंचने के बाद, नासा का स्पेसएक्स क्रू-9 मिशन, जिसमें नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग, सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर और रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष यात्री अलेक्सांद्र गोरबुनोव शामिल हैं, पृथ्वी पर वापस लौट आएंगे। विलियम्स और विल्मोर बोइंग के स्टारलाइनर में तकनीकी खराबी के कारण पिछले जून से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं, जो उन्हें आई-एस-एस- तक ले गया था।

# वर्चस्व के संघर्ष में मगरमच्छ ने जान गंवाई

**माउंट आबू।** राजस्थान में हिल स्टेशन माउंट आबू के वन्य जीव अभयारण्य क्षेत्र के ट्रेवर टैंक में आपसी वर्चस्व के संघर्ष में एक मगरमच्छ की मौत हो गई।


क्षेत्रीय वन अधिकारी गजेंद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार सुबह ट्रेवर टैंक के पानी में एक मृत मगरमच्छ की विभाग को सूचना मिली। इस पर वन रक्षकों का दल मौके पर पहुंचा। लंबी मशक्कत के बाद जलाशय के बीच में मगरमच्छ का शव बाहर निकाला। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि इस मगरमच्छ को 15 दिन पहले मिनी नक्की लेक के समीप डेथ वैली के पास वन्य क्षेत्र में विचरण करते पाए जाने पर ट्रेवर टैंक में डाला गया था। किसी अन्य मगरमच्छ से हुए संघर्ष में यह वह बुरी तरह घायल हो गया। दो दिन पूर्व सूचना मिलने पर वन रक्षकों ने इसे टैंक से बाहर निकाला। इसका उपचार किया जा रहा था, लेकिन शुक्रवार को मगरमच्छ ने दम तोड़ दिया। पशु चिकित्सक डॉ. अमित चौधरी के नेतृत्व में डॉ. जगदेव सिंह, डॉ. देवजी फूला सांवलिया के बोर्ड ने मृत मगरमच्छ का अंत्य परीक्षण किया। करीब 40 वर्ष के सात फुट छह इंच लंबे नर मगरमच्छ के दांत, नाखून, पंजे सभी सुरक्षित पाए गए। डॉ. चौधरी ने बताया कि मृत मगरमच्छ के गले सहित शरीर के कई हिस्सों पर गहरे घाव थे।

# इराक, सीरिया ने संबंधों आतंकवाद विरोधी सहयोग पर की चर्चा

**बगदाद।** इराकी नेताओं ने बगदाद में सीरिया के विदेश मामलों के प्रमुख असद अल-शैबानी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर चर्चा की। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इराकी प्रधानमंत्री ने सीरियाई जनता की इच्छा का सम्मान करने में इराक के दृढ़ और सतत रुख की पुष्टि की तथा एक समावेशी राजनीतिक प्रक्रिया की आवश्यकता पर बल दिया, जो सीरिया की विविधता और सामाजिक एकता की रक्षा कर सके। उन्होंने सीरिया की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के लिए इराक के समर्थन को भी दोहराया।

# जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश, तापमान में भारी गिरावट दर्ज हुई

## घाटी के ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी, कुपवाड़ा के कुछ इलाके में स्कूल बंद किए



**मौसम विभाग श्रीनगर ने अगले 24 घंटों में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी होने का अनुमान लगया**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बारिश हुई, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई और ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई। कश्मीर में चार दिन पहले शुरू हुई बारिश शुक्रवार रात को तेज हो गई, जिससे क्षेत्र के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई और दक्षिण कश्मीर के कुछ इलाकों में बर्फबारी हुई।

मौसम विभाग श्रीनगर ने अगले 24 घंटों में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी होने का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग ने कहा कि पिछले 24 घंटों में जम्मू-कश्मीर के विभिन्न जिलों में बारिश हुई, जिसमें दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड में सबसे अधिक 47.4 मिमी, इसके बाद पहलगाम में 35.4 मिमी, कोनीबल में 34 मिमी और कोकरनाग में 28.6 मिमी और श्रीनगर शहर में 18.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा कि पहलगाम में 14 सेमी ताजा बर्फबारी हुई, जबकि प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में 13.7 सेमी तक बर्फबारी हुई। अधिकारियों ने कहा कि खराब मौसम के कारण कुपवाड़ा जिले के अग्रिम इलाकों के स्कूलों को 17 मार्च तक बंद कर दिया गया है। कुपवाड़ा के उपायुक्त ने कहा कि लगातार बारिश/बर्फबारी को देखते हुए कुपवाड़ा जिला प्रशासन ने माछिल, केरन, बुदनम्बल, कुमकडी, जुमागुंड और करनाह के ऊपरी इलाकों में सभी स्कूलों को 17 मार्च तक बंद करने का निर्णय लिया है। जम्मू संभाग में भी भारी बारिश हुई। पिछले 24 घंटों में इस क्षेत्र में सबसे अधिक बनिहाल में 43.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि गुलमर्ग में तापमान -1.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

# अलग-अलग रोल वाली फिल्मों में काम कर रही हैं शनाया



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बैक-टू-बैक अलग-अलग जॉनर की फिल्मों में काम कर रही हैं। शनाया कपूर अपनी पहचान बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। फिल्म तू या मैं में अपनी पहली झलक की रिलीज़ के बाद से ही शनाया अपनी आत्मविश्वास भरी स्क्रीन प्रेजेंस के लिए लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। बेजॉय नांबियार निर्देशित और कलर एलो बैनर के तहत निर्मित तू या मैं में शनाया और आदर्श गौरव नज़र आएंगे, जिसने सभी को चौंका दिया है। झलक को लेकर शुरुआती प्रतिक्रियाएं सकारात्मक रही हैं। शनाया ने अपनी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें वह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विक्रांत मैसी के साथ काम कर रही हैं। संतोष सिंह निर्देशित यह फिल्म रस्किन बॉन्ड की सबसे पसंदीदा लघु कहानियों में से एक से प्रेरित एक मार्मिक प्रेम कहानी है। शनाया ने अपनी तीसरी परियोजना भी शुरू कर दी है। वर्तमान में जेसी शीर्षक वाली इस फिल्म का निर्देशन शुजात सौदागर कर रहे हैं और इसमें शनाया के साथ अभय वर्मा हैं। गोवा में सेट एक रोमांटिक कॉमेडी, इस परियोजना की पुष्टि हाल ही में निर्देशक की इंस्टाग्राम स्टोरी के माध्यम से की गई थी, जिसमें दोनों मुख्य अभिनेताओं के क्लैपबोर्ड और टैग दिखाए गए थे। शनाया ने अभी-अभी अपनी पहली फिल्म पूरी की है। वह पहले से ही अपनी अगली परियोजना में जुट गई हैं, अब एक महीने के लिए गोवा में हैं, अभय वर्मा के साथ शूटिंग शुरू कर रही हैं। यह उनके लिए साल की एक पावर-पैक शुरुआत रही है-बैक-टू-बैक शूटिंग और गहन तैयारी। इस भूमिका के लिए, उन्होंने कई सप्ताह कार्यशालाओं में बिताए और किरदार में ढलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। थ्रिलर से लेकर रोमांटिक-कॉमेडी तक की तीन फिल्मों के साथ, शनाया कपूर स्पष्ट रूप से एक बहुमुखी और पोर्टफोलियो बना रही हैं।

# शर्मीलेपन को दूर करने के लिए विदेश खिसक गए थे सनी



**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का लोकप्रिय सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल 15 इस हफ्ते सनी देओल के सम्मान में एक खास एपिसोड लेकर आ रहा है। आगामी फिल्म जाट की स्टारकास्ट इस शो में शिरकत करेगी, जिसमें सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार मंच की रौनक बढ़ाएंगे। इस खास मौके पर आइडल का आशीर्वाद फेस रागिनी, सनी देओल की डेब्यू फिल्म बेताब के मशहूर गाने जब हम जवां होंगे की सुरीली प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर देंगी। सनी देओल ने कहा कि रागिनी ने मुझे उस वक्त वापस पहुंचा दिया जब हमने यह गाना शूट किया था। इस गाने को पूरा करने में हमें कई दिन लगे, क्योंकि मौसम बार-बार बदल रहा था, और हमें सही परिस्थितियों का इंतजार करना पड़ा था, लेकिन इस फिल्म की शूटिंग किसी पिकनिक से कम नहीं थी, हमने खूब मस्ती की। यह मेरी सबसे पसंदीदा और मजेदार फिल्मों में से एक थी। कोई टेंशन नहीं, कोई ओवरथिंकिंग नहीं। बस फन ही फन। जिस तरह से तुमने यह गाना गाया, मैं सचमुच उस दौर में लौट गया। मुझे यह भी याद आ गया कि इस फिल्म में सोनू निगम जी ने मेरे बचपन का किरदार निभाया था। इसके बाद बादशाह ने सनी देओल से पूछा, आपको कब एहसास हुआ कि आपको फिल्मों में आना है? क्या यह बचपन से ही आपका सपना था? सनी देओल ने जवाब दिया, बचपन में मैं इन सबसे काफी दूर था, लेकिन जैसा कहते हैं, यह सब जीन्स में होता है। कहीं न कहीं मेरे अंदर यह जुनून पहले से था।

## सलमान की फिल्म सिकंदर की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो चुकी है। हाल ही में, सलमान ने मुंबई में फिल्म सिकंदर की अंतिम शूटिंग पूरी की, जिसमें उनके साथ रश्मिका मंदाना, निर्देशक ए.आर मुरुगदॉस और निर्माता साजिद नाडियाडवाला भी मौजूद थे।शूटिंग के बाद सलमान खान ने अपने लुक में एक बड़ा बदलाव किया।उन्होंने अपनी दाढ़ी साफ कर ली, जो उन्होंने फिल्म के किरदार के लिए बढ़ाई थी।

# 32 की हुई आलिया



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट आज 32 वर्ष की हो गई। आलिया भट्ट का जन्म 15 मार्च 1993 को हुआ था। उनके पिता महेश भट्ट फिल्म निर्माता-निर्देशक हैं, वहीं उनकी मां सोनी राजदान अभिनेत्री हैं। आलिया ने अपने सिने करियर की शुरूआत बतौर बाल कलाकार वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म संघर्ष से की थी। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेत्री प्रीति जिंटा के बचपन का रोल निभाया था। बतौर अभिनेत्री आलिया ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 2012 में प्रदर्शित करण जौहर निर्मित फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से की थी। इस फिल्म से ही आलिया ने दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली थी। इस फिल्म में आलिया भट्ट के अलावा वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने भी बतौर मुख्य अभिनेता डेब्यू किया था। इसके बाद आलिया ने इम्तियाज अली की फिल्म हाईवे (2014) में काम किया, जिसमें उनके अभिनय को बेहद पसंद किया गया। इस फिल्म में उन्होंने एक अपहृत लड़की की भूमिका निभाई थी। आलिया ने साबित कर दिया कि वे सिर्फ एक ग्लैमरस अभिनेत्री नहीं बल्कि एक दमदार कलाकार भी हैं। इसके बाद आलिया ने कई शानदार फिल्मों में काम किया और खुद को बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शामिल कर लिया। वर्ष 2016 में आलिया भट्ट ने उड़ता पंजाब, कपूर एंड संस और डियर जिंदगी में काम किया। उड़ता पंजाब के लिए आलिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।

# रश्मिका ने किया जमकर संघर्ष



**मुंबई।** पैन इंडिया स्टार रश्मिका मंदाना ने किरिक पार्टी से डेब्यू के बाद डबल शिफ्ट्स, स्क्रीन टेस्ट और रिजेक्शन झेले, लेकिन हार नहीं मानी। पुष्पा की सफलता ने उन्हें हर घर में पहचान दिलाई। अब अपनी पहली सोलो फिल्म श्द गर्लफ्रेंड को लेकर उत्साहित रश्मिका ने खास बातचीत में अपने संघर्ष, स्टारडम और नए प्रोजेक्ट पर खुलकर बात की। कई बार शरीर ने जवाब दे दिया, लेकिन फिर भी सेट पर जाना पड़ा बहुत मुश्किल दौर था। ऐसा लगता था कि मैं पूरी ताकत से भाग रही हूं, लेकिन मंजिल नजर ही नहीं आ रही। दिन-रात मेहनत कर रही थी -डबल शिफ्ट्स, डायलॉग कोचिंग, स्क्रीन टेस्ट, रिजेक्शन। कई बार ऐसा हुआ कि शरीर ने जवाब दे दिया, लेकिन फिर भी सेट पर जाना पड़ा। हाथ जल जाते, कभी पेट दर्द से परेशान होती, फिर भी खुद को संभालना पड़ता। पर यही वो समय था जब मैंने खुद से वादा किया कि यह संघर्ष कभी बेकार नहीं जाएगा। जब भी निराश होती थी, खुद से कहती थी - अच्छे दिन आएंगे, बस चलते रहो। यही सोच मेरी सबसे बड़ी ताकत बनी। मैं कभी पूरी तरह संतुष्ट नहीं होती। हर फिल्म के बाद सोचती हूं, अब इससे बेहतर क्या कर सकती हूं? जब पुष्पा की, तब लगा कि यह बेस्ट है, लेकिन अब सोचती हूं कि इससे आगे क्या? मैं अपनी सबसे बड़ी कॉम्पटीटर खुद हूं। मैं यह नहीं चाहती कि लोग मुझे किसी और से कंपेयर करें। मेरा फोकस हमेशा खुद को बेहतर बनाने पर रहता है। मेरे लिए स्टारडम से ज्यादा जरूरी यह है कि लोग मुझसे कनेक्ट महसूस करें। जब लोग आपकी सच्चाई से प्यार करने लगते हैं, तो सफलता

> **कई बार शरीर ने जवाब दे दिया, लेकिन फिर भी सेट पर जाना पड़ा बहुत मुश्किल दौर था। ऐसा लगता था कि मैं पूरी ताकत से भाग रही हूं, लेकिन मंजिल नजर ही नहीं आ रही। दिन-रात मेहनत कर रही थी -डबल कार्य, डायलॉग कोचिंग, स्क्रीन टेस्ट, रिजेक्शन।**

और असफलता मायने नहीं रखती। जब दिल्ली, पटना, मुंबई जैसे शहरों के लोग मुझे अपनाते हैं, तो यह मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि लगती है। मैं बस पलभर का स्टारडम नहीं चाहती, बल्कि ऐसा प्यार चाहती हूं जो लंबे समय तक बना रहे। जैसे कहते हैं न, घर की बेटी, मैं चाहती हूं कि लोग मुझे उसी तरह से अपनाएं। मैं लोगों के दिलों का हिस्सा बनना चाहती हूं। उनकी बातचीत में रहना चाहती हूं। यही वजह है कि मैं हर फिल्म में अपनी पूरी जान लगा देती हूं। अब जब लोग इतना प्यार देते हैं, तो लगता है कि मेरी मेहनत सही दिशा में जा रही है। इन सालों में मैंने बहुत कुछ सीखा और खुद को काफी इवॉल्व किया है। शुरुआती दिनों में मैं परफॉर्म तो कर रही थी, लेकिन खुद पर उतना भरोसा नहीं था। लोग कहते थे कि मैं स्क्रीन पर अच्छी लगती हूं, लेकिन मैं खुद अपने काम से संतुष्ट नहीं थी। आज मुझे पता है कि जब मैं स्क्रीन पर आती हूं, तो लोग मुझ पर फोकस करते हैं। मेरे काम में अब एक आत्मविश्वास है, जो पहले नहीं था। यह मेरे लिए सबसे बड़ा बदलाव है और इसी पर मुझे गर्व भी है।

## स्टार प्लस के रंगीन सेलिब्रेशन का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं गौरव

**मुंबई।** स्टार प्लस ने अलग व दिलचस्प कहानियों से हमेशा दर्शकों का दिल जीता है। इसी लिस्ट में सबसे पॉपुलर शो है अनुपमा, जिसने लगातार टीआरपी चार्ट्स पर राज किया है। अनुपमा के इस शानदार सफर में गौरव खन्ना का नाम खास है, जिन्होंने अनुज कपाड़िया के किरदार से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। इस साल गौरव खन्ना एक नए रोल में नजर आने वाले हैं। वह एपिसोड को होस्ट करेंगे।

कोई तो बात है जूम इंस्टीट्यूट में
जो यू.पी. बोर्ड के छात्रों को भी नीट मैडिकल/पी.एम.टी. में अच्छी रैंक से चयनित करा देते है।
9th-12th CBSE/UP Board (सारे विषय एक जगह पर)
NEET-PMT/JEE-IIT/CUET
नये बैच प्रारम्भ क्रैश कोर्स
Huma Jahan — Meerut Med. Coll. Moh. Devidas Madrsa Faizal Kuran, Khatauli
Mohd. Tabish — KGMU, AMU Selected (Std. of Shishu Niketan) Nirana Jansath Rd. MZN
Amir Khan — AFMC, Pune, AMU Sel. S/o Sh. Abrar Ahmed V & P Biswa, Modinagar
Anas Khan — Govt. Med. Coll (Std. of UP Board) Khatauli
Mohd. Asif — Muzaffarpur G.M.C. Sardhana Distt. Meerut
Mohd. Ahmed — KGMC, Lucknow S/o Atiqurrehman Islamabad Sardhana
Sana Praveen — KGMC Lucknow D/o Dr. Mehboob Hasan 407, S. Khalapar, MZN
Ashba Tyagi — D/o Tahir Tyagi 1073 Laddhawala, MZN. Std. of Ajmat Girls
Farman — G.M.C. Saharanpur S/o Nazar Mohd. Vill. Katka, Jansath
Sayma Praveen — Govt. Med. Coll.Noida D/o Mohd. Yameen 1013, Mahmood Nagar MZN
ZOOM INSTITUTE
Best Institute In Your City Since 2004
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
150, शिवपुरी, उत्तरी भोपा रोड
मु0नगर, 9368787704, 9837935900

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर.
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

## जॉब अलर्ट

NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

### आवश्यकता है।

पद : महिला रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:** हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**
- मुगलाई, कश्वन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।

**योग्यताएँ:**
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।

**कार्य समय:**
- **समय:** सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:** सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ:**
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।

**योग्यताएँ:**
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक

**नौकरी का विवरण:**
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।

**प्रमुख जिम्मेदारियाँ :**
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।

**योग्यताएँ:**
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।

**कैसे आवेदन करें:**
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com